आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 22°C |

इनसाइड न्यूज

बच्चों से जुड़ी बीमारियों को नजदीक से देखा, आज एडवांस पीडियाट्रिक...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

बुधवार 23 अक्टूबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 13 www.janexpresslive.com/epaper



प्रियंका गांधी के रोड शो में दिखेगा... 12

## इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया सहित 30 फ्लाइट्स को मिली

# बम से उड़ाने की धमकी

- 8 दिन में 120 से ज्यादा विमानों को धमकियां, सरकार बोली, सख्त कानून लाएंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

30 विमानों को एक बार फिर सोमवार देर रात बम से उड़ाने की धमकी मिली है। न्यूज एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, इनमें इंडिगो, विस्तारा और एअर इंडिया की डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स शामिल हैं। पिछले 8 दिन में अब तक 120 से ज्यादा विमानों को बम हमले की धमकी मिल चुकी है। इंडिगो के प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि सोमवार को उसकी चार उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिले। इनमें मंगलुरु से मुंबई आ रही 6ई164 फ्लाइट, अहमदाबाद से जेद्दा जा रही 6ई 75 फ्लाइट, हैदराबाद से जेद्दा जा रही 6ई67 फ्लाइट और लखनऊ से पुणे आ रही 6ई 118 शामिल हैं। विस्तारा और एयर इंडिया के प्रवक्ताओं ने मंगलवार को पुष्टि की कि सोमवार को कुछ उड़ानों को सोशल मीडिया पर सुरक्षा संबंधी धमकी मिली थी। हमने संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी दी और सभी प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन किया गया। सिविल एविएशन मंत्री राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा था कि धमकियां भले ही फर्जी हैं, लेकिन हम इन्हें हल्के में नहीं ले सकते। हम इसके खिलाफ सख्त कानून लाएंगे।



### धमकियों को लेकर केंद्र सरकार के 4 एक्शन

- **एयर मार्शल की संख्या दोगुनी:** केंद्र सरकार ने 16 अक्टूबर को फ्लाइट्स में एयर मार्शलों की संख्या दोगुनी करने का फैसला किया। इसी दिन गृह मंत्रालय ने फर्जी धमकियों को लेकर एविएशन मिनिस्ट्री से रिपोर्ट मांगी। सीआईएसएफ, एनआईए, और आईबी को भी रिपोर्ट देने को कहा गया है।
- **एयरलाइंस के सीईओ के साथ बैठक:** ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने 19 अक्टूबर को सभी एयरलाइंस के सीईओ के साथ बैठक की। इसमें झूठी धमकियों से निपटने को लेकर चर्चा की गई। साथ ही यात्रियों की असुविधा और एयरलाइंस के नुकसान पर भी बात हुई।
- **डीजीसीए प्रमुख को हटाया:** केंद्र ने 19 अक्टूबर को डीजीसीए चीफ विक्रम देव दत्त को पद से हटाते हुए कोयला मंत्रालय में सचिव बना दिया। इस बदलाव को धमकी वाले मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है।
- **मुंबई और कोच्चि से 2 अरेस्ट:** मुंबई पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। दोनों इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी दी थी। वहीं, केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर सोमवार को एक यात्री को बम की धमकी देने के आरोप में हिरासत में लिया।

"चार विमानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिला है। वे 6ई 164 (मंगलुरु से मुंबई), 6ई 75 (अहमदाबाद से जेद्दा), 6ई 67 (हैदराबाद से जेद्दा) और 6ई 118 (लखनऊ से पुणे) हैं। अलर्ट के बाद हमने संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया और मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया गया। इन उड़ानों के यात्री सुरक्षित रूप से उतर गए।
–इंडिगो के एक प्रवक्ता

### फ्लाइट में सुरक्षा संबंधी खतरों से निपटने के लिए जरूरी प्रोटोकॉल

- विमान का क्रू सुरक्षा से जुड़ा खतरा पता चलते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को सूचित करता है।
- एटीसी विमान के चारों ओर का हवाई क्षेत्र क्लियर कराता है।
- अगर क्रू ने कोई जानकारी मांगी है तो एटीसी वह जानकारी उपलब्ध कराएगा।
- विमान को आबादी वाले इलाकों से दूर रखने की जिम्मेदारी भी एटीसी की होती है।
- खतरे की सूचना अगर ग्राउंड स्टाफ को मिलती है तो एक्शन फ्लाइट की लोकेशन पर निर्भर करता है।
- विमान को उड़ान भरे अगर 5 मिनट हुए तो एटीसी क्रू टीम को खतरे के बारे में 5 हजार फीट की ऊंचाई पार करने के बाद ही बताता है।
- विमान जमीन पर है, तो सभी यात्रियों को तुरंत विमान से उतारकर विमान की तलाशी ली जाती है।

### देश के कई सीआरपीएफ स्कूलों को मिली बम की धमकी

देश में सीआरपीएफ द्वारा संचालित कई स्कूलों को बम की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद पुलिस बल अलर्ट पर है और धमकियों की जांच की जा रही है। जिन स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें दो दिल्ली और एक हैदराबाद का स्कूल है। गौरतलब है कि देश में इन दिनों विभिन्न एयरलाइंस भी बम की धमकी मिलने का सिलसिला जारी है। इसके चलते विभिन्न एयरलाइंस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस ने बताया कि ईमेल के जरिए स्कूल प्रबंधन को ये बम की धमकी मिलीं। गौरतलब है कि ये धमकियां दिल्ली के रोहिणी में स्थित सीआरपीएफ स्कूल की दीवार के पास हुए बम विस्फोट के एक दिन बाद मिली है। इस बम विस्फोट में कोई हताहत नहीं हुआ था, लेकिन आसपास की दुकानों और वाहनों को शीशे टूट गए थे। पुलिस इन बम धमकियों की जांच में जुटी है और हाई अलर्ट पर है।

### सख्त कानून लाने की तैयारी

केंद्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा– ऐसी धमकी देने वालों के नाम 'नो फ्लाई लिस्ट' में शामिल किए जा सकते हैं। सरकार विमानन सुरक्षा नियमों और नागरिक विमानन सुरक्षा के विरुद्ध गैरकानूनी कृत्यों का दमन अधिनियम, 1982 में संशोधन की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो इस मुद्दे पर लगातार गृह मंत्रालय के संपर्क में है।

### हफ्तेभर में 200 करोड़ से ज्यादा का नुकसान

विमान में बम होने की सूचना मिलने पर फ्लाइट को अपने निर्धारित एयरपोर्ट के बजाय नजदीकी एयरपोर्ट पर उतारा जाता है। इससे ईंधन की खपत तो ज्यादा होती ही है, विमान की दोबारा जांच करने, यात्रियों को होटलों में ठहराने और उन्हें उनके मंजिल तक पहुंचाने के लिए भी व्यवस्था करनी पड़ती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इन सब पर करीब 3 करोड़ रुपए तक खर्च होते हैं।

### 120 से अधिक विमानों को मिल चुकी है धमकी

पिछले एक सप्ताह में भारतीय विमानन कंपनियों की 120 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा था कि बम की धमकी अफवाह है, लेकिन इन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता। इस बीच, सरकार एयरलाइनों को बम की धमकी से निपटने के लिए विधायी कार्रवाई की योजना बना रही है,

## कजान में रूस–यूक्रेन युद्ध को लेकर बोले पीएम मोदी

# हर समस्या का हल शांति से ही संभव



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मॉस्को

कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि रूस के साथ हमारे ऐतिहासिक संबंध हैं। हमारी गहरी मित्रता है। हमारे संबंध और मजबूत होंगे। पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को ब्रिक्स सम्मेलन को लेकर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर हमारा संपर्क बना हुआ है। हर समस्या का हल शांति से ही हो सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर पीएम ने कहा कि भारत अपने रुख पर कायम है और शांति को लेकर हर संभव सहयोग करेगा। भारत मानवता को प्राथमिकता देने के लिए तैयार है। हम शांति और स्थिरता की बहाली का समर्थन करते हैं। इससे पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि मुझे याद है कि जुलाई में हमारी मुलाकात हुई थी और कई मुद्दों पर हमारी बहुत अच्छी चर्चा हुई थी। हम कई बार टेलीफोन पर भी बात कर चुके हैं। कजान आने का निमंत्रण स्वीकार करने के लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान अन्य नेताओं के साथ मिलकर हमें कुछ बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लेने चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतर सरकारी आयोग की अगली बैठक 12 दिसंबर को नई दिल्ली में होने वाली है। हमारी परियोजनाएं लगातार विकसित हो रही हैं। आपने कजान में भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है। हम इसका स्वागत करते हैं। भारत की नीतियों से हमारे सहयोग को फायदा होगा। हमें आपको और आपके प्रतिनिधिमंडल को रूस में देखकर बहुत खुशी हुई।

"भारत का हर प्रयास मानवता के समर्थन में है। हम जल्द से जल्द शांति की बहाली चाहते हैं। मैंने पुतिन से आंख में आंख मिलाकर कहा था कि ये जंग का समय नहीं है।
–प्रधानमंत्री मोदी

### खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिलना मेरे लिए बहुत खुशी की बात: पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं रूस की मित्रता, गर्मजोशी भरे स्वागत और आतिथ्य के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए कजान जैसे खूबसूरत शहर में आने का अवसर मिलना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। कजान में भारत के नए वाणिज्य दूतावास के खुलने से दोनों देशों के संबंध और मजबूत होंगे। पिछले 3 महीनों में मेरा दो बार रूस आना हमारे करीबी समन्वय और गहरी मित्रता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में ब्रिक्स की सफलता के लिए मैं आपको बधाई देता हूं। 15 वर्षों में ब्रिक्स ने अपनी विशेष पहचान बनाई है और अब विश्व के सफल देश इससे जुड़ना चाहते हैं। मैं ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए उत्सुक हूं।

### मोदी का रूस में लड्डू और ब्रेड नमक से स्वागत



इससे पहले जब मोदी एयरपोर्ट पहुंचे तो उनका स्वागत लड्डू और ब्रेड नमक के साथ किया गया। साथ ही वो यहां प्रवासी भारतीयों से भी मिले। इसके बाद कजान के होटल पहुंचने पर उन्होंने भारतीय पोशाक पहने रूसी कलाकारों का डांस भी देखा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दो दिसंबर से जेल भरो आंदोलन करेंगे माध्यमिक शिक्षक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। माध्यमिक शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन बहाली समेत 18 सूत्रीय मांगों को लेकर लखनऊ स्थित माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो 2 दिसंबर से जेल भरो आंदोलन करेंगे। संगठन के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश में शिक्षकों, कर्मचारियों व अधिकारियों को पुरानी पेंशन देने, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) समाप्त करने, सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्त तदर्थ शिक्षकों की सेवा स्थाई करने, पहले से कार्यरत शिक्षकों को कार्यरत रखते हुए वेतन देने, माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय नीति 2020 के अनुसार छात्र संख्या के अनुसार शिक्षकों के समायोजन आदि मांगों पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है।

### सिद्धार्थ सिंह नव नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति बने

जन एक्सप्रेस। वाराणसी । काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पालि एवं बौद्ध अध्ययन के वरिष्ठ प्रोफेसर सिद्धार्थ सिंह को केन्द्र सरकार ने नव नालंदा महाविहार विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया है। संस्कृति मंत्रालय के तहत आने वाले विश्वविद्यालय का कुलपति बनाए जाने पर प्रो.सिंह को साथी प्रोफेसरों के साथ विभाग के छात्रों ने भी बधाई दी। बीएचयू कला संकाय में पालि और बौद्ध अध्ययन विभाग में वरिष्ठ प्रोफेसर 52 वर्षीय प्रोफेसर सिद्धार्थ सिंह वर्ष 2018 से 2022 तक भारतीय दूतावास, टोक्यो में विवेकानन्द भारतीय सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक रहे। उन्होंने जापान में भारतीय संस्कृति प्रचार-प्रसार में विशेष योगदान दिया। इसके अतिरिक्त वे पालि एवं बौद्ध अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

### सात पाकिस्तानियों को मिली भारतीय नागरिकता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। फरीदाबाद। फरीदाबाद में भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले पाकिस्तान के 7 नागरिकों को जिलाधीश विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिकता प्रदान की। उन्होंने सभी नागरिकों को भारतीय संविधान की अनुपालना की शपथ दिलाते हुए भारत की नागरिकता मिलने की बधाई देते हुए सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। जिलाधीश विक्रम सिंह ने अपने कार्यालय में पाकिस्तान से आए महिला-पुरुष नागरिकों को शपथ दिलाई। इनमें राकेश प्रकाश, बेमला देवी, जीतो लाल, ज्ञान चंद, सीतन बाई, उम्मीद कुमार और हंसराज शामिल रहे। सभी ने हिंदी में भारतीय संविधान की अनुपालना की शपथ ली। उपायुक्त ने नागरिकता मिलने पर सबको बधाई दी। उन्होंने कहा कि भारत का नागरिक होना अत्यधिक गर्व और सम्मान की बात है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है।

### विस उपचुनाव: भाजपा ने पंजाब की तीन, मेघालय की एक सीट पर उतारे उम्मीदवार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने लिस्ट जारी कर पंजाब और मेघालय की चार विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है. बीजेपी ने मेघालय की एक गाम्बेग्रे सीट से पार्टी नेता बर्नार्ड मारक को चुनावी मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने इस सीट से जिंगजांग एम. मराक को टिकट दिया है। पंजाब की डेरा बाबा नानक से सरदार रविकरण कहलों, गिद्दरबाहा से सरदार मनप्रीत बादल और बरनाला सीट पर सरदार केवल सिंह ढिल्लों पर दांव लगाया है।

### माफी एक्सपर्ट बन गए हैं केजरीवाल: भाजपा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक डिग्री के बारे में उनकी टिप्पणी को लेकर गुजरात यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार द्वारा उनके खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले को चुनौती दी थी। इस मामले में केजरीवाल के माफीनामे की खबरों के बीच भाजपा ने उन पर निशाना साधते हुए उन्हें 'माफी एक्सपर्ट' बताया और सुझाव दिया कि उनको अपने व्यवहार में बदलाव लाना चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि केजरीवाल 'माफी एक्सपर्ट' बन गए हैं।

## बॉयलर फटा, 70 मीटर दूर गिरा महिला का सिर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर जिले के खुटहन थाना क्षेत्र के डिहिया गांव में दूध खौलते समय बॉयलर फटने से एक महिला का सिर धड़ से अलग हो गया दूसरी महिला का सिर फट गया। इस दर्दनाक हादसे से इलाके में सनसनी फैल गई हैं। सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स, दमकल की गाड़ियां और स्वास्थ्य टीम मौके पर पहुंच गई। हालांकि इन टीमों के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने हालात पर काबू पा लिया था। पुलिस मृतक महिला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डिहिया गांव के निवासी राजेंद्र बिंद का खुटहन थाने के पास मिठाई की दुकान है, मिठाई बनाने के लिए अपने घर मे दूध खौलाने के लिए छोटे बॉयलर लगाया है। आज सुबह करीब 10 बजे वह दूध खौला रहे थे, इस दरम्यान तेज धमाके के साथ बॉयलर फट गया, बॉयलर के ढक्कन से उसकी पत्नी मनीता बिंद की पत्नी का सिर कटकर धड़ अलग होकर कुछ दूर जा गिरा, वही कुछ दूरी पर बैठी सीता देवी का सर फट गया। इस दर्दनाक हादसे से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर सीओ शाहगंज अजित सिंह चौहान समेत भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



"बॉयलर फटने से महिला की मौत हो गई। पति व एक अन्य घायल हो गए, जिनका उपचार कराया जा रहा है। मृत महिला का पोस्टमार्टम कराकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।
– अजीत सिंह चौहान, क्षेत्राधिकारी

### क्षेत्रीय विधायक ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को दी सांत्वना

शाहगंज विधायक रमेश सिंह सूचना मिलते ही तत्काल पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर ढांढस बंधाया और संबंधित अधिकारियों को पीड़ित परिवार का हर संभव मदद करने का निर्देश देते हुए स्वयं मदद करने का भरोसा दिलाया।

## कैराना के गांव में बुखार से चार की मौत बिजनौर के एक गांव में 100 लोगों को बुखार

जन एक्सप्रेस । शामली

कैराना के गांव अलीपुर में 2 दिन के अंदर बुखार से 15 वर्षीय किशोर और इंफेक्शन से 25 वर्षीय युवक समेत चार की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग में खलबली मची है। गांव अलीपुर के प्रधान नासिर अली के भाई सादिक ने बताया कि 5 दिन पहले मेहरबान के 15 वर्षीय पुत्र सादिक को बुखार आया था। परिजन प्राइवेट डॉक्टर के पास सादिक का उपचार करा रहे थे। सोमवार शाम सादिक की बुखार के चलते मौत हो गई। इसके अलावा एक सप्ताह पहले 25 वर्षीय मजदूर नंदू के पैर में ठोकर लगी थी। पैर में इंफेक्शन फैलने के साथ ही सेप्टिक हो गया था। उसके बाद बुखार भी हो गया। रविवार को नंदू की मौत हो गई थी।

### बिजनौर के जलीलपुर में बुखार का प्रकोप

जलीलपुर क्षेत्र में बुखार का प्रकोप बढ़ रहा है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि हर घर में बुखार के रोगी हैं। अकेले जलीलपुर में ही 100 से ज्यादा लोग बुखार की चपेट में हैं। मगर स्वास्थ्य विभाग अनजान बना हुआ है। गांव में न तो कोई शिविर लगा और न ही एंटी लार्वा का छिड़काव हुआ है। जलीलपुर निवासी गौरव कुमार, प्रियंका देवी, आदेश देवी, सविता देवी, संतोष देवी, अकरम खान, इरफान खान, रशीद अहमद, मुन्नी आदि बुखार से ग्रस्त हैं।

- मुंबई के अंधेरी ईस्ट, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे और बांद्रा इलाके में उनकी होर्डिंग्स लगी हैं

इन होर्डिंग पर योगी की तस्वीर के साथ बंटेंगे तो कटेंगे का नारा लिखा है



## सीएम योगी महाराष्ट्र में बने

# चुनावी सुपरस्टार

### सीएम योगी आदित्यनाथ देश में पीएम मोदी के बाद बीजेपी के सबसे ज्यादा मांग वाले नेता बन गए हैं

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ देश में पीएम मोदी के बाद बीजेपी के सबसे ज्यादा मांग वाले नेता बन गए हैं। भाजपा के हिन्दुत्व मॉडल का चेहरा योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र में भी सुपरस्टार की तरह छा गया है। मुंबई के अंधेरी ईस्ट, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे और बांद्रा इलाके में उनकी होर्डिंग्स लगी हैं। इन होर्डिंग पर योगी की तस्वीर के साथ ÷बंटेंगे तो कटेंगे÷ का नारा लिखा है। हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद अब महाराष्ट्र चुनाव में योगी के इस नारे की एंट्री हुई है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार बीजेपी महाराष्ट्र में हिन्दुत्व के सबसे प्रखर चेहरे के तौर पर उभरे सीएम योगी आदित्यनाथ की छवि को भुनाना चाहती है। बांग्लादेश हिंसा हो या बहराइच में दुर्गा विसर्जन विवाद के दौरान उपद्रव... सीएम योगी ने जिस तरह से तेवर दिखाए हैं, इसमें भाजपा को भविष्य की बड़ी उम्मीदें दिखाई दे रही हैं। बंगाल-त्रिपुरा से लेकर कर्नाटक-तेलंगाना तक सीएम योगी की चुनाव प्रचार में जबरदस्त मांग रहती है। आपराधिक मामलों में बाबा बुलडोजर का एक्शन का मॉडल न केवल बीजेपी शासित राज्य बल्कि विपक्षी राज्यों को भी भा रहा है। कांग्रेस शासित हिमाचल और आम आदमी पार्टी के शासन वाले पंजाब भी ऐसा साफ देखने को मिल रहा है।

### पूर्वांचल के वोटरों को भाजपा के पाले में लाने की कोशिश

हरियाणा विधानसभा चुनाव की तरह बीजेपी महाराष्ट्र में भी हिन्दुत्व के मुद्दे पर ध्रुवीकरण की कोशिश में है। मराठा आरक्षण और ओबीसी को अलग-थलग करने की विपक्ष की कोशिश कामयाब रही तो भाजपा को वहां लोकसभा चुनाव जैसा हश्र देखने को मिल सकता है। लिहाजा हिन्दू वोटों के ध्रुवीकरण के प्रयास को भी इसकी बड़ी वजह माना जा रहा है। महाराष्ट्र में काफी संख्या में उत्तर भारतीय रहते हैं, जिनका वोट भी चुनाव नतीजों का रुख बदल सकता है। लिहाजा सीएम योगी के जरिये पार्टी उत्तर भारतीय खासकर पूर्वांचल के वोटरों को अपने पाले में लाने की भरपूर कोशिश करेगी।

### फिर एक हो सकते हैं शिंदे और ठाकरे गुट!

कुछ राजनीतिक जानकार सीएम योगी के पोस्टर को अमित शाह-संजय राउत की फोन पर कथित बातचीत से भी जोड़कर देख रहे हैं। उनका कहना है कि भगवा पार्टी यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि अगर उद्धव ठाकरे और शिवसेना का शिंदे गुट फिर से एक हो जाते हैं तो बड़ा बदलाव महाराष्ट्र की राजनीति में देखने को मिल सकता है। ऐसी संभावना से इनकार भी नहीं किया जा सकता। बिहार इसका उदाहरण है, जहां नीतीश कुमार के लिए दरवाजे बंद करने की बात कहने वाली भाजपा ने आखिर वहां जेडीयू से हाथ मिलाया और समीकरण बदल गए। महाराष्ट्र में कांग्रेस और शिवसेना ठाकरे गुट के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही उठापटक को देखते हुए ऐसा हो भी सकता है। शिवसेना और भाजपा दोनों के ही आक्रामक हिन्दुत्व विचारधारा से जुड़े होने के कारण भी ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं।

## डीएम-एसपी ने किया उर्वरक वितरण केंद्रों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मंगलवार को जनपद में डीएपी एवं फास्फोरसयुक्त खाद वितरण को पारदर्शिता से कराने के उद्देश्य से उर्वरक वितरण केंद्रों का भ्रमण कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मण्डी परिसर कर्वी स्थित आईएफ एफडीसी कृषक सेवा केंद्र का निरीक्षण करते हुए सहकारिता विभाग, पीसीएफ व कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यकतानुसार डीएपी प्रेषण व वितरण कराने के निर्देश दिए।

बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति कर्वी का औचक निरीक्षण किया। जहां खाद क्रय करने वाले किसानों से कहा कि जिन सहकारी समितियों खाद का वितरण किया जा रहा है, वहां पर आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज ले जाकर खाद प्राप्त कर सकते हैं। सभी समितियां पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अभी 775 मैट्रिक टन डीएपी बफर गोदाम में उपलब्ध है। जिसे 18 सहकारी समितियों को प्रेषित कर दिया गया है।

बताया कि जिले की नादिन कुर्मियांन, छिबो, रामपुर बाधी, बरगढ़, गाहूर, बियावल, बिहरवा, बरद्वारा, सरधुवा, सरैया, ऊंचाडीह, चकौध, बरवारा, पीसीएफ केंद्र मंडी, खोह, पहाड़ी, डीसीएफ भंवरी और पीसीएफ राजापुर सहकारी समितियों में 23 अक्टूबर से खाद वितरण शुरु हो जाएगा। इन केंद्रों में बुधवार तक 500 बोरी प्रति केंद्र डीएपी उपलब्ध हो जाएगी। जहां से किसान अपना आधार और भूमि अभिलेख दिखाकर डीएपी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उर्वरक वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता व शिकायत की स्थिति में कंट्रोल रूम के 8765473613 व 8737991456 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सूक्ष्म से सूक्ष्म दोषों का बोध कराती है भागवत कथा: दीक्षित

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



राष्ट्रीय रामायण मेला प्रेक्षागृह में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पाचवें दिन आचार्य नवलेश दीक्षित ने कहा कि ईश्वर की लीला बहुत विचित्र होती है और जीव को तन्मयता का दर्शन कराती है। जो कथा श्री कृष्ण की गोद प्रदान कर दे, उसी का नाम श्रीमद्भागवत है। हमारे जीवन के सूक्ष्म से सूक्ष्म दोषों का बोध कराने वाली परमहंसों की संहिता का नाम ही भागवत है। इस ग्रंथ में सभी को समान अधिकारी है। सम्प्रदाय रहित भक्ति, ज्ञान, वैराग्य के समन्वय की अविरल धारा इस कथा में रहती है।

चित्रकूट धाम भागवत पीठ के भागवत रत्न आचार्य नवलेश दीक्षित ने भगवान श्री कृष्ण की सुंदर बाल लीला का आध्यात्मिक दर्शन कराते हुए कहा कि मिट्टी खाकर पृथ्वी तत्व का शोधन, कालिया नाग को नथ करके दूषित जल तत्व को शुद्ध करने के बाद भगवान ने बाद में मां कालिन्दी को अपनी पटरानी स्वीकार किया। साथ ही गायों की सेवा करके गोपाल नाम को सार्थक किया। कई जन्मों और युगों के वरदानों को सिद्ध करने के लिए द्वापर के अंत में लाल पुरुषोत्तम के स्वरूप विग्रह में श्री कृष्ण का अवतार होता है। कथा के अंत में उन्होंने गिरिराज गोवर्धन का चरित्र चित्रण करते हुए बताया कि यह श्री गोवर्धन हमारे कामतानाथ के छोटे भाई द्रोणागिरि के आत्मज है। जीवन में एक बार दोनों पर्वतों की परिक्रमा अवश्य करनी चाहिए। इससे सुख, समृद्धि, अन्न और धन की प्राप्ति होती है। श्री गिरिराज में राधेश्याम तो कामतानाथ में सीताराम विराजते है।

भागवत रत्न ने कथा में मौजूद लोगों से अपील की कि सभी लोग प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्द्धन करें। पर्वत, नदियां, झरने और वृक्षों को बचाएं। दीपावली पर आने वाले श्रद्धालु परिक्रमा मार्ग को और मंदाकिनी के जल को स्वच्छ रखें। प्रकृति संरक्षण, संवर्द्धन ही सच्ची अराधना एवं पूजा है।

## कार सवार चार युवकों ने सिपाही के साथ की मारपीट, दो गिरफ्तार-दो फरार

जन एक्सप्रेस। जालौन

देव नगर चौराहे पर चेकिंग के दौरान कार सवार चार लोगों ने सिपाही के मारपीट कर दी। पुलिस ने मौके से मारपीट करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि दो युवक कार लेकर मौके से भाग गए, जिनकी तलाश की जा रही है। नगर कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर देवनगर चौराहे पर सोमवार की रात पुलिस गश्त कर रही थी।

उसी दौरान एक अर्टिगा कार आती हुई दिखाई पड़ी जिसे चेकिंग के दौरान रोक लिया गया। इस दौरान पुलिस के जवान अजय कुमार ने कार सवार युवक मयंक शर्मा पुत्र संतोष शर्मा निवासी लहारिया पुरवा व आकाश शर्मा पुत्र विष्णु दत्त निवासी पटेल नगर व दो अन्य युवको के से पूछताछ शुरू कर दी। लेकिन शराब के नशे में धुत कार सवार युवकों ने सिपाही के साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। इतना ही नहीं बल्कि गाली गलौच करते हुए सिपाही के साथ साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना को देखकर वहां मौजूद अन्य सिपाही मौके पर पहुंचे और मारपीट करने वाले दोनों युवकों को पकड़ लिया। इतना ही नहीं बल्कि गाली गलौच करते हुए सिपाही के साथ साथ मारपीट शुरू कर दी। इस घटना को देखकर वहां मौजूद अन्य सिपाही मौके पर पहुंचे और मारपीट करने वाले दोनों युवकों को पकड़ लिया। जबकि पुलिस को आते देख दो अन्य युवक कार लेकर मौके से भाग गए। जिसके बाद उनका मेडिकल परीक्षण कराने पहुंची, लेकिन इस दौरान पकड़े गए युवकों का दबंग स्टाइल देखने को मिला। फिलहाल पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ सम्बन्धित कारवाई की, और मौके से फरार हुए दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

# एआरएम ने डग्गावर वाहनों के खिलाफ चलाया अभियान

■ डंडा लेकर उतरे सड़क पर एआरएम, वाहन चालकों को दौड़ाया, वीडियो वायरल

जन एक्सप्रेस। उरई




डग्गामार वाहन संचालकों से परेशान होकर यूपी रोडवेज बस के उरई डिपो के एआरएम कमल आर्या का मंगलवार को रौद्र रूप देखने को मिला। जहां डग्गामार वाहनों के खिलाफ एआरएम को अपने स्टाफ के साथ सड़क पर डंडा लेकर उतरना पड़ा। वहीं डग्गामारी कर सवारी ले जाने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया, इस दौरान एआरएम ने डग्गामार वाहन संचालकों को डंडा लेकर भी दौड़ाया। इस दौरान उनसे बहस भी हुई, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। उरई कोतवाली क्षेत्र के रोडवेज बस स्टैंड के पास आए दिन डग्गामार वाहन संचालक रोडवेज बस के आगे गाड़ी लगाकर झांसी कानपुर के लिए सवारियां भरकर ले जाते हैं। जिससे रोडवेज की डिपो बस घाटे में जा रही है और उरई, कानपुर और झांसी का रेवेन्यू नहीं बढ़ पा रहा है। इसी को लेकर उरई डिपो के एआरएम कमल आर्या ने पहले इसकी जांच की। जिसके बाद उन्हें डग्गामार वाहनों के खिलाफ डंडा लेकर अपने स्टाफ के साथ सड़क पर उतरकर चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बस स्टैंड के आगे से डग्गामार वाहनों को हटाने का प्रयास किया। जिस पर डग्गामार वाहन चालक एक जुट हो गए और एआरएम से तू तू मैं मैं करने लगे, जिस पर एआरएम को अपना रौद्र रूप दिखाना पड़ा और डग्गामार वाहन के संचालकों को डंडा लेकर खदेड़ना पड़ा। जिसका वीडियो भी सामने आया है। इस दौरान,ऋरू ने डग्गामार वाहन संचालकों को धमकी दी यदि बस स्टैंड के पास डग्गामार वाहन दिखाई दिए, तो उनके शीशे फोड़ दिए जाएंगे। वहीं उन्होंने सभी डग्गामार वाहन संचालकों को कड़े लहजे में कहा बस स्टैंड से 1 किलोमीटर दूरी पर ही वाहन दिखाई दें। नहीं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दीपावली मेले के दृष्टिगत चित्रकूट व सतना के डीएम-एसपी ने की बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह तथा सतना जिलाधिकारी अनुराग वर्मा व पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता की उपस्थिति में मंगलवार को दीपावली मेले को सकुशल संपन्न कराने को लेकर उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश के अधिकारियों के साथ बैठक रामघाट के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई, अतिक्रमण, प्रकाश व्यवस्था, डायवर्जन मार्ग सहित विभिन्न बिंदुओं की जानकारी सम्बन्धित अधिकारियों से प्राप्त की।

जिलाधिकारी चित्रकूट ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी को निर्देश दिए कि रामघाट तथा पूरे परिक्रमा मार्ग सहित संपूर्ण मेला क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था अच्छी तरह से कराई जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोनिवि निर्मोही अखाड़ा के पास की पुलिया के निर्माण कार्य तथा चितरा गोकुलपुर के पास अंतर्राज्यीय गेट के निर्माण कार्य को मेले पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी सतना ने दोनों जिलों के अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए मेले को संपन्न कराए। कहा कि उत्तर प्रदेश के चितरा गोकुलपुर वाली रोड की तरफ कोई भी वाहन न आने दे। दोनों जिलों में मेला कंट्रोल रूम स्थापित कराकर एक-दूसरे से कनेक्टिविटी भी कराए। साथ ही कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई जाए ताकि भीड़भाड़ को देखते हुए सूचनाओं का आदान-प्रदान होता रहे। इसके बाद जिलाधिकारियों तथा पुलिस अधीक्षकों ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिसमें उन्होंने चितरा गोकुलपुर बॉर्डर, पीली कोठी तिराहा, कामतानाथ प्रमुख द्वार में व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा भगवान कामतानाथ का दर्शन एवं पूजन-अर्चन भी किया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने पीली कोठी तिराहा के निरीक्षण के दौरान मध्य प्रदेश की ओर से सड़क पर कोई भी वाहन न आने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी सतना ने सीएमओ नयागांव को निर्देश दिए कि साफ-सफाई अच्छी ढंग से कराई जाए। कहा कि मेले से पहले पीली कोठी वाली रोड में मोरंम मिट्टी से दोनों तरफ सड़क की भराई भी कराई जाए ताकि आने वाले तीर्थयार्थियों को कोई असुविधा न हो। पुलिस अधीक्षक सतना ने कहा कि उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के परिक्रमा क्षेत्र में किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होना। बताया कि तीर्थयात्री के नारियल तोड़ने व अगरबत्ती जलाने के लिए भी जगह चिन्हित की जाए तथा दोनों जिलों के अधिकारी आपस में सामंजस्य स्थापित करते हुए शासन के निर्देशों के अनुसार दीपावली मेले को सकुशल संपन्न कराना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चित्रकूट उमेश चंद्र निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, उप जिलाधिकारी मझगवां सतना जेके वर्मा, एसडीओपी मध्य प्रदेश रोहित राठौर, सीएमओ नयागांव विशाल सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता लोनिवि संतोष कुमार सहित मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## हस्ताक्षर के साथ शुरू हुआ तम्बाकू मुक्त युवा अभियान

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी के निर्देश पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के लिए हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई। साथ ही तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गई। जिला मुख्यालय में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए अपने कार्यालय/परिसर को तम्बाकू मुक्त घोषित करें। समस्त शिक्षण संस्थाओं के 100 गज के दायरे में दुकानों से तम्बाकू व तम्बाकू से बने उत्पादों को हटाना सुनिश्चित करें। जिससे तम्बाकू मुक्त युवा अभियान पूर्णतः सार्थक हो सके। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष कुमार ने बताया कि तम्बाकू हमारे जीवन में शरीर के सभी अंगों पर दुष्प्रभाव छोड़ती है। जिससे युवा बीमारियों के शिकंजे में फंस जाते है। तम्बाकू के कारण कैंसर जैसी बीमारी भी हो सकती है। जिसका असर कई पीढ़ियों तक रहता है।

यूपीवीएचए के रिजनल कोआर्डिनेटर पुनीत श्रीवास्तव ने बताया कि सार्वजनिक स्थानों के प्रवेश द्वार पर धारा चार का साइनेज लगाना आवश्यक है।

जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर ध्रुमपान व तम्बाकू निषेध लिखा होना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति तम्बाकू या तम्बाकू से बने उत्पादों का प्रयोग करता है, तो उसे 200 रुपये तक जुर्माना किया जा सकता है। इसके अलावा 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों को तम्बाकू बेचना दण्डनीय अपराध है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक आर के करवरिया, हिमांशु गुप्ता, अमर सैनी व राहुल राव आदि मौजूद रहे।

## अवैध खनन में प्रशासन ने जेसीबी और ट्रैक्टर पकड़ा

जन एक्सप्रेस। उरई



अवैध मिट्टी खनन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। मंगलवार को कोंच क्षेत्र के इंडस्ट्रीज एरिया के पास सड़क पर फर्राटा भर रहे मिट्टी ट्रैक्टर की सूचना पर एसडीएम व तहसीलदार ने अवैध मिट्टी खनन में जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। एसडीएम को ग्रामीणों ने मंगलवार को सूचना दी की कोंच क्षेत्र के ग्राम मनोहारी के खेतो में जेसीबी से मिट्टी खनन हो रहा है। खनन माफिया टैक्टर-ट्रॉली में मिट्टी लोडकर उसे ले जा रहे हैं। जिसके बाद एसडीएम ज्योति सिंह ने मौके पर तहसीलदार जितेंद्र कुमार पटेल और कोतवाल अरुण कुमार राय व पुलिस टीम के साथ छापेमारी की, तो मौके पर अवैध खनन की मिट्टी लाद कर सड़क पर फर्राटा भर रहे ट्रैक्टर को पकड़ा। चालक के बताये हुये स्थान मनोहरी गांव से खेत मे मिट्टी खोदने वाली जेसीबी भी पुलिस ने पकड़ी।एसडीएम ने इसकी सूचना खनन विभाग को दी और ट्रैक्टर व जेसीबी को कोतवाली के खड़ाकर पुलिस के हवाले कर दिया। वही एसडीएम ज्योति सिंह ने बताया कि मिट्टी अनुमति सभी कागजात मांगे है। जाँच पड़ताल के बाद कार्यवाही होगी।

## डंपर की टक्कर से बाइक चालक अधेड़ की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र में डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार अधेड़ की उपचार के दौरान मौत हो गई। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐरी निवासी भानू प्रताप 42 वर्ष पुत्र गोपाल मल्लाह सोमवार की देर रात बाइक से अपने गांव ऐरी जा रहा था। तभी मुहम्मदाबाद-गुढ़ा मार्ग पर एक डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार अधेड़ घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने घायल अवस्था में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां घायल की उपचार दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

## सहमति पत्र के बावजूद जमीन न लिए जाने से किसान परेशान



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

सदर तहसील के बनाड़ी गांव के निवासी सुरेन्द्र सिंह, चुनकावन सिंह, राजकुमार, जगमोहन, धर्मपाल आदि ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि उन लोगों की जमीन विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग तीन साल पहले 35 लाख रुपये प्रति बीघे की दर से लेने के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करवा लिए गए थे। साथ ही कहा गया था कि एक साल के अंदर सभी किसानों की जमीनों की रजिस्ट्री करा ली जाएगी। जिसके चलते सभी किसानों ने अपनी जमीन के बदले दूसरी जगर पर जमीन लेने के लिए अन्य भूस्वामियों को बयाने के रूप में पैसे भी दे दिए, किंतु अब तक विकास प्राधिकरण द्वारा जमीन न लेने के कारण उन लोगों के पैसे भी डूब गए। इसके अलावा अब वहां की जमीनों को 55 लाख रूपये प्रति हेक्टेयर से चार गुना अर्थात 39 लाख रूपये प्रति बीघा की दर से लिया गया है। ऐसे में वर्तमान मूल्य के आधार पर उन लोगों की जमीन विकास प्राधिकरण द्वारा ले ली जाए। ऐसा न होने पर उन लोगों का सहमति पत्र रद्द करा दिया जाए।

## अपर जिला जज ने किया बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने मंगलवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। साथ ही वहां आवासित बाल अपचारियों की समस्याएं भी सुनीं। किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी के साथ राजकीय संप्रेक्षण गृह पहुंची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा जारी कार्य योजना के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के निर्देश पर राजकीय संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने वहां आवासित बाल अपचारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं पर चर्चा की और कहा कि किसी बाल अपचारी के पास अधिवक्ता उपलब्ध न हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जरिए अपने वाद की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। हालांकि इस दौरान किसी भी बाल अपचारी द्वारा किसी भी समस्या से अवगत नहीं कराया गया। इसके बाद उन्होंने रसोईं घर एवं शौचालय का निरीक्षण किया जिसमें रसोईं घर मे तो बेहतर सफाई व्यवस्था मिली, किंतु शौचालय मे पर्याप्त सफाई नहीं मिली। इस पर उन्होंने संस्था प्रभारी वीर सिंह को शौचालय की सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## किराना स्टोर से लाखों रूपए की विस्फोटक सामग्री की गई बरामद

जन एक्सप्रेस। उरई

कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को एक किराने की दुकान में छापा मारते हुए भंडारण किए गए लाखों रुपए के पटाखे जप्त किए। इस दौरान किराना स्टोर मालिक सहित दो लोगों को हिरासत में लिया गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के बजरिया में हाशिम नाम का एक व्यक्ति किराना की दुकान खोले हुए हैं। बताया गया है कि जहां पर वह किराना के साथ-साथ बिना लाइसेंस के विस्फोटक सामग्री का भंडारण कर बेच रहा था। इसकी सूचना पुलिस को गुप्त तरीके से मिली, जिसके बाद सीओ उमेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने किराना दुकान पर छापेमारी कर दी। इस दौरान किराना स्टोर संचालक ने किराना के सामान के साथ विस्फोटक सामग्री को छुपाया था, जिसे पुलिस ने बरामद किया है। जिसमें फुलझड़ी, बारूद के साथ-साथ अन्य विस्फोटक सामग्री थी, जो बिना लाइसेंस की बेची जा रही थी और इसका अवैध तरीके से भंडारण किया गया था। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को मौके से हिरासत में लिया और उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

## ओवर रेट में खाद बेच रहे दुकानदार पर कृषि विभाग ने दर्ज करवाया मुकदमा

जन एक्सप्रेस। उरई

जालौन में किसानों को ओवर रेट में खाद बेच रहे एक दुकानदार के खिलाफ कृषि विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है, सोमवार को जिला कृषि अधिकारी और अपर कृषि अधिकारी ने संयुक्त रूप से चेकिंग करते हुए किसान को ओवर रेट में खाद बेचने वाले दुकानदार को पकड़ा और मुकदमा दर्ज कराया।

एट कोतवाली क्षेत्र के कस्बे में स्थित गुप्ता खाद भंडार का है। बता दे कि किसानों को रवी की फसल में खाद की समस्या न हो और किसानों की फसल की बुवाई सही समय पर हो सके, इसके लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय जनपद में 5 टीमों का गठन कृषि विभाग के साथ मिलकर किया है साथ ही यह भी निर्देश दिए कि वह समिति तथा खाद की दुकानों पर जाकर नियमित जांच करें, जिससे किसानों को समस्या न हो।

जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक पुष्कर दीक्षित, प्रक्षेत्र अधिकारी जखोली अमित सिंह एवं वरिष्ठ प्राविधिक सहायक अधिकारी चंद्रकांत सिंह ने किसानों द्वारा की गई ओवर रेटिंग की शिकायत पर एट नगर में संचालित होने वाली गुप्ता खाद भंडार पर छापा मारा, जहां पर गुप्ता खाद भंडार के प्रोपराइटर सत्य प्रकाश गुप्ता की दुकान से डीएपी उर्वरक खरीद कर ले जा रहे किसान रविंद्र कुमार निवासी एट से जानकारी ली, कितने रुपए में उन्हें खाद उपलब्ध कराई है, जिस पर किसान रविंद्र कुमार ने लिखित रूप से अवगत कराया कि गुप्ता खाद भंडार के प्रोपराइटर सत्य प्रकाश गुप्ता पुत्र श्री राम गुप्ता द्वारा उन्हें 1350 रुपए की जगह 1550 रुपए की खाद उपलब्ध कराई गई है, इस शिकायत पर कृषि अधिकारी गौरव यादव ने जानकारी ली, साथ अन्य किसानों से भी जानकारी हासिल की जहां पर शिकायत सही मिली, इस पर उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया।

# किसकी शह पर बेसमेंट में संचालित हो रहा ग्लोबल हॉस्पिटल

जन एक्सप्रेस। शत्रुघन सिंह

**उरई।** दिल्ली में बीते दिनों बेसमेट में पानी भरने से यूपीएससी की तैयारी कर रही छात्रा की मौत हो गई। जिसके बाद यूपी सरकार ने बेसमेंट में चलने वाले कोचिंग सेंटर, अस्पताल और दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नोटिस देकर बंद करा दिया था। मगर जालौन में अलग ही नजारा देखने को मिला। यहां बेसमेट में अस्पताल का संचालन किया जा रहा है, यह अस्पताल मरीजों की जान से खिलवाड़ कर रहा है, लेकिन प्रशासन बेसमेंट में चलने वाले अस्पताल पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

जालौन नगर में ग्लोबल नाम का हॉस्पिटल प्रशासन के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है यहां अस्पताल के संचालक द्वारा पैथोलॉजी और अस्पताल को बेसमेंट में संचालित किया जा रहा है।

इतना ही नहीं मानक पूरे ना होने के बाद भी इस अस्पताल का लगातार संचालन किया जा रहा है, जबकि केंद्र व प्रदेश की सरकारों ने दिल्ली की घटना के बाद सख्त निर्देश दिए थे और कई दुकानदार कोचिंग सेंटर तथा बड़े-बड़े मॉल को नोटिस देकर बेसमेंट खाली करने के आदेश दिए थे। इसके बावजूद भी जालौन नगर में संचालित होने वाला ग्लोबल हॉस्पिटल मानक विहीन होने के बावजूद भी शासन की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा है। इतना ही नहीं 20 मिनट में चलने वाली इस अस्पताल में पैथोलॉजी और बार्ड बने होने के बावजूद भी प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। साथ ही फायर विभाग के द्वारा अस्पताल मानक भी पूरे नहीं करता है इसके बावजूद भी फायर विभाग ने उसे एनओसी जारी कर दी।

..शेष ख़बर अगले एपिसोड मे





**लद्दाख में भारतीय सेना के साथ गतिरोध खत्म...**

भारत और चीन के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर चली कवायद के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त और सैन्य तनाव घटाने पर सहमति बन गई है। एलएसी पर गतिरोध खत्म होने को लेकर भारत के बाद अब चीन ने भी बयान जारी कर दिया है। पढ़ें पेज 12 पर...

# बच्चों से जुड़ी बीमारियों को नजदीक से देखा, आज एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर मूर्त रूप ले रहा: सीएम

**सीएम ने एडवांस डायबिटीज सेंटर, टेली आईसीयू, सलोनी हार्ट सेंटर (प्रथम चरण), कॉलेज ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी के छात्रावास का किया उद्घाटन**

- सीएम योगी ने एसजीपीजीआई में 1,147 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास
- सीएम योगी ने एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर, सलोनी हार्ट सेंटर (द्वितीय चरण) व रैन बसेरा का किया शिलान्यास





**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2017 से पहले जहां प्रदेश के 18 जिलों में ही मेडिकल कॉलेज थे, वहीं आज प्रदेश के 64 जिलों में मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की ओर प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में आज एमबीबीएस और पीजी की सीटें पहले की तुलना में दोगुनी से अधिक हुई हैं। प्रदेश में एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर की आवश्यकता काफी समय से थी क्योंकि प्रदेश में बच्चों से जुड़ी बीमारियों को मैंने नजदीक से देखा है। इसको लेकर सांसद रहने के दौरान संसद और सड़क पर आंदोलन भी किया। वहीं, सरकार आने के बाद डबल इंजन के प्रयास से जल्द ही एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर मूर्त रूप लेगा। हमने जापानी इंसेफेलाइटिस का समाधान करने में सफलता पायी है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि इससे सबसे ज्यादा बच्चे प्रभावित होते थे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एसजीपीजीआई की विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम में कही। इससे पहले सीएम ने सलोनी हार्ट सेंटर, एडवांस डायबिटीज सेंटर, टेली आईसीयू का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसजीपीजीआई में 1,147 करोड़ रुपये की एडवांस डायबिटीज सेंटर, टेली आईसीयू, सलोनी हार्ट सेंटर (प्रथम चरण), कॉलेज ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी का छात्रावास का उद्घाटन और एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर, सलोनी हार्ट सेंटर (द्वितीय चरण), रैन बसेरा का शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि एसजीपीजीआई देश और प्रदेश का सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान है। ऐसे में, प्रदेश के पूर्वी, पश्चिमी, मध्य, बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति की प्राथमिकता होती है कि उसे यहां बेड प्राप्त हो जाए, लेकिन इसको लेकर काफी समस्या अक्सर सामने आती है। इस समस्या को दूर करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है। इसी के तहत एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर में 575 बेड्स के निर्माण की कार्रवाई को आगे बढ़ाया जा रहा है। यहां 22 विभागों की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसमें हार्मोंस, डायबिटीज, पीडियाट्रिक आईसीयू, इमरजेंसी पीडियाट्रिक जेनेटिक, पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी समेत अन्य बीमारियों का इलाज एक छत के नीचे होगा। सीएम योगी ने कहा कि सलोनी हार्ट सेंटर के पहले चरण की शुरुआत हो गयी है। वहीं, सेंटर के दूसरे चरण का एमओयू साइन हो गया है। इसके जरिये सलोनी हार्ट सेंटर 200 बेड की विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ हर साल 5 हजार बच्चों की हार्ट से जुड़ी हुई गंभीर सर्जरी कर उन्हे सुखमय जीवन देगा। साथ ही, हर साल दस हजार बच्चों को सेकेंड ओपिनियन आदि उपलब्ध कराएगा। इसके लिए, सलोनी हार्ट फाउंडेशन के प्रयासों के हम सभी आभारी हैं।

इस अवसर पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, एसजीपीजीआई प्रो. राधा कृष्ण धीमन, सलोनी हार्ट फाउंडेशन की अध्यक्ष मृणालिनी (मिली) सेठ, हिमांशु सेठ, यूएस के डॉ. वी मोहन रेड्डी आदि मौजूद थे।

### तीमारदारों को 20 रुपये में मिलेगा भरपेट भोजन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ओएनजीसी के 51 करोड़ के सीएसआर फंड से एक हजार बेड के रैन बसेरा के निर्माण की कार्रवाई शुरू हो गयी है। इससे यहां आने वाले तीमारदारों को बड़ी राहत मिलेगी। यहां पार्किंग और कैंटीन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी जहां तीमारदारों को 15 से 20 रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। वहीं, 200 छात्रों के लिए कॉलेज ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी छात्रावास का निर्माण पूरा हो चुका है। सीएम योगी ने दीपावली से पहले एसजीपीजीआई को इन योजनाओं के लिए बधाई दी। संस्थान समयबद्ध तरीके से आगे चले इसके लिए प्रदेश सरकार के स्तर पर हर संभव मदद की जाएगी। इसके लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है।

### इन परियोजनाओं का उद्घाटन

एडवांस डायबिटीज सेंटर, टेली आईसीयू, सलोनी हार्ट सेंटर (प्रथम चरण), कॉलेज ऑफ मेडिकल टेक्नोलॉजी का छात्रावास

### इन परियोजनाओं का शिलान्यास

एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर, सलोनी हार्ट सेंटर (द्वितीय चरण), रैन बसेरा



# खुजौली गौ आश्रय केन्द्र पर भूख से तड़पने को मजबूर गौवंश

- मोहनलालगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत खुजौली में पंचायत सचिव अकरम अंसारी की लापरवाही के चलते सड़ा भूसा खाने को मजबूर गौवंश

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज ब्लाक की ग्राम पंचायत खुजौली में स्थित गौ आश्रय केन्द्र पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला है पंचायत सचिव अकरम अंसारी की लापरवाही के चलते निराश्रित बेजुबान गौवंशो को खाने के लिए चारे और पीने के पानी के लाले पड़ गए हैं। लापरवाही का आलम यह है कि पंचायत सचिव बेजुबान गौवंशो को सड़ा भूंसा खिला रहे हैं और उन्होंने लगभग तीन माह से गौवंशो का कोई भी भुगतान तक नहीं किया है और गौ आश्रय केन्द्र पर मौजूद



बेजुबान जानवरों को लगातार सड़ा भूंसा खिलाने को मजबूर कर रहे हैं।

### गौ आश्रय केन्द्र पर चारे और पशु आहार (चोकर) का नहीं है कोई प्रबंध

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लाख कोशिशों के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी गौवंशो के प्रति कितने सजग है यह खुजौली गौ आश्रय केन्द्र पर देख सकते हैं, जहां ना तो पशुओं की ठीक से देखभाल होती है और ना ही पशुओं को भर पेट आहार दिया जाता है। सूत्रों की मानें तो पंचायत सचिव गौ आश्रय केन्द्र पर कभी ध्यान नहीं देते हैं गौ आश्रय केन्द्र पर लगभग 165 गौवंश मौजूद हैं जहां बेजुबान गौवंशो को सड़ा भूंसा व बिना पशु आहार देकर खिलाया जा रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि लापरवाह सचिव पर जिले के जिम्मेदार अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं या यूं ही बदस्तूर गौवंशो पर लापरवाही जारी रहेंगी।

## महाकुंभ 2025 के निर्माण कार्यों से बढ़ी प्रयागराज में होटल्स व होम स्टे की मांग

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सानातन आस्था के सबसे बड़े आयोजन महाकुंभ 2025 को सीएम योगी के मार्गदर्शन में दिव्य, भव्य, नव्य और ग्रीन बनाने के कार्य प्रयागराज में जोर शोर से चल रहे हैं। प्रयागराज में न केवल संगम क्षेत्र बल्कि पूरे शहर में निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। शहर में सड़कों, चौराहों, फ्लाई ओवर, पार्कों और होटलों का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य हो रहा है। इसके चलते शहर में पिछले कुछ महीनों से कई राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय कंसट्रक्शन कंपनियां डेरा जमाए हुए हैं। इन कंपनियों के इंजीनियर, अधिकारियों और कर्मचारियों के शहर में ठहरने की जरूरत ने प्रयागराज निवासियों, होटल और मकान मालिकों को आय का नया स्रोत प्रदान किया है।प्रयागराजवासी महाकुंभ 2025 के आयोजन को लेकर आशान्वित और उत्साहित हैं। प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के आयोजन को लेकर पूरे शहर, आस-पास एवं मेला क्षेत्र में कई निर्माण कार्य चल रहे हैं। सीएम योगी के निर्देश के अनुरूप सभी निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्य 15 दिसंबर तक पूरे किये जाने हैं। कंपनियां शहर में अपने प्रोजेक्टस तेजी से पूरे करने में जुटी हैं। इसके चलते इन कंपनियों के अधिकारियों और कर्मचारियों को शहर में ठहरने के लिये किराये के मकान, होटल व होम स्टे की जरूरत पड़ रही है।



# इटौंजा हाईवे पर भीषण सड़क हादसा चार घायल, अस्पताल में भर्ती

- लखनऊ की तरफ से आ रही कार सवार ने ई-रिक्शा में पीछे से मारी टक्कर, एक गंभीर, तीन घायल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के इटौंजा थाना क्षेत्र में सीतापुर लखनऊ हाईवे रोड पर पालपुर गांव पास भीषण एक्सीडेंट हो गया। जिसमें चार व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए बता दें कि मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे लखनऊ की तरफ से आ रही सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार नंबर यूपी 78 ई ई 3992 ने ई-रिक्शा पर पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें ई रिक्शा पर सवार चार व्यक्ति ई-रिक्शा चालक गुड्डू पुत्र राजू उम्र 25 वर्ष निवासी विक्रमपुर , प्रताप धर पुत्र संतोष धर उम्र 43 वर्ष निवासी मुर्शिदाबाद बंगाल, सौरभ पुत्र रवीन्द्रनाथ उम्र 40 वर्ष निवासी बंगाल, गोपाल विश्वास पुत्र अनिल बिस्वास उम्र 40 वर्ष निवासी डे बंगाल ड्राइवर बुरी तरह घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची इटौंजा पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटौंजा में भर्ती करवाया, जहां से एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहीं तीन व्यक्तियों का इलाज किया जा रहा है। लखीमपुर खीरी निवासी रंजीत सिंह अपनी फैमिली के साथ लखनऊ से लखीमपुर जा रहे थे तभी इटौंजा के पालपुर गांव के पास हाईवे पर ई रिक्शा चालक को तीन से चार बार हैरान दिया लेकिन ई रिक्शा किनारे नहीं हुआ जिससे चारपहिया कार की चपेट में आ गया, जिसमें चार लोग बुरी तरह घायल हो गए और एक व्यक्ति की हालत नाजुक बनी हुई है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### 12 प्रत्याशियों ने दाखिल किए नामांकन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश की 09 विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उप निर्वाचन के तहत 22 अक्टूबर को 05 विधानसभा क्षेत्रों में 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। अब तक कुल 15 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए गये।16-मीरापुर मुज़फ्फरनगर विधानसभा के लिए 05 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया इसमें बहुजन मुक्ति पार्टी से वकार अजहर, आजाद समाज पार्टी कांशीराम से जाहिद हुसैन, निर्दलीय प्रत्याशियों में राजबाल सिंह राणा, रजनीश कुमार तथा मो. अनस है। इस प्रकार अब तक 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किया है। 29-कुदंरकी मुरादाबाद विधानसभा के लिए आजाद समाज पार्टी कांशी राम से चांद बाबू ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया।56-गाजियाबाद गाजियाबाद विधानसभा के लिए 02 प्रत्याशियों ने आज नामांकन किया।

### वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में प्राप्त हुए 07 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लगभग सात लाख करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव यूपीनेडा को प्राप्त हुए हैं। इसमें से लगभग 57 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव उत्तर प्रदेश राज्य जैव ऊर्जा नीति-2022 के तहत बायो ऊर्जा क्षेत्र के हैं। कम्प्रेस्ड बायोगैस, बायो डीजल तथा बायोकोल के प्लांटों की स्थापना हेतु 198 प्रस्तावों को यूपीनेडा द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिनमें से 32 प्रस्तावों को पूर्व में राज्य स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। वर्तमान में 21 परियोजनाओं को राज्य स्तरीय समिति का अनुमोदन मंगलवार को प्रमुख सचिव, ऊर्जा व अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा प्रदान किया गया है। 53 जैव ऊर्जा परियोजनाओं के सापेक्ष 2,525 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्तावों को राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। यूपी 210 टन प्रतिदिन उत्पादन क्षमता के साथ सीबीजी के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है।

# श्रीराम कथा के सन्दर्भ में श्री गोपेश्वर गौशाला पर बुलाई गई बैठक



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

**मलिहाबाद।** मंगलवार चिंताहरण हनुमान जी का दिव्य भव्य श्रंगार किया गया इस अवसर पर भजन सम्राट शशांक सागर ने सुंदरकांड पाठ का गायन कर उपस्तिथ भक्तो को मंत्र मुग्ध कर दिया। वही मोती महल लान में आयोजित होने वाली जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री राघवाचार्य की श्रीराम कथा के सन्दर्भ में श्री गोपेश्वर गौशाला पर बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता गौशाला प्रबंधक उमाकांत गुप्ता द्वारा हुई तथा संचालन श्रीराम कथा के संयोजक आचार्य डॉ सप्तर्षि मिश्र एवं संजीव पाण्डेय एडवोकेट पूर्व महामंत्री सेंट्रल बार एसोसिएशन,जिला सहकारी बैंक के डाइरेक्टर पंकज गुप्ता,एडवोकेट संजय मिश्र,शैलेन्द्र श्रीवास्तव अध्यक्ष विनायक ग्रामोद्योग संस्थान द्वारा किया गया। श्रीराम कथा के शुभारंभ 25 दिसम्बर के लोक विख्यात विद्वान अजय याग्निक द्वारा सुन्दर काण्ड की चर्चा हुई,और 26 दिसम्बर से पूज्य राघवाचार्य महाराज की कथा में क्षेत्र के विभिन्न स्थानों को चिन्हित कर से स्रोताओ को लाने ले जाने हेतु संसाधनों की व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। सभी उपस्थित सदस्यों ने प्रस्ताव दिया कि इसी तरह अन्य संगठनों को राम कथा के आयोजन से जोड़ कर राम चर्चा को घर घर पहुँचाया जाय।गौशाला प्रबंधक उमाकांत ने बताया रामकथा मे गौशाला परिवार समर्पित भाव से सेवाभाव प्रस्तुत करेगा।

# यूपी-भारत में संभावनाएं व संसाधन, रेडिमेड गारमेंट में धमक बनाने वाले देशों का ले सकता है स्थान: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री ने 22 से 28 अक्टूबर तक चलने वाले सिल्क एक्सपो का किया उद्घाटन
- 16 कृषकों, उद्यमियों, संस्थाओं व डिजाइनरों को दिया गया पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान
- पिछली सरकारों के कारण किसानों-उद्यमियों को झेलना पड़ा था दंश: सीएम
- यूपी देश का पहला ऐसा राज्य, जिसने परंपरागत उत्पाद के लिए बनाई पॉलिसी: सीएम योगी



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रेडिमेट गारमेंट्स में दुनिया के छोटे-छोटे देशों की धमक है। जिन लोगों के पास संसाधन कम और संभावनाएं न के बराबर हैं, वे आगे बढ़ चुके हैं। हमारे पास संभावना और संसाधन भी है। काम चाहने वाली आधी आबादी के बड़े तबके को रेशम उत्पादन, प्रोसेसिंग, रेडिमेड गारमेंट, डिजाइनिंग, मार्केटिंग, पैकेजिंग के साथ जोड़ लें तो दुनिया में रेडिमेड गारमेंट में धमक बनाने वाले देशों का स्थान उत्तर प्रदेश व भारत ले सकता है। इस संभावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा उठाए गए कदमों का लाभ लेना चाहिए। सीएम ने कहा कि हमने रेशम उत्पादन को 84 गुना बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। एक समय वह जरूर आ सकता है, जब यूपी का किसान रेशम उत्पादन में देश में अग्रणी राज्यों में गिना जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 से 28 अक्टूबर तक चलने वाले सिल्क एक्सपो का मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उद्घाटन किया। सीएम ने रेशम मित्र पत्रिका का विमोचन किया और 16 कृषकों,उद्यमियों, संस्थाओं व डिजाइनरों को पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान प्रदान किया। सीएम ने यहां लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

### लखनऊ-हरदोई बार्डर पर आने जा रहा पीएम मित्र पार्क

सीएम ने कहा कि आजमगढ़ के मुबारकपुर के साड़ी उद्योग से जुड़े उद्यमियों, मीरजापुर, वाराणसी व भदोही के सिल्क कलस्टर की प्रगति को देखकर लगता है कि इसमें बहुत गुंजाइश है। उत्तर प्रदेश के लखनऊ-हरदोई बार्डर पर पीएम मित्र पार्क (टेक्सटाइल्स पार्क का वृहद रूप) आने जा रहा है। एक हजार एकड़ क्षेत्रफल में इसमें टेक्सटाइल्स से जुड़े अलग-अलग उद्योग लगने जा रहे हैं। यह उप्र की संभावनाओं को प्रदर्शित करने का माध्यम है, लेकिन रॉ मटेरियल हमें ही तैयार करना होगा। किसान यदि इस दिशा में आगे बढ़ते हैं तो प्रोत्साहन के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चल रही हैं। विभाग इन योजनाओं के बारे में हर जनपद में संगोष्ठी, सेमिनार, प्रगतिशील किसानों के साथ संवाद करे और प्रोसेसिंग-ट्रेनिंग प्रोग्राम से जोड़े। केवल गोरखपुर मंडल ही नहीं, वाराणसी, मीरजापुर, लखनऊ, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़ में भी संभावनाएं बढ़ेंगी।

### देश-दुनिया के सामने रख सकते हैं रेशम मित्र

सीएम योगी ने कहा कि यूपी के अंदर सिल्क के कलस्टर जिन क्षेत्रों में विकसित हो सकते हैं या जहां संभावनाएं बनी हुई हैं, वहां भी उसे तेजी के साथ बढ़ाने के लिए प्रयास प्रारंभ करना होगा। आवश्यकता पड़ने पर विभाग को अलग से भी ऐसे किसान, जो रेशम मित्र के रूप में सहभागिता कर इस फील्ड की संभावनाओं को धरातल पर उतारकर उप्र को स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक राज्य के रूप में अन्य राज्यों की तुलना में खड़ा कर सकें। उनका सहयोग लेना होगा। इंसेंटिव की व्यवस्था समयबद्ध रूप से आगे बढ़े तो यूपी की संभावनाओं को इस फील्ड में भी बहुत बेहतर तरीके से देश-दुनिया के सामने कर सकते हैं। लखनऊ में शीघ्र विकसित होने जा रहा पीएम मित्र टेक्सटाइल्स पार्क इन संभावनाओं को आगे बढ़ाने में बड़ी मदद कर सकता है।

### अब यूपी के 75 जनपदों का है अपना यूनिक प्रोडक्ट

सीएम योगी ने कहा कि 2017 में भाजपा सरकार आने के बाद प्रदेश ने परंपरागत उत्पाद को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसने परंपरागत उत्पाद के लिए पॉलिसी बनाई। 75 जनपदों के लिए वहां के एक उत्पाद को चिह्नित करते हुए आगे बढ़ाया। यही कारण है कि 75 जनपद का यूनिक प्रोडक्ट है, जिसे हमने वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट कहा। ओडीओपी को सरकार ने मार्केट, डिजाइनिंग, पैकेजिंग से जोड़ा तो इससे रोजगार का सृजन हुआ और परंपरागत उत्पादों का एक्सपोर्ट भी प्रारंभ हुआ। यूपी के 75 जनपदों में 75 जीआई प्रोडक्ट हैं, जिन्हें देश के अंदर मान्यता प्राप्त हुई है। यह संभावना यूपी में हैं। वाराणसी, भदोही व मुबारकपुर की साड़ियों के माध्यम से भी यूपी के पोटेंशियल को बढ़ाने का अवसर प्राप्त होता है। सिल्क एक्सपो इस फील्ड में यूपी की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बने, इस पर हमें प्रयास करना होगा।

### कपड़ा न केवल जीवन की आवश्यकता , बल्कि रोजगार सृजन का भी सशक्त माध्यम

सीएम योगी ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान का नारा सदैव से प्रचलित रहा है। जीव सृष्टि व किसी भी व्यक्ति के लिए हवा-पानी तो आवश्यक है ही, लेकिन रोटी, कपड़ा ,मकान भी आवश्यक है। कपड़ा न सिर्फ जीवन की आवश्यकता है, बल्कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के साथ ही रोजगार सृजन का भी सशक्त माध्यम भी है। रेशम, प्राचीन काल से ही इसकी अलग-अलग पद्धतियां रही हैं। 25 करोड़ की आबादी वाले यूपी में इस फील्ड में अनेक संभावनाएं विकसित हो सकती हैं। उप्र ने पिछले कुछ समय में प्रगति की है। पहले की तुलना में यह संतोषजनक है, लेकिन अभी उप्र जैसे बड़े राज्य की दृष्टि से यह अपर्याप्त है। यहां अत्यंत संभावनाएं हैं।

### काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद पर्यटकों की बढ़ी संख्या ने इस व्यापार को दी नई ऊंचाई

सीएम योगी ने कहा कि सभी को देखना चाहिए कि उत्तर प्रदेश के अंदर क्या संभावनाएं विकसित हो सकती हैं। यूपी में वाराणसी-भदोही, आजमगढ़ से लेकर वाराणसी तक, चाहे वह मुबारकपुर की साड़ी हो या वाराणसी की। सिल्क कलस्टर विकसित करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार ने इस दिशा में नए प्रयास को आगे बढ़ाया है। वाराणसी की सिल्क साड़ियां पूरे देश में हर मांगलिक कार्यक्रम के लिए पसंद बनती हैं। काशी विश्वनाथ धाम बढ़ने के बाद श्रद्धालुओं व पर्यटकों की बढ़ी संख्या ने इस व्यापार को नई ऊंचाई दी है। वाराणसी में एक्सपो मार्ट के माध्यम से ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर बनने के उपरांत इसमें काफी वृद्धि हुई है।

### यूपी में 9 क्लाइमेटिक जोन, अलग-अलग क्षेत्रों में कृषि उत्पादों को बढ़ाने का अवसर

सीएम योगी ने कहा कि यूपी जैसे राज्य में 9 क्लाइमेटिक जोन हैं। इनमें अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग कृषि उत्पादों को विकसित करने और आगे बढ़ाने का अवसर होता है। यूपी के अंदर यह संभावनाएं बहुत अच्छी बन सकती हैं। वाराणसी-आजमगढ़ प्राचीन काल से ही रेशम उद्योग का कलस्टर रहा है। लोकल स्तर पर रेशम का उत्पादन, प्रोसेसिंग, आगे की प्रक्रिया के साथ वस्त्र उत्पादन से जोड़ें। रॉ मटेरियल सस्ता मिलता है तो स्वाभाविक रूप से लागत भी सस्ती आएगी। समाज-मार्केट की डिमांड के अनुरूप उत्पाद आसानी से लोगों को उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। सरकार इस दिशा में प्रशिक्षण से जोड़ने, रॉ मटेरियल-प्रोसेसिंग के लिए सहयोग, मार्केटिंग व डिजाइनिंग के साथ जोड़ने में मदद करेगी।

### जनपदों के अलग-अलग उत्पाद यूपी के पोटेंशियल को देश-दुनिया के सामने रखते हैं

सीएम योगी ने कहा कि प्राचीन काल से ही यूपी का किसान-उद्यमी इससे जुड़ा रहा है, लेकिन उन्हें पिछली सरकार का दंश झेलना पड़ा था। समय के अनुरूप उचित प्रोत्साहन, डिजाइनिंग, पैकेजिंग के साथ उन्हें नहीं जोड़ा गया। यह केवल सिल्क ही नहीं, बल्कि परंपरागत उत्पाद के प्रत्येक क्षेत्र में ऐसा होता था। सीएम ने कहा कि भदोही में कॉरपेट, गोरखपुर में टेराकोटा उत्पाद मिलेगा। सबसे अधिक जीआई प्रोडक्ट वाराणसी में हैं। आगरा व कानपुर में चमड़ा उत्पाद, मुरादाबाद में पीतल उत्पाद, फिरोजाबाद में ग्लास, मेरठ में स्पोर्ट्स आइटम है यानी अलग-अलग जनपद के अलग-अलग उत्पाद यूपी के पोटेंशियल को देश-दुनिया के सामने रखता है। इसके माध्यम से यूपी परंपरागत उत्पादों के माध्यम से युवाओं-उद्यमियों को आगे बढ़ने का प्लेटफॉर्म उपलब्ध करा रहा है।

# मुडिया डीह आश्रम के दंगल केसरी बने जम्मू के राकेश पहलवान

- नेताजी की पुत्रवधू अर्पणा यादव ने धरती पुत्र के नाम का खिताब अपने हाथों सौंपा
- दंगल की पुरानी परम्परा को संजोने का काम रहे श्रीकृष्ण महाराज- राकेश सचान



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

बछरावां क्षेत्र के पठान गांव में स्थित प्रसिद्ध मुडिया डीह आश्रम में प्रदेश स्तरीय 25 वां विराट दंगल, मेला आयोजित हुआ। डे - नाइट दंगल का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान और राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने किया। फाइनल कुश्ती में जम्मू कश्मीर के पहलवान राकेश चैंपियन बने। नेपाल और देश के अन्य प्रांतों से आए पहलवानों ने कुश्ती के दांव पेंच दिखाकर लोगों का मनोरंजन किया राजा भानु प्रताप सिंह की स्मृति में 11000 की फाइनल कुश्ती राजा दिग्विजय सिंह के द्वारा कराईं आयीं। चैलेंज कुश्ती राकेश जम्मू कश्मीर व कानपुर के रवि पहलवान के बीच लड़ी गयीं। कांटे की यह कुश्ती ?16000 तक पहुंच गयी। आखिरकार राकेश पहलवान ने रवि को चारों खाने चित्त करके दंगल केसरी बने। इसके पहले सेमी फाइनल कुश्ती राकेश जम्मू व नितिन गाजियाबाद और रवि कानपुर व इटावा के विकास के मध्य हुई। सेमी फाइनल जीतकर राकेश और रवि पहलवान फाइनल में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के स्मृति में रू.11000 की कुश्ती ठाकुर बबलू सिंह मेरठ एवं कानपुर के शोभित पहलवान के बीच हुई। जिसमें बबलू को जीत मिली। हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव की स्मृति में 5100 की कुश्ती उनकी पत्नी शिखा श्रीवास्तव के द्वारा कराईं आयीं। जिसमें रवि यादव ने बनारस के श्यामाशीष को पटखनी दी। इसके अलावा नेपाल से आये पहलवान मेवा थापा, अयोध्या के बाबा बजरंगी, बनारस के दुर्वासा, रेलवे के शनि, गाजीपुर के नौशाद, दिल्ली के पहलवान नितिन यादव, हरियाणा आदि जनपदों से आए पहलवान रोमांचक कुश्तियां जीतने में सफल रहे दंगल में अतिथि जिला प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुडिया डीह आश्रम के पीठाधीश्वर श्रीकृष्ण महाराज देश की पुरानी परम्परा कुश्ती को आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य कर रहे है।

महिला आयोग की उपाध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की पुत्र वधू अपर्णा यादव ने महंत श्री कृष्ण महाराज के प्रयास की सराहना करते हुए कहा उनके द्वारा दंगल की प्राचीन प्रथा को संजोने और देश की भावी पीढ़ी को नशा मुक्त करने के अभियान की जीतनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी आयोजक महंत श्री कृष्ण महाराज ने सिल्वर जुबली दंगल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आये हुए सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उद्घोषक मंडल में शामिल दंगल के संस्थापक अध्यक्ष हीरा लाल यादव, शिक्षक प्रवेश यादव, नीरज चौरसिया, जय किशन कनौजिया ने पहलवानों उत्साह बढ़ाया, जोश पैदा किया। रेफरी की भूमिका सुरेंद्र पाठक ने अदा की राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष, एनपीएस के प्रबंधक शशिकांत शर्मा, धरती पुत्र मुलायम सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के आरपी राजन, अखिलेश माही, राम विलास यादव, शशि कपूर और पुष्कर पाल ने तरफ से विजेता उप विजेता पहलवान को पुरस्कार, शील्ड देकर उत्साह वर्धन किया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, एसडीएम स्नेहलता, यादवेंद्र पाल, पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह, जूही सिंह, डीके सिंह, नपाप अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, वीके शुक्ला, डॉ. मनीष सिंह चौहान, सरदार मनजीत सिंह, योगेश मोहन घिल्डियाल, राकेश, प्रथम यादव, संतोष चौरसिया डीडीसी वीरेंद्र यादव, भाजपा नेत्री अनीता श्रीवास्तव आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# उद्यान मंत्री बने सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत सक्रिय सदस्य



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सक्रिय सदस्यता अभियान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चलाया जा रहा एक महत्वपूर्ण अभियान है, जिसका उद्देश्य जन-जन को पार्टी से जोड़ना है।

इस अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ता और समर्थकों को सक्रिय सदस्य बनाया जा रहा है, जिससे वे पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। अपने आवास पंचवटी पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत सदस्यता ग्रहण की।

जनपद के भा0ज0पा0 अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने उद्यान मंत्री को पार्टी सदस्यता ग्रहण कराई। इस अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री ने की थी, जो खुद भी पार्टी के पहले सक्रिय सदस्य बने हैं। उद्यानमंत्री ने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान का मुख्य उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ता और समर्थकों को सक्रिय सदस्य बनाना,पार्टी की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी शामिल है।

# अवधेश प्रसाद ने कहा जानबूझ कर याचिका नहीं कराई गई खारिज, चुनाव लटकाने की कोशिश

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव को लेकर फंसे पेंच के बीच रविवार को सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने अपना पक्ष रखा और भाजपा के आरोपों को सिरे से खारिज किया। प्रेसक्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि चुनाव टालने के लिए भाजपा ने जान-बूझकर याचिका वापस लेने की प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया। इस वजह से याचिका खारिज नहीं हो सकी। अब भाजपा के लोग जनता के बीच अपने कृत्यों को छिपाने के लिए भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन जनता सब जान रही है।

उन्होंने कहा कि न्यायालय नियम-कानून के आधार पर चलता है। याचिका वापस लेने के लिए तमाम प्रक्रियाएं होती हैं। जब उन्होंने 12 जून को विधानसभा की सीट से इस्तीफा दे दिया और 13 जून को इसे स्वीकार कर लिया गया तो सीट रिक्त हो गई। यह याचिका मिल्कीपुर विधायक को लेकर दायर थी, लेकिन जब वह विधायक रहे ही नहीं, तो किस हैसियत से वकील खड़ा करेंगे। यदि भाजपा चुनाव की पक्षधर थी तो सीट रिक्त होते ही उन्हें याचिका वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करना था। जान-बूझकर चुनाव टालने के मकसद से ही ऐसा किया गया है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत के लिए भाजपा ने ऐड़ी-चोटी का जोर लगाया। तमाम बड़े नेताओं की फौज उतार दी, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया। इससे देश-दुनिया में अयोध्या-फैजाबाद की खूब चर्चा हुई। इसी से भाजपा डरी-सहमी है और एक साथ उपचुनाव नहीं कराना चाहती है। ताकि पूरा फोकस वह मिल्कीपुर पर ही कर सके और तंत्र का दुरुपयोग हो सके। भाजपा को डर है कि मिल्कीपुर उपचुनाव हारने पर वह कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं बचेंगे। लेकिन जनता ने इस बार भी भाजपा का सफाया करने का मन बना लिया है। इस मौके पर सपा जिला महासचिव बख्तियार खान, अमित प्रसाद, प्रधान सुनील यादव, अखिलेश चतुर्वेदी व अन्य मौजूद रहे।

भाजपा के पूर्व विधायक व याचिकाकर्ता बाबा गोरखनाथ ने कहा कि उन्होंने 22 अप्रैल 2022 को याचिका दाखिल की थी। समाजवादी पार्टी और उसके सांसद अवधेश प्रसाद जो ढिंढोरा पीट रहे हैं, वह तथ्यों से परे है। सपा सांसद झूठों के सरदार हैं। पहले मिल्कीपुर का उपचुनाव टलवाने के लिए हाईकोर्ट में एक दर्जन वकीलों को भेजा। अब कह रहे हैं कि हमने कोई वकील खड़ा नहीं किया।समाजवादी पार्टी और उसके सांसद अवधेश प्रसाद जो ढिंढोरा पीट रहे हैं, वह तथ्यों से परे है। सपा सांसद झूठों के सरदार हैं। पहले मिल्कीपुर का उपचुनाव टलवाने के लिए हाईकोर्ट में एक दर्जन वकीलों को भेजा। अब कह रहे हैं कि हमने कोई वकील खड़ा नहीं किया। जबकि सच यह है कि मेरी ओर से दायर याचिका को वापस लिए जाने का विरोध करने के लिए अवधेश प्रसाद का वकालतनामा लगा है। सपा चाहती है कि मिल्कीपुर का चुनाव टल जाए। समाजवादी पार्टी के नेता भाजपा से डर गए हैं।

# पर्यावरण की स्वच्छता एवं शुद्धता हेतु वृक्षारोपण आवश्यक: धीरेन्द्र प्रताप सिंह




**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद के तहसील तिलोई में स्थित प्राथमिक विद्यालय छवहिया में मंगलवार को वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने रमाकान्त मौर्य महामंत्री जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के साथ ÷एक पेड़ मां के नाम÷ के अन्तर्गत विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया।धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बच्चों को बताया कि विद्यालय की सौन्दर्यता के साथ ही साथ वृक्ष हमें आक्सीजन के रुप में जीवन प्रदान करते हैं।वृक्ष से ही हमें शुद्ध वायु व शुद्ध जल प्राप्त होता है।पेड़ पौधों से हमें आक्सीजन की प्राप्ति होती है।जो हमें जीवित रखने के लिए बहुत ही आवश्यक है। पेड़-पौधों की छाल औषधि बनाने के भी काम आती है।इनकी लकड़ियों से फर्नीचर बनाते जाते हैं।पेड़ों से हमें कागज की भी प्राप्ति होती है।पेड़ पौधे प्रकृति में संतुलन बनाते रखते हैं।हम सब संकल्प लें की घर पर ÷एक पेड़ मां के नाम÷अवश्य लगायेंगे।इस मौके पर प्रधानाध्यापक एवं अन्य अध्यापकों ने भी विद्यालय में वृक्षारोपण किया।

# पेंशन भोगी कोषागार में समय से प्रस्तुत करें जीवन प्रमाण पत्र: वरिष्ठ कोषाधिकारी

- जीवन प्रमाण पत्र फार्म कोषागार में निःशुल्क उपलब्ध

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ भावना श्रीवास्तव ने बताया है कि कोषागार द्वारा बैंकों के माध्यम से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशन भोगियों को सूचित किया जाता है कि किसी भी कार्य दिवस में कोषागार रायबरेली में बैंक पासबुक, पैन कार्ड, परिचय पत्र तथा आधार कार्ड के साथ स्वयं उपस्थित होकर अपना जीवन प्रमाण पत्र देना सुनिश्चित करें। जीवन प्रमाण पत्र के फार्म कोषागार में निःशुल्क उपलब्ध हैं।

कोषागार में पेंशन लेखाकार द्वारा पेंशनर के अभिलेखों से मिलान कर जीवन प्रमाण पत्र हस्ताक्षरित किया जाएगा। तत्पश्चात् पेंशनर द्वारा वरिष्ठ कोषाधिकारी/सहायक कोषाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन अधिकारी द्वारा पेंशनर को रसीद प्राप्त करायी जाएगी।

सम्बन्धित बैंक शाखा प्रबन्धकों को भी जीवन प्रमाण पत्र जारी करने हेतु अधिकृत किया गया है। अतः पेंशनर जिस बैंक की शाखा से पेंशन आहरित करता है वहां भी अपना जीवन प्रमाण पत्र दे सकता है, किन्तु बैंकों की शाखा से जारी जीवन प्रमाण पत्र बैंक के कवरिंग लेटर के साथ सम्बन्धित बैंक मुख्य शाखा प्रबन्धक से प्रतिहस्ताक्षरित कराकर कोषागार प्रेषित किया जाना होगा।

# 31 अक्टूबर दीपावली पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित: जिला जज

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिला जज तरुण सक्सेना ने बताया है कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, भैया दूज के अवसर पर स्थानीय अवकाश 04 नवम्बर 2024 को घोषित किया गया था। अब, इस न्यायपीठ के केंद्रीय बार एसोसिएशन और जिला बार एसोसिएशन के प्राप्त प्रस्ताव में अनुरोध किया गया है कि 04 नवम्बर 2024 (सोमवार) को भैया दूज के अवसर पर पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर दीपावली के अवसर पर 31 अक्टूबर 2024 को स्थानीय अवकाश घोषित किया जाए।जिसके मद्देनजर जिला जज द्वारा दीपावली के उपलक्ष्य में स्थानीय अवकाश अब 31 अक्टूबर 2024 (गुरुवार) को घोषित किया गया है। भैया दूज के उपलक्ष्य में पूर्व में 04 नवम्बर 2024 (सोमवार) को घोषित स्थानीय अवकाश को रद्द किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस न्यायपीठ के सभी न्यायालय 04 नवम्बर 2024 को खुले रहेंगे।

## हरी साड़ी पहनकर पहुंची माधवी लता

**अयोध्या।** तेलंगाना के हैदराबाद में ओवैसी के खिलाफ भाजपा से चुनाव लड़ने वाली हिंदूवादी अभिनेत्री डॉक्टर माधवी लता हरे रंग की साड़ी धारण कर अयोध्या पहुंची. उन्होंने हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन पूजन किया. अयोध्या पहुंची हिंदूवादी अभिनेत्री डॉक्टर माधवी लता ने रामलला के दर्शन के बाद कहा कि राम लला की दया हुई है जो उन्होंने मुझे बुलाया है. रामलला की आंख से निकला हुआ प्रकाश हमारे ऊपर पड़ा है।

# 500 वर्षों बाद ऐतिहासिक दीपावली की भव्य तैयारी

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**



प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में आठवें दीपोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। पूरी अयोध्या नगरी को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया जा रहा है. इस बार राम की पैड़ी पर 25 लाख दीपक जलाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित करने की योजना है।

खास बात यह है कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद पहली बार बालक राम के मंदिर को सजाया और संवारा जा रहा है। प्रभु श्री राम के मंदिर में विराजमान होने के बाद यह दीपावली ऐतिहासिक और बेहद खास होने वाली है. राम मंदिर ट्रस्ट भी इस विशेष दीपावली के आयोजन की तैयारी में जुटा हुआ है।

राम मंदिर परिसर की विशेष सजावट राम मंदिर परिसर को फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से भव्य रूप से सजाया जाएगा। दो दिनों तक पूरे परिसर में एक लाख दीपक जलाए जाएंगे, जिससे यह नजारा अद्वितीय होगा। राम मंदिर में जाने वाले सभी प्रमुख रास्तों पर तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं। वीआईपी गेट नंबर 11, बिरला धर्मशाला के सामने मुख्य द्वार, गेट नंबर 3 और गेट नंबर 2 को फूलों से सजाया जाएगा।

यह सजावट श्रद्धालुओं के लिए एक अलौकिक अनुभव प्रस्तुत करेगी. धार्मिक मान्यता है कि जब प्रभु श्री राम ने लंका विजय के बाद 14 वर्षों के वनवास से अयोध्या वापसी की थी, तो अयोध्यावासियों ने दीप जलाकर उनका स्वागत किया था. अब 500 वर्षों बाद, जब प्रभु श्री राम अपने मंदिर में विराजमान हुए हैं, यह दीपावली उसी ऐतिहासिक क्षण की पुनरावृत्ति के रूप में मानी जा रही है. रामलला के विराजित होने के बाद यह पहली दीपावली होने के कारण विशेष रूप से भव्य और अविस्मरणीय होगी।

# जिला टास्क फोर्स समिति की डीएम ने किया समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार को जिला टास्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, प्राचार्य डायट, जिला पंचायत राज अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक पैक्सफेड प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

बैठक में डीएम ने कायाकल्प के उन्नीस पैरामीटर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में निर्माण की प्रगति, निपुण,असेसमेंट टेस्ट,नेशनल अचीवमेंट सर्वे,मध्याह्न भोजन योजना एवं सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की।एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

निपुण असेसमेंट टेस्ट में जनपद के बेहतर प्रदर्शन के लिए बेहतर रणनीति के साथ कार्य किए जाने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए गए।एनबीएमसी पोर्टल से प्राप्त डाटा की समीक्षा की गई।साथ ही निर्देशित किया गया कि संघर्षशील विद्यालयों की निरंतर समीक्षा की जाए। एवं उनके मध्यम और सक्षम विद्यालयों की श्रेणियां लाया जाए। खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाध्यापकों को मीटिंग तथा संकुल बैठक के गुणवत्तापूर्ण आयोजन हेतु निर्देशित किया गया। अवशेष जर्जर भवनों की नीलामी शीघ्र कराए जाने हेतु कहा गया। तथा पैक्सफेड संस्था के प्रतिनिधि को शेष निर्माण कार्य शीघ्र कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# व्यापारियों की सुरक्षा हेतु प्रभावी कदम उठाये सरकार: पवन अग्रहरि



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली के ऊँचाहार क्षेत्र में हुई सर्राफा व्यवसायी शोभित कौशल के अपहरण के बाद की गई निर्मम हत्या से वैश्य समाज आक्रोशित है। शहर की ख्याति प्राप्त लब्ध प्रतिष्ठित संस्था राष्ट्रीय वैश्य स्वाभिमान संघ (पंजी) के जिलाध्यक्ष पवन अग्रहरि के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में वैश्य समाज के लोगों ने स्थानीय कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी को मांग-पत्र सौंपा।

दिये गये माँग-पत्र में लिखा गया है पुलिस की लचर कार्यशैली एवं लापरवाही से एक नौजवान व्यापारी ने अपने प्राणों की आहूति दे दी, यदि समय रहते पुलिस चेत जाती तो आज वैश्य समाज का यह नौजवान अपने परिवार के साथ होता। श्री अग्रहरि ने जिलाधिकारी से मांग की है कि दोषियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए प्रकरण को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलवाया जाये, पीड़ित परिवार को मुख्यमन्त्री राहत कोष से एक करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता दिलायी जाए, पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाय, परिजनों की सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस निर्गत करने के साथ-साथ व्यापारियों की सुरक्षा हेतु प्रभावी कदम उठाये जायें मांग-पत्र देने वालों में मुख्य रूप से इं. विजय रस्तोगी, शिवकुमार अग्रहरि, वीरेन्द्र अग्रहरि, शिवराम कौशल, सचिन कुमार, हरिओम अग्रहरि, आकाश गुप्ता, शुभम अग्रहरि, हीरा सोनी, राजकुमार अग्रहरि, सुधीर अग्रहरि, हिमाँशु अग्रहरि आदि लोग उपस्थित रहे।

## विधवा पेंशन के लाभार्थी भुगतान के लिए बैंक में कराएं डी0बी0टी0: जयपाल वर्मा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा ने बताया है कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन (विधवा पेंशन) प्राप्त कर रही समस्त लाभार्थियों का निदेशालय द्वारा आधार बेस्ड पेमेंट किया जा रहा है। परन्तु लाभार्थियों द्वारा डी0बी0टी0/एन0पी0सी0आई0 न कराने के कारण लाभार्थियों का भुगतान सम्भव नहीं हो पा रहा है। पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन की समस्त लाभार्थियों से अनुरोध है, कि सम्बन्धित बैंक से अविलम्ब डी0बी0टी0/एन0पी0सी0आई0 कराये, तथा जिन लाभार्थियों का किसी कारणवश राशन कार्ड नही बन पाया है। वह लाभार्थी जनसुनिधा केन्द्र के माध्यम से फैमिली आई0डी0 बनवाते हुए फैमिली आई0डी0 संख्या जिला प्रोबेशन कार्यालय को उपलब्ध कराएं जिससे ससमय पेंशन की धनराशि का भुगतान किया जा सके।

# शाहज़ान मज़हर ने यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर रायबरेली का मान बढ़ाया

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



शाहज़ान मज़हर ने यूजीसी नेट (राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा) 2024 में मैनेजमेंट विषय से शानदार सफलता हासिल कर रायबरेली का मान बढ़ाया है। यूजीसी ने 18 अक्टूबर 2024 को परिणाम घोषित किए, जिसमें शाहज़ान ने अपनी मेहनत और समर्पण से यह बड़ी उपलब्धि प्राप्त की। उनकी इस सफलता से पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है, और वे अब क्षेत्र के युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन गए हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित यूजीसी नेट 2024 के लिए कुल 11,21,225 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था, लेकिन केवल 6,84,224 उम्मीदवार ही परीक्षा में उपस्थित हो सके। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, केवल 4,970 उम्मीदवार जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए और 53,694 उम्मीदवार असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए पात्र घोषित किए गए हैं। ऐसे में शाहज़ान माज़हर की सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह उनके परिवार, शिक्षकों और रायबरेली जिले के लिए गर्व की बात है। शाहज़ान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और करीबी दोस्तों को दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया और उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा को पास करने के लिए कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है, वे आगे शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहते हैं। शाहज़ान की इस शानदार सफलता ने यह साबित कर दिया है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और पूरी निष्ठा से मेहनत की जाए, तो किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है।

# डॉ संपूर्णानंद मिश्र के संस्थान के नाम को बदलने पर रायबरेली के कांग्रेसियों में आक्रोश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर रायबरेली जिले के जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में कांग्रेस के पदाधिकारीयों ने ज्ञापन दिया। जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व संगठन प्रभारी ने बताया डॉ संपूर्णानंद स्पोर्ट स्टेडियम के नाम बदलने पर आज रायबरेली कांग्रेस ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर राष्ट्रपति से मांग की है कि भारतीय जनता पार्टी व उनके नेता नरेंद्र मोदी जी और योगी जी महापुरुषों का नाम बदलकर अपमान करने का काम कर रहे हैं अगर उन्हें नाम बदलने का ही बड़ा शौक है तो संस्थाएं खुद बनवावें और उन्हें अपने नाम से दर्ज करें इससे करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं हमारी मांग है यह नाम बदलने का काम सरकार बंद करे नहीं तो आने वाले समय में कांग्रेस बहुत बड़ा एक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष निर्मल शुक्ला सैदुल हसन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इलियास उर्फ मन्नी धीरज श्रीवास्तव शशिकांत पांडेय आयुष द्विवेदी अमरीश बाजपेई घनश्याम शुक्ला अभय सिंह अजय शर्मा आजम खान कुसुम लता



प्रमोद बाजपेई अजय सिंह राहुल वाजपेई जगदंबा वाजपेई अखिलेश अवस्थी अरविंद शुक्ला नितिन सिंह शिव प्रसाद चौधरी राजकुमार दीक्षित आशीष द्विवेदी मनोज मिश्रा मोहम्मद अरशद मोहम्मद सफ्फु ओम प्रकाश पाल यशपाल भारती गंगाराम पासी सत्येंद्र श्रीवास्तव अखिलेश शुक्ला सर्वोत्तम मिश्रा ओमप्रकाश त्रिपाठी कामतानाथ दौड़ कल्याण श्रीवास्तव अवधेश चौधरी अंजनी बाजपेई अभय सिंह रंजीत यादव मेराजुल फारुकी हरविंदर सलूजा राजा सिंह उस्मान घोसी प्रमोद पाण्डे मोहम्मद रासिद रमाकांत सिंह सोनू खान अभय त्रिवेदी शिवानंद मौर्य विजय पटेल सहित सैकड़ो कांग्रेस के जिला शहर के पदाधिकारी ज्ञापन देने में मौजूद रहे।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, बुधवार, 23 अक्टूबर, 2024






**शासन के निर्देश पर मिशन शक्ति फेज-5 का...**

उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री चक्रेश मिश्र के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के पढ़ें पेज 07 पर...

# अजय कपूर बीजेपी का दामन छोड़कर कांग्रेस में हुए शामिल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर द्वारा अपने कुनबे को और मजबूत करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय लखनऊ में विगत कुछ महीने पहले लोकसभा चुनाव से पूर्व में पूर्व विधायक अजय कपूर के साथ जो पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। बीते दिन वह सभी दक्षिण में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पुनः कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर घर वापसी की और कांग्रेस पार्टी की सदस्यता लेकर देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए नफरत के बाजार को खत्म कर मोहब्बत की दुकान जगह-जगह खोलने के लिए राहुल गांधी के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे श्रीमती सोनिया गांधी राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी जी एवं श्री अविनाश पांडे जी के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया



सदस्यता ग्रहण करने आए लोगों को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आदरणीय श्री अजय राय जी ने सभी को कांग्रेस पार्टी की तिरंगा पटिका पहनाकर शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी व पूर्व लोक सभा प्रत्यासी आलोक मिश्रा, संजीव मिश्रा की उपस्थित में सदस्यता कार्ड देकर सदस्यता ग्रहण कराई । प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय जी ने अपना संबोधन करते हुए संकल्प दिलाया कि आगामी 2027 के विधान सभा चुनाव में कानपुर कांग्रेस की सभी सीटें जीतकर श्री राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करते हुए कांग्रेस को आगे बढ़ाना है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से कानपुर यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष दीपक त्रिवेदी उर्फ बलली कानपुर महिला कांग्रेस दक्षिण की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पूजा भारद्वाज बहन फाउंडेशन की संयोजक श्रीमती सीता अग्निहोत्र दक्षिण कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अविनाश ठाकुर आनंद शर्मा दक्षिण कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट विनय मिश्रा आनंद शर्मा नफीस उल्ला सिद्दीकी अभिषेक मिश्रा आशीष मिश्रा राजेश पांडे राधेश्याम तिवारी ,विनय बाजपेई ,राकेश गुप्ता, सुरेंद्र तिवारी ,राजकुमार तिवारी ,शशि सिंह, प्रियंका शर्मा अहमदी बेगम, मनोज तिवारी सहित 150 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।

## सीसामऊ विधानसभा के उपचुनाव को लेकर वार्ड 49 में बूथ अध्यक्षों एवं पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन हुआ आयोजित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सीसामऊ विधानसभा के उप चुनाव के दृष्टिगत भाजपा द्वारा वार्ड 59 सीसामऊ उत्तरी में बूथ अध्यक्षों एवं पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें कल्याणपुर विधायक श्रीमती नीलिमा कटियार ,एमएलसी सलिल विश्नोई,भाजपा जिलाध्यक्ष दीपू पाण्डेय,जिला महामंत्री संतोष शुक्ला एवं पूर्व विधायक महेश बाल्मीकि ने बूथ अध्यक्ष और उनकी समिति से संवाद करते हुए चुनाव के दृष्टिगत आगामी कार्य योजना तय की ! और नित्य प्रति दिन घर घर सम्पर्क बढ़ाने पर जोर दिया गया ! बैठक का




आयोजन भाजपा वार्ड अध्यक्ष अमित बाजपेई और संचालन बृजेश सेठ ने किया !

इस मौके पर ज्ञानु मिश्रा,अनुभव सिंह,राहुल साहू,अंकित मिश्रा ऋतिक, मंशू वैश्य,हर्षित पंडित, हरिकिशन गुप्ता, सिद्धार्थ शुक्ला, गोविंद गुप्ता, नम्रता अवस्थी, गुंजन शर्मा, मुदित मिश्रा, धीरज साहू ,अंजू श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित थे।

## गैंगस्टर मामले में आरोपित को आठ साल तीन माह की सजा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

ऑपरेशन कन्वेंशन के तहत बिधनू थाना के पुलिस कर्मचारियों की प्रभावी पैरवी की वजह से मंगलवार को गैंगस्टर मामले के आरोपित को एडीजे-10 गैंगस्टर न्यायालय कानपुर नगर ने 8 वर्ष 3 माह के सश्रम कारावास के साथ ही 5 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। यह जानकारी पुलिस उपायुक्त दक्षिण अंकिता शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि बिधनू थाने में वर्ष 2016 में बिधनू के धौकी गांव निवासी बऊअन उर्फ विजय कान्त मिश्रा पुत्र श्रीकान्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। उप्र पुलिस के ऑपरेशन कन्वेंशन के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत बिधनू थाने पैरोकार आलोक प्रताप, कोर्ट मोहर्रिर शेखर यादव एडीजे कोर्ट, प्रभारी निरीक्षक बिधनू जितेन्द्र प्रताप सिंह और अभियोजक अधिकारी घनश्याम श्रीवास्तव की प्रभावी पैरवी की वजह से बऊअन उर्फ विजय कांत मिश्रा के खिलाफ दोष सिद्ध हो गया। एडीजे 10 गैंगसटर एक्ट कोर्ट ने मंगलवार को बऊअन उर्फ विजय कांत मिश्रा को 8 साल 3 माह की सश्रम कारावास एवं 5 हजार के अर्थदंड से दंडित किया।

## पारंपरिक कला रूप अभी भी हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा: डॉ.अर्चना सिंह



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

पारंपरिक कला रूप अभी भी हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। यह बात मंगलवार को चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के %वस्त्र एवं परिधान विभाग% में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए वस्त्र एवं परिधान विभाग के प्रभारी डॉ.अर्चना सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि मधुबनी और इकत जैसी पारंपरिक कला रूपों को बढ़ावा देना एवं महिला सशक्तिकरण के साथ साथ उद्योग को बढ़ावा देना भी था। कार्यशाला की सफलता ने यह साबित किया कि पारंपरिक कला रूप अभी भी हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। सीएसए के मीडिया प्रभारी डॉ.खलील खान ने बताया कि गृह विज्ञान महाविद्यालय के %वस्त्र एवं परिधान विभाग% में एक दिवसीय कार्यशाला %ट्रेडिशनल ग्लोबल आर्ट फॉर्म्स ~ इकत एवं मधुबनी% का आयोजन विभाग के %डाइंग एवं प्रिंटिंग% लैब में किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ वस्त्र एवं परिधान विभाग की प्रभारी डॉक्टर अर्चना सिंह की उपस्थिति में किया गया।कार्यशाला की शुरुआत मधुबनी और इकत कला के ऐतिहासिक परिचय से हुआ । इस अवसर पर छात्राओं को सबसे पहले विभिन्न प्रकार की मधुबनी डिजाइंस का प्रशिक्षण विभाग की शिक्षिका डा.इति दुबे के द्वारा दिया गया। जिसके बाद फेविक्रिल कंपनी की आर्ट एक्सपर्ट पारुल अग्रवाल के द्वारा मधुबनी कला की विभिन्न डिजाइनों में आकर्षक ढंग से रंग भरने की कलाकारी सिखाई गई।

## बनारस के स्टेडियम के नाम से बाबू सपूर्णानंद का नाम हटाए जाने को लेकर कांग्रेसियों ने किया विरोध



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा मूलगंज चौराहे पर विगत दिनो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बनारस के पुराने प्रतिष्ठित स्टेडियम के आधुनिक निर्माण का उद्घाटन किया गया था, उक्त स्टेडियम के उद्घाटन के साथ ही स्टेडियम से जुड़ा बाबू संपूर्णानंद का नाम हटा दिया गया जो काफी आपत्तिजनक एवं शर्मनाक ही नहीं बल्कि काशी एवं उसकी गौरवशाली विरासत का भी अपमान किया गया है। सरकार की इस घृणित कार्य से लाखों लोग आहत और दुखी हैं इसके विरोध में प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन मोहन शुक्ला श्याम देव सिंह, दिलीप शुक्ला लालता प्रसाद अवस्थी, पवन गुप्ता द्वारा प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहां संपूर्णानंद जैसे लोकप्रिय मनीषी राजनेता का नाम किसी प्रतिष्ठा से हटा दिया जाना सिर्फ उनका और काशी वासियों की भावनाओं का अपमान नहीं बल्कि काशी की विद्वत आचार्य परंपरा सत्य त्याग नैतिक मूल्य ईमानदारी आदि एक आदर्श राजनीति की प्रेरणास्पद विरासत और आजादी की लड़ाई के सेनानियों का भी अपमान है दुर्भाग्य से इसे उसे दल और उसकी सत्ता से जुड़े लोग नहीं समझ पाते हैं जो लोह पुरुष सरदार पटेल गुजरात स्टेडियम मोटेरा अहमदाबाद तक का भी नाम बदलकर नरेंद्र मोदी स्टेडियम करने की धृष्टता करते हैं जिसे कांग्रेस जन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा इन कार्यों के विरोध में जन आंदोलन करेंगे इसके पश्चात सभी कांग्रेस जनों के साथ संगठन प्रभारी दिलीप शुक्ला ने ज्ञापन पढ़ कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी कानपुर के माध्यम से विरोध जताते हुए दिया प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शंकर दत्त मिश्रा,पी एस बाजपेई, पदम मोहन मिश्रा, दिलीप बाजपेई,ग्रीन बाबू सोनकर, रकी सोनकर,शकील मंसूरी, आतिफ रहमान,अजय त्रिपाठी, नागेंद्र यादव संतोष गुप्ता, रामगोपाल उत्तम,संजय बाथम, आसिफ इकबाल,राजेश गुप्ता,रामचंद्र गुप्ता,नीरज तिवारी,रामजी दुबे, हाजी मो. आसिफ,उमप्रसाद मिश्रा,जितेंद्र ब्रह्म,राज लक्ष्मी सिंह,अजय शुक्ला डब्बू,चंद्र मणि मिश्र,राधेश्याम कश्यप,गणेश चौधरी, नूर अहमद, राकेश द्विवेदी, नसीम हीरा,मेराज अहमद, राजेंद्र बाल्मिकी,पप्पू नेता, राजेश खन्ना सहित सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## त्योहारों पर वाया कानपुर चलेंगी 50 से अधिक स्पेशल ट्रेनें

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

रेलवे ने त्योहार पर शहरवासियों को तोहफा दिया है। प्रीमियम, सुपरफास्ट और एक्सप्रेस ट्रेनें फुल होने के बाद हो रही दिक्कत को देखते हुए कई स्पेशल ट्रेनें संचालित की जाएंगी। इनमें से 50 से अधिक ट्रेनें वाया कानपुर होकर जाएंगी। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से कुल 130 स्पेशल ट्रेनों का संचालन की जाएंगी। ये सुपरफास्ट, क्लोन और वन-वे स्पेशल ट्रेनें हैं। ये ट्रेनें दिल्ली-हावड़ा, झांसी, लखनऊ रूट पर जाएंगी। उत्तर मध्य रेलवे के हेडक्वार्टर के पीआरओ डॉ. अमित मालवीय ने बताया कि कानपुर से काफी संख्या में यात्री दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल के साथ ही प्रदेश के पूर्वांचल के शहरों और मुंबई और दक्षिण भारत के सफर पर जाते हैं। इन रूटों को देखते हुए रेलवे स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर रहा है।

## उप्र में सर्दी के लिए पछुआ हवाओं का करें इंतजार, बारिश के नहीं आसार



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

मानसून वापसी के बाद से उत्तर प्रदेश का मौसम शुष्क बना हुआ है, जिससे दिन का तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है। ऐसे में लोगों के मन में सवाल उठता है कि सर्दी कब आएगी। इस पर मौसम विभाग का कहना है कि मानसून वापसी के बाद उत्तरी पश्चिमी हवाएं गंगा के मैदानी में सर्दी लाती हैं जो अभी चल नहीं रही हैं। उम्मीद है कि चार से पांच दिन में यह हवाएं आना शुरु कर देंगी, तब तक के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ेगा। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि अगले 24 घंटे में बंगाल की खाड़ी और उससे सटे अंडमान सागर के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके पश्चिम उत्तर की ओर बढ़ने से एक चक्रवाती तूफान भी बन सकता है, जिसके बाद उत्तर प्रदेश के मौसम में थोड़ा बदलाव आने की उम्मीद है। अनुमान है कि इससे पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में 25 अक्टूबर से बारिश के छींटे पड़ सकते हैं, जिससे तापमान में गिरावट आ सकती है। हालांकि सर्दी में इजाफा तभी होगा जब उत्तर पश्चिमी सर्द हवाएं गंगा के मैदानी इलाकों में आना शुरु कर देंगी। फिलहाल उत्तर पूर्वी हवाएं चल रही हैं जिससे दिन का तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है। दीपावली से पहले गुलाबी सर्दी पड़ने की संभावना है और इन दिनों किसानों के लिए यह मौसम अनुकूल है। उन्होंने बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 34.4 और न्यूनतम तापमान ?20.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 87 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 50 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पूर्व रहीं जिनकी औसत गति 2.8 किमी प्रति घंटा रही।मौसम पूर्वानुमान के अनुसार कानपुर में आगामी पांच दिनों में आसमान साफ रहने के कारण वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

## दीपावली पर्व के मद्देनजर माटी कला बोर्ड 23 अक्टूबर से सात दिवसीय प्रदर्शनी लगाएगा

- अधिक से अधिक प्रजापति समाज लगाए स्टॉल, निशुल्क मिलेगा स्थान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

योगी सरकार माटी कला बोर्ड के माध्यम से परम्परागत पैतृक कारीगर प्रजापति समाज की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए चलाई जा रही योजना के तहत दीपावली पर्व के मौके पर सात दिवसीय माटी कला प्रदर्शनी में स्टाल या दुकान लगाने के लिए निःशुल्क स्थान देने के लिए आवेदन मांगा है। स्टाल का आवंटन प्रथम आवत प्रथम पावत के आधार पर किया जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को कानपुर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि दीपावली पर्व के



अवसर पर उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड एवं उप्र खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड कानपुर के द्वारा सात दिवसीय माटी कला प्रदर्शनी 23 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक रेलवे परिसर मैदान निकट पराग डेरी निराला नगर कानपुर नगर में लगाई जाएगी। प्रदर्शनी में प्रदर्शनी में प्रजापति समाज के पैतृक कारीगर एवं माटी कला शिल्पी कारीगर तथा अन्य परम्परागत कारीगरों के द्वारा निर्मित उत्पाद लक्ष्मी-गणेश, दीपक एंव मिट्टी के खिलौने व अन्य उत्पादों की बिक्री की जायेगी। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले इच्छुक कारीगरों एवं अन्य के द्वारा मिट्टी से निर्मित सामानों की बिक्री हेतु निःशुल्क स्टाल विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। माटी कला के उत्पादों की बिक्री से मिट्टी के कारीगरों को रोजगार मिलेगा एवं पर्यावरण संतुलित रखने में सहयोग मिलेगा। अतः मिट्टी के कार्य करने वाले प्रजापति समाज के पैतृक कारीगर एवं माटी कला शिल्पी कारीगर अन्य परम्परागत कारीगरों से अनुरोध है कि माटी कला मेला में अधिक से अधिक प्रतिभाग करें। स्टाल नि॰ शुल्क है। स्टाल का आवंटन प्रथम आवत प्रथम पावत के आधार पर किया जायेगा। मेला में भाग लेने हेतु राजीव द्विवेदी मोबाइल नंबर 9956179776 एवं राजीव रावत मोबाइल नंबर 9795527109 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## युवती से अभद्रता मामले में जांच के बाद चौकी प्रभारी निलम्बित



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

मुम्बई से बरामद कर लाते समय युवती से गंदी हरकत करने वाले फेथफुलगंज चौकी प्रभारी गजेंद्र सिंह को जांच के बाद सोमवार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। इस सम्बंध में जानकारी अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर ने दी। उन्होंने बताया कि रेल बाजार थाने में दक्षिण जोन क्षेत्र की रहने वाली एक युवती की गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच के दौरान गुमशुदा युवती की लोकेशन मुम्बई में मिली तो उसे लेने के लिए चौकी प्रभारी फेथफुलगंज चौकी प्रभारी गजेंद्र सिंह को लगाया गया था। वह मुम्बई गए और बरामदगी के बाद वापस लौटते समय रास्ते में चौकी प्रभारी ने अभद्रता की। इस मामले की पीड़िता ने पुलिस विभाग के अधिकारियों से शिकायत किया। मामले को गम्भीरता से लेते हुए पूरे प्रकरण की जांच सहायक पुलिस आयुक्त कैंट को दी गई। जांच के दौरान मामला प्रथम दृष्टया सही पाया गया। जिससे सोमवार को चौकी प्रभारी गजेंद्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया।



## ड्राई नीडलिंग के प्रयोग से दूर किया जा सकता है तनाव: डॉ. सचिन कुमार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

दर्द निवारक दवा के सेवन से शरीर पर दुष्प्रभाव पड़ता है, लेकिन फिजियोथेरेपी में ड्राई ?नीडलिंग ऐसी आधुनिक तकनीक है जिससे मांसपेशियों का दर्द दूर करने में मदद मिलती है। इसके साथ ही तनाव को भी दूर किया जा सकता है। यह बातें सोमवार को सीएसजेएमयू में स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सचिन कुमार ने कही। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल आफ हेल्थ साइंसेस में दो साप्ताहिक फिजियोथेरेपी कार्यशाला चल रही है। सोमवार को आर्वी हेल्थ केयर गुरूग्राम के स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. सचिन कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि बेसिक लेवल ट्रिगर पॉइंट ड्राई नीडलिंग विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि ट्रिगर पॉइंट ड्राई नीडलिंग एक आधुनिक फिजियोथेरेपी तकनीक है, जो मांसपेशियों में दर्द और तनाव को दूर करने में मदद करती है।

## हिन्दुओं को संगठित करने का प्रण लेते हुए 21 जातियों के 30 युवाओं ने ली सशस्त्र संन्यास दीक्षा: मधुराम शरण शिवा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

श्रीहनुमान मन्दिर पनकी धाम में शिवशक्ति अखाड़े द्वारा आयोजित सशस्त्र संन्यास दीक्षा वृत्ति संस्कार में बीते दिन हिन्दू समाज की 21 विभिन्न जातियों के 30 साहसी युवाओं ने शिवशक्ति आर्मी प्रमुख श्री मधुराम शरण शिवा के नेतृत्व में सशस्त्र संन्यास दीक्षा ली। समर्थ हिन्दू, सशक्त हिन्दू, सशस्त्र हिन्दू बनाने का संकल्प लेकर सभी हिन्दुओं को संगठित करने का प्रण इन युवा संन्यासियों ने लिया है। मधुराम शरण शिवा ने बताया कि आगामी 25 अक्टूबर को बाबा आनंदेश्वर धाम परमट में पूजन कर यात्रा आरम्भ करेंगे, हर जिले हर नगर में जाएंगे, वहां पर 5 प्रकार की बैठकों का आयोजन किया जाएगा, पहली बैठक सभी हिन्दू जाति प्रमुखों से होगी, दूसरी बैठक लाइसेंस शस्त्रधारियों से होगी, तीसरी बैठक नगर की सभी रामलीला समिति गणेश उत्सव समितियों से होगी, चौथी बैठक 18 - 30 वर्ष की बहनों की, तथा पांचवी बैठक 18 - 30 वर्ष के भाइयों के साथ होगी। शीघ्र ही आगे पूरे





भारतवर्ष में इसका प्रसार होगा। शिवशक्ति अखाड़ा प्रमुख मधुराम शरण शिवा ने कहा कि, मुसलमानों का इतना डर हिन्दुओं के मन में बैठाया गया है कि मीडिया तक उनको मुस्लिम संबोधित करने से बचती है उन्हें वर्ग विशेष समुदाय विशेष का संविधान देकर समाचार प्रिंट इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल मीडिया में चलते हैं। मुस्लिमों द्वारा दंगा फसाद करते समय पुलिस भी शांति व्यवस्था बनाने के लिए उल्टा पीड़ित हिन्दुओं पर ही लाठीचार्ज करती है, और मौलवी काजियों को गुलाब के फूल देकर मुस्लिमों से शांति की अपील करती है। आखिर कब तक तक हिंदू ऐसे ही डराए धमकाए काटे जाते रहेंगे। आज आवश्यकता कि शस्त्रमेव जयते का पालन करते हुए हिन्दू युवाओं को शस्त्र धारण करना होगा, शस्त्र धारण करने से ही शास्त्र की धर्म की रक्षा होगी, धर्म की रक्षा होगी तो राष्ट्र सुरक्षित रहेगा। इस चेतना को जगाने का कार्य यह संन्यासी करेंगे। इस मौके में पुणे से कालीचरण जी महाराज पंजाब से साध्वी प्रियंका दीदी चित्रकूट से पूज्य मदन गोपाल पनकी महंत पूज्य कृष्ण दास महाराज , पंडित शिवा कांत जी महाराज मुख्य वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ जी ने भी अपने ओजस्वी वक्तव्यों से हिन्दू चेतना का जागरण किया।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# आखिर कब तक थमेंगे जम्मू-कश्मीर में हो रहे आतंकी हमले?

**सवाल है कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाए जाने के बाद यह पहला ऐसा मौका है जब विकास की परियोजना पर आतंकियों ने सीधे हमला किया है। जिस टनल के लिए यह मजदूर काम कर रहे थे वो भारत सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में से एक है। इस साल कश्मीर में टीआरएफ का ये पहला बड़ा हमला है। इससे पहले इस साल जम्मू में इस संगठन ने आतंकी हमले को अंजाम दिया। भले ही केंद्रीय गृह सचिव ने इस आतंकी हमले की जानकारी जम्मू कश्मीर डीजीपी से ली और आतंकियों के खिलाफ चल रहे काउंटर ऑपरेशन का भी ब्योरा लिया।**

*लीजिए, जम्मू-कश्मीर में एक और आतंकवादी हमला हो गया, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग मारे गए। यह नृशंस वारदात किसकी शह पर हुई और किसकी नीतिगत लापरवाही से हुई, यह पुनः विमर्श का विषय है! क्योंकि हमारे देश में ऐसी घटनाएं आए दिन की बात हो चली हैं और राष्ट्र के किसी न किसी हिस्से में घटित होती रहती हैं। आखिर इस घटना के क्या मायने हैं, इस पर विचार करने से पहले एक सुलगता हुआ सवाल मेरे मनमस्तिष्क में कौंध रहा है कि आखिरकार %खूनी होते जा रहे लोकतंत्र और इसको संरक्षित करने वाले संवैधानिक तंत्र के पास ऐसी वहशी वारदातों को रोकने के लिए अबतक कोई स्थायी मूलमंत्र क्यों नहीं मिला है? आखिर कब तक ऐसी अप्रत्याशित घटनाओं के खात्मे होंगे और इसे प्रोत्साहित करने वाले लोगों और उन्हें रोकने में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार लोगों पर ठोस कार्रवाई कबतक सुनिश्चित की जाएगी, ताकि ऐसी वारदातों पर पूर्ण विराम लग सके! यदि नहीं, तो क्यों नहीं? आम जनता को जवाब चाहिए। क्योंकि इस बद से बदतर स्थिति के लिए हमारी राजनीति और उसके इशारे पर थिरकने वाला प्रशासन भी कहीं न कहीं जिम्मेदार अवश्य है। बस इसके न्यायसंगत पड़ताल की जरूरत है, जो बीते कई दशकों से नहीं हो पा रही है! उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में आतंकियों ने एक और कायराना हमला करते हुए 7 मेहनतकश लोगों की उस वक्त जान ले ली, जब वो खाना खाने के लिए मेस में बैठे हुए थे। इस आतंकी वारदात में मरने वालों में एक स्थानीय डॉक्टर और टनल निर्माण में लगे 6 कर्मचारी भी शामिल हैं, जिनमें से 5 लोग बाहरी राज्यों से थे। उनमें 2 अधिकारी वर्ग के और 3 श्रमिक वर्ग के थे। वहीं, इस नृशंस हमले में 5 अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह हमला सोनमर्ग इलाके में हुआ और घटना के बाद सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में हुए आतंकी हमले में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। यह हमला रात करीब 8ः30 बजे हुआ, जब सभी कर्मचारी खाना खाने के लिए मेस में एकत्र हुए थे। चश्मदीदों के मुताबिक, जब कर्मचारी मेस में भोजन कर रहे थे, तभी 3 आतंकी वहां पहुंचे और अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इससे पहले कि कोई प्रतिक्रिया कर पाता, आतंकी हमला करके वहां से फरार हो गए। इस गोलीबारी में दो वाहन भी आग की चपेट में आकर जलकर खाक हो गए। खबरों के अनुसार, इस हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' ने ली है। जिसकी अविलंब कमर तोड़ देनी चाहिए। मसलन, प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि जिन श्रमिकों पर हमला हुआ, वे जेड मोड़ सुरंग परियोजना में काम कर रहे थे, जो गगनगीर घाटी को सोनमर्ग से जोड़ने वाली एक सुरंग है। इसका निर्माण उत्तर प्रदेश की एप्को नामक कंपनी द्वारा किया जा रहा है और इसे 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके चलते वहां तेजी से काम चल रहा था। सवाल है कि जब धारा 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हाल ही में नई सरकार का गठन हुआ है और नेशनल कांफ्रेंस के चीफ उमर अब्दुल्ला ने घाटी में सरकार बनाई है।*

## एक्सप्रेस आलेख

राष्ट्र और राज्य विनाशकारी से रचनात्मक मानसिकता में बदल गए हैं, और अगर हम इस मानसिकता को विकसित करना जारी रखते हैं, तो हम निस्संदेह एक या दो दशक में विश्व गुरु बन जाएंगे। ऐसा करने के लिए, हमें चुनाव के दिन मतदान करना चाहिए और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। याद रखें, हमने मूल रूप से प्रत्येक व्यक्ति की अपने जीवन के सभी पहलुओं में उन्नति में सहायता करने के लिए एक तरीका चुना है। एक लापरवाह मानसिकता के साथ, एक उम्मीदवार जो केवल अपने परिवार या पार्टी के लिए काम करता है, अगर वह जीतता है तो आंतरिक सुरक्षा सहित सभी मोर्चों पर हमें सभी समस्याएं पैदा करेगा।

# हिंदुओं के लिए सौ फीसदी मतदान क्यों आवश्यक



**पंकज जगन्नाथ**

**कुछ लोग मानते हैं कि सभी पक्ष समान हैं और नैतिक रूप से व्यवहार नहीं करते हैं। हाँ, हम सभी कुछ हद तक सहमत हो सकते हैं, लेकिन जब हम हज़ारों साल पीछे देखते हैं और दुनिया भर के अन्य देशों से इसकी तुलना करते हैं, तो हम देख सकते हैं कि अतीत में जो परिदृश्य मौजूद था, वह आज भी कुछ हद तक मौजूद है।**

2024 के लोकसभा चुनाव और हाल ही में हुए हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे हिंदू समुदाय के लिए एक मूल्यवान सबक हैं। लोकसभा के नतीजों ने हिंदू समुदाय को जल्द ही जागने और एकजुट होने के लिए एक दिव्य चेतावनी के रूप में काम किया है। अगर हिंदू एकजुट नहीं हुए और 100त्न मतदान नहीं किया, तो कुछ वंशवादी राजनीतिक दल, स्वार्थी बुद्धिजीवी और वैश्विक बाजार की ताकतें हम पर शरिया और वामपंथी संस्कृति थोप देंगी, हमारे डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा दिए गए संविधान को खारिज कर देंगी और हमारे सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक हालात पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान बना देंगी। लोकसभा चुनावों के समय से, हमने देखा है कि कैसे पूरे समाज में झूठी कहानियाँ फैलाई जा रही हैं। हिंदू समुदाय में कलह पैदा करने वाली दो झूठी कहानियाँ थीं कि अगर भाजपा सरकार फिर से चुनी गई, तो संविधान बदल दिया जाएगा और आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। लोकसभा चुनावों के बाद, जब लोगों को एहसास हुआ कि संविधान नहीं बदला जा सकता है और आरक्षण खत्म नहीं किया जाएगा, तो भाजपा ने तीसरी बार हरियाणा जीता। अब जबकि संवैधानिक विमर्श विफल हो रहा है, महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में नये नये फर्जी विमर्श फैला रहे है, और यह भविष्य के चुनावों में भी जारी रहेगा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए भ्रामक विमर्श यह है कि अगर भाजपा सरकार फिर से चुनी गई, तो महाराष्ट्र गुजरात से जुड़ जाएगा। कृपया ध्यान रखें कि जातिवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद उस संगठन में बर्दाश्त नहीं किया जाता है जहाँ पीएम मोदी ने अपनी सोच विकसित की है; वे राष्ट्र प्रथम की मानसिकता, भावना और विचारों के साथ बने और बढे हैं। नतीजतन, उन्होंने पिछले दस वर्षों में कभी भी ऐसी गंदी राजनीति नहीं की है और भविष्य में भी ऐसा नहीं करेंगे। इस संबंध में जो झूठी कथा फैलाई जा रही है वह यह है कि महाराष्ट्र से उद्यम गुजरात में स्थानांतरित किए जा रहे हैं; यदि यह सच है, तो महाराष्ट्र आर्थिक निवेश में महत्वपूर्ण अंतर से भी नंबर एक कैसे रह सकता है? ये सभी फर्जी विमर्श लोगों को धोखा देने और सत्ता हासिल करने के लिए बनाए गए हैं। हमें इन झूठे विमर्श में से किसी के आगे झुके बिना



**महाराष्ट्र, झारखंड और अन्य राज्यों को राष्ट्र-प्रथम दर्शन का निर्माण करना चाहिए जो राष्ट्र के विकास और सुरक्षा के लिए सनातन धर्म की प्रासंगिकता को पहचानता हो, और फिर ऐसी सरकार का चुनाव करें या फिर से चुनाव करें। राष्ट्र और राज्य विनाशकारी से रचनात्मक मानसिकता में बदल गए हैं।**

एकजुट होकर मतदान करना चाहिए। लोकसभा और हाल ही में हुए दो विधानसभा चुनावों में हमने एक अजीब तरह की मानसिकता देखी। यानी मुस्लिम समुदाय को उनका विकास करने वाली सरकार से कोई लेना-देना नहीं है, उनके लिए सिर्फ मजहब ही मायने रखता है और इसमें कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन जो सरकार पिछले दस सालों से ÷सबका साथ, सबका विकास÷ की नीति पर काम कर रही है, जिसकी योजनाओं का मुस्लिम समुदाय को भरपूर लाभ मिला है और अभी भी मिल रहा है, लेकिन विपक्षी उम्मीदवारों को सामूहिक रूप से वोट देने का कारण यह समझ में आया की वे सिर्फ मजहब और शरीयत पर भरोसा करते हैं और उन्हें उसके हिसाब से मनचाहा उम्मीदवार मिल सके। हालांकि, जिन इलाकों में हिंदू बहुसंख्यक हैं, वहां वे वोट नहीं देते या अपने परिवार के साथ पिकनिक पर जाते चले जाते है, वहापर भी मुसलमानों ने विपक्षी उम्मीदवार को चुना; वह उम्मीदवार योग्य है या नहीं, यह अलग मुद्दा है, उसके पीछे का उद्देश हमे समझना होगा। कई हिंदू मानते हैं कि वोट देना व्यर्थ है (मेरे एक वोट से क्या फर्क पड़ता है)। नतीजतन, शहरों और महानगरों में मतदान प्रतिशत कम है। जो कोई भी विभिन्न राज्यों और भारत को सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक विकास के सभी पहलुओं में महान राष्ट्र के रूप में देखना चाहता है, उसे बड़े संदर्भ यानी देश के बारे में सोचना चाहिए। हर वोट राज्य और राष्ट्र को मजबूत बनाने के साथ-साथ आंतरिक और बाहरी दुश्मनों के खिलाफ संघर्ष में भी योगदान देता है। हमने अपने अद्भुत राज्यों और राष्ट्र में कई आपदाएँ देखी हैं, और हम ऐसी मानसिकता में गिर गए हैं जो कोई भी नहीं चाहता। हाल के दशकों में बनी ÷औपनिवेशिक मानसिकता÷ ने वंशवादी राजनीतिक दलों के निजी हितों की मदद की है, इसलिए वे ऐसी लाभकारी मानसिकता को बदलने के लिए अनिच्छुक हैं। अगर हम वास्तव में अपने आंतरिक और बाहरी विरोधियों में खौप पैदा करना चाहते हैं, तो हमें वोट देना चाहिए। हिंदुओं का वोट देने का आग्रह अन्य धर्मों के प्रति शत्रुता पर आधारित नहीं है, बल्कि इस तथ्य पर आधारित है कि जब हिंदू समाज एक साथ काम करता है, तो इससे सभी को लाभ होता है और राष्ट्र प्रथम के दृष्टिकोण के साथ काम करता है। जब कोई देशभक्त ईवीएम का बटन दबाता है, तो यह आंतरिक और बाहरी विरोधियों के सिर पर आघात पहुंचाता है। कुछ लोग तर्क दे सकते हैं कि दस साल बाद भी, कई बाधाएं हैं। हाँ, सभी सहमत होंगे, लेकिन हमें जीवन में अपने स्वयं के विशेष अनुभवों की जांच करनी चाहिए। हम जो कुछ भी हैं, वह हमारे पूर्वजों और परिवार की बाद की पीढ़ियों के श्रम का परिणाम है। इसी तरह, इस विशाल देश में 24 करोड़ से अधिक परिवार हैं, जिनमें से प्रत्येक राज्य में लाखों परिवार हैं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी संस्कृति, राजनीतिक विचार और सभी स्तरों पर प्रशासन और शासन के रूप हैं। राज्यों को धर्म, सांस्कृतिक पहचान, राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास, सांस्कृतिक संरक्षण, आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने, सकारात्मक आर्थिक चक्र परिवर्तन, आत्मनिर्भर भारत के हिस्से के रूप में विभिन्न स्व आधारित नीतियों और कार्यान्वयन और स्व की ओर बढ़ते हुए औपनिवेशिक मानसिकता को हटाने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## एक्सप्रेस कविता

*अपने अंदाज ही बड़े निराले हैं*
*प्यार के जख्म दिल में पाले हैं।*
*मौज करते हैं मांग मांग कर*
*जो मजबूत हाथ पैर वाले हैं।*
*जिंदगी में जो रंगीन दिखते हैं*
*दिल के कुछ गोरे कुछ काले हैं।*



*मौत तो आसान हो गई है अब*
*पर जिंदगानी के पड़े लाले हैं।*
*बादलों का अता पता भी नहीं*
*सुखी नदिया और शुष्क नाले हैं।*
*रिश्तो की कमी नहीं रही कभी*
*पर सब मुझे आजमाने वाले हैं।*
*देखो चेहरा उनका खिल गया है*
*प्यार के रंग हमने इतने डाले हैं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***जीवन का सबसे बड़ा गुरू वक्त होता है क्योंकी जो वक्त सिखाता है वो कोई नहीं सीख पाता !***

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 25:22 तक |
| नक्षत्रः | पुनर्वसु 30:12 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | बुधवार |
| योगः | शिव, 08:41 |
| सूर्योदयः | 06:31 |
| सूर्यास्तः | 17:39 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 12:05-13:29 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:43-12:28 |

## जन एक्सप्रेस

### बाज नहीं पर आया !

*खाया मुंह की बार बार ।*
*बाज नहीं पर आया ।।*
*शायद पाकिस्तान पर ।*
*फिर ख़तरा मंडराया ।।*
*असर नहीं चेतावनी का ।*
*ना बदली है चाल ।।*
*लगता बड़ा सबक ।*
*है मिलना हर हाल ।।*
*होती दुम ना सीधी ।*
*ना बदला मिजाज़ ।।*
*घटनाएं अचानक ।*
*है इसमें कुछ राज ।।*
*बड़ी कार्रवाई के ।*
*मिल रहे संकेत ।।*
*हो सकता है उनका ।*
*त्वरित ही आखेट ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# प्रदूषण से होने वाले सिरदर्द से बचने के आयुर्वेदिक उपाय



**आजकल** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के कारण सिरदर्द की समस्या तेजी से बढ़ रही है। खासकर जिन लोगों को पहले से माइग्रेन या साइनस की समस्या है, उन्हें प्रदूषण के कारण सिरदर्द और ज्यादा परेशान करता है। दरअसल, वायु में मौजूद छोटे-छोटे प्रदूषण के कण जब नाक के द्वारा हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं, तो वे श्वसन तंत्र को प्रभावित करते हैं और इसके कारण सिरदर्द, थकान और आंखों में जलन की समस्या होती है। आयुर्वेद के अनुसार, प्रदूषण से सिरदर्द का मुख्य कारण वात और पित्त दोष का असंतुलन होता है। आयुर्वेद में इस प्रकार के सिरदर्द का इलाज प्राकृतिक और घरेलू उपायों से किया जा सकता है, जो शरीर को संतुलित रखते हैं और जहरीले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करते हैं।

**प्रदूषण से होने वाले सिरदर्द के कारणः** सिरदर्द एक सामान्य समस्या है, लेकिन जब यह प्रदूषण के कारण होता है, तो इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। वायु में धूल, धुआं और अन्य हानिकारक कण हमारे शरीर में एलर्जी और सूजन का कारण बन सकते हैं, जिससे सिरदर्द होता है।

**तुलसी का सेवनः** तुलसी को आयुर्वेद में एक बेहतरीन औषधि के रूप में जाना जाता है। तुलसी की पत्तियां प्रदूषण से होने वाले सिरदर्द को दूर करने में मदद करती हैं। इसके लिए आप तुलसी की कुछ पत्तियों को पानी में उबालकर इसका सेवन कर सकते हैं। तुलसी न केवल सिरदर्द को कम करती है, बल्कि यह श्वसन तंत्र को साफ करती है और शरीर को डिटॉक्सिफाई करती है। तुलसी और अदरक को चाय में डालकर पीने से भी सिरदर्द में राहत मिलती है। इन दोनों में एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं जो सूजन को कम करते हैं।

**नस्य (नाक की सफाई):** आयुर्वेद में नस्य क्रिया को सिरदर्द के उपचार के रूप में बहुत प्रभावी माना गया है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें औषधीय तेल को नाक में डाला जाता है, जिससे साइनस साफ होते हैं और सिरदर्द से राहत मिलती है। अणु तेल या शुद्ध घी का उपयोग नस्य क्रिया के लिए किया जा सकता है। यह प्रदूषण से नाक और श्वसन तंत्र में जमा धूल और गंदगी को साफ करने में मदद करता है।

**ध्यान और प्राणायामः** प्रदूषण के कारण मानसिक तनाव और सिरदर्द की समस्या और भी बढ़ जाती है। ऐसे में ध्यान और प्राणायाम सिरदर्द से राहत दिलाने का एक प्रभावी तरीका हो सकता है। नियमित रूप से ध्यान करने से मस्तिष्क को शांति मिलती है और तनाव कम होता है। वहीं प्राणायाम से श्वसन तंत्र साफ होता है और प्रदूषण से होने वाली समस्याओं से बचाव होता है।

**अदरक और शहदः** अदरक में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो सिरदर्द को कम करने में मदद करते हैं। आप अदरक का रस निकालकर उसमें शहद मिलाकर सेवन कर सकते हैं। यह उपाय सिरदर्द को जल्दी राहत देने में मदद करता है।

## एक्सप्रेस विशेष

# पीएचडी में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के मायने



**प्रियंका सौरभ**

**फिनलैंड और डेनमार्क जैसे देशों में, विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करने के लिए उद्योग भागीदारों के साथ सहयोग करते हैं कि पीएचडी उम्मीदवार वास्तविक दुनिया के साथ अनुसंधान परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं।**

**नेशनल** एलिजिबिलिटी टेस्ट (यूजीसी नेट या एनटीए-यूजीसी-नेट) कॉलेज और विश्वविद्यालय स्तर के लेक्चररशिप के लिए योग्यता और भारतीय नागरिकों के लिए जूनियर रिसर्च फेलोशिप के पुरस्कार के लिए निर्धारित करने के लिए एक परीक्षा है। इसका उद्देश्य शिक्षण व्यवसायों और अनुसंधान में प्रवेशकों के लिए न्यूनतम मानक सुनिश्चित करना है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) सहायक प्रोफेसर के लिए पात्रता या केवल जूनियर रिसर्च फेलोशिप और सहायक प्रोफेसर की योग्यता के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों और कॉलेजों दोनों में भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए परीक्षा आयोजित करती है। पारंपरिक रूप से जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) और सहायक प्रोफेसरशिप पात्रता के लिए उपयोग की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनईटी) अब भारत में पीएचडी प्रवेश के लिए एक प्रमुख मानदंड बन गई है। इस बदलाव ने अकादमिक समुदाय के भीतर इस चिंता के कारण नई बहस छेड़ दी है कि क्या परीक्षण वास्तविक शोध क्षमता की पहचान करने के लिए उपयुक्त है। नेट एक बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) आधारित परीक्षा है जो मुख्य रूप से स्मृति और याददाश्त जैसी निचले क्रम की संज्ञानात्मक क्षमताओं का आकलन करती है। ये क्षमताएं कुछ संदर्भों में उपयोगी हैं लेकिन डॉक्टरेट स्तर के अनुसंधान के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता और विश्लेषणात्मक कौशल का मूल्यांकन करने में कम पड़ जाती हैं। पीएचडी अनुसंधान जटिल विचारों, मौजूदा ज्ञान के महत्वपूर्ण विश्लेषण और मूल अंतर्दृष्टि में योगदान करने के लिए रचनात्मकता की मांग करता है, विशेष रूप से साहित्य, सामाजिक विज्ञान और मानविकी जैसे विषयों में तथ्यात्मक स्मरण और तुच्छ प्रश्नों पर नेट का ध्यान उम्मीदवारों की प्रदर्शन करने की क्षमता को कमजोर करता है। सूक्ष्म तर्क विकसित करने और व्यापक सैद्धांतिक अवधारणाओं के साथ जुड़ने की उनकी क्षमता। नेट स्कोर पर निर्भरता से हाशिये पर रहने वाले समुदाय असमान रूप से प्रभावित होते हैं। इन छात्रों को अकसर प्रणालीगत बाधाओं का सामना करना पड़ता है, जैसे संसाधनों तक सीमित पहुंच और उच्च लागत वाली कोचिंग, जो नेट पास करने के लिए तेजी से आवश्यक होती जा रही हैं। परिणामस्वरूप, इन पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली व्यक्तियों को उनकी बौद्धिक क्षमता के बावजूद पीएचडी कार्यक्रमों से बाहर रखा जा सकता है। नेट के माध्यम से पीएचडी प्रवेश के केंद्रीकरण से उच्च शिक्षण संस्थानों की स्वायत्तता को खतरा है। परंपरागत रूप से, विश्वविद्यालयों को अपने शोध प्रस्तावों, साक्षात्कार और अनुशासन-विशिष्ट परीक्षणों के आधार पर उम्मीदवारों का चयन करने की स्वतंत्रता है। यह स्वायत्तता संस्थानों को उन उम्मीदवारों को भर्ती करने की अनुमति देती है जो उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप होते हैं। एक आकार-सभी के लिए उपयुक्त दृष्टिकोण के माध्यम से प्रवेश को केंद्रीकृत करने से उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण विविधता और नवाचार के क्षीण होने का जोखिम होता है, जैसे कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) ने पहले ही भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली में संस्थागत स्वायत्तता के क्षरण के बारे में चिंता जताई है। नेट प्रणाली छात्रों को डॉक्टरेट अनुसंधान की कठोरता के लिए तैयार नहीं करती है। पीएचडी उम्मीदवारों से अपेक्षा की जाती है कि वे मूल अंतर्दृष्टि प्रदान करें, सहकर्मी-समीक्षित पत्रिकाओं में प्रकाशित करें और विद्वानों के प्रवचन में संलग्न हों-प्रतिभाशाली छात्रों का विदेश में पलायन पीएचडी कार्यक्रमों के लिए संस्थानों को घरेलू प्रणाली की सीमाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, जहां मानकीकृत परीक्षण पर जोर को रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को दबाने के रूप में देखा जाता है। नेट पर बढ़ती निर्भरता अनजाने में भारत में शोध के दायरे को सीमित कर सकती है। अनुसंधान विचार, कार्यप्रणाली और परिप्रेक्ष्य की विविधता पर पनपता है। नेट जैसे मानकीकृत परीक्षण, जो आलोचनात्मक सोच पर याद रखने को प्राथमिकता देते हैं, ऐसे विद्वान पैदा कर सकते हैं जो परीक्षा उत्तीर्ण करने में माहिर हैं लेकिन ज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाने की क्षमता का अभाव है, पूछताछ की यह संकीर्णता नवाचार और मूल विचारों के विकास, दोनों को सीमित कर सकती है शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के लिए महत्वपूर्ण हैं। विश्वविद्यालय पीएचडी प्रवेश के लिए समग्र दृष्टिकोण का उपयोग करते हैं।

**जर्मनी में छात्र स्नातक अध्ययन से सीधे पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश कर सकते हैं, बशर्ते वे असाधारण शोध क्षमता और अकादमिक प्रदर्शन प्रदर्शित करें) ) विभिन्न शैक्षणिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को पीएचडी कार्यक्रमों के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करना। आवेदकों का मूल्यांकन अनुसंधान में विभिन्न दृष्टिकोण लाने की उनकी क्षमता के आधार पर किया जाता है।**

# छात्र को बचाने आए प्रधानाचार्य को देख हमलावरों ने लहराया तमंचा, चार पकड़े गए

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**



**लखीमपुर खीरी।** थाना नीमगांव क्षेत्र के गांव से सनसनीखेज मामला सामने आया जहां के गांव देवरी में अतिरिक्त क्लास में पढ़कर घर जा रहे माया देवी पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र को हमलावरों ने रोक लिया और उसकी जमकर पिटाई करने लगे। कॉलेज के प्रधानाचार्य के मौके पर पहुंचने पर आरोपी तमंचा लहराने लगे। प्रधानाचार्य ने ग्रामीणों की मदद से तमंचा समेत चार आरोपियों को पकड़ लिया। तीन बाइकों और आरोपियों को तमंचा समेत पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने प्रधानाचार्य की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एक आरोपी के हाथ में तमंचा पकड़े होने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।गांव देवरी निवासी संदीप सिंह ने बताया कि वह गांव में स्थित माया देवी पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत हैं। 21 अक्टूबर को गांव भदूरी निवासी छात्र अचल वर्मा कॉलेज से अतिरिक्त क्लास लेने के बाद घर वापस जा रहा था। पुराने विवाद को लेकर भदूरी निवासी धीरेंद्र वर्मा, अर्पित वर्मा, नयापुरवा निवासी करन वर्मा और थाना हैदराबाद के गांव जार निवासी अनुराग वर्मा ने अपने तीन अज्ञात लोगों के साथ छात्र अचल वर्मा को रास्ते में रोक लिया और उसे बेहरमी से पीटने लगे।जानकारी मिलने पर वह विद्यालय के चार अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। उसी समय धीरेंद्र वर्मा ने फेट में लगा तमंचा निकाल लिया और लहराने लगा और अचल वर्मा को जान से मारने की धमकी देने लगा। तभी गांव के लोग भी आ गए, जिनकी मदद से उन्होंने आरोपी धीरेंद्र वर्मा, अर्पित वर्मा, करन वर्मा व अनुराग वर्मा को पकड़ लिया। तीनों की बाइकें भी मौके से बरामद कर तमंचा, बाइक समेत चारों आरोपियों को पुलिस को सौंप दिया। किसी ने तमंचा लहराते हुए आरोपी धीरेंद्र का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने प्रधानाचार्य की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एसओ सुनीता कुशवाहा ने बताया कि बाइकों को सीज कर दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# दुकान में की तोड़फोड़, दंपती को जमकर पीटा आरोपी दिखा रहा दबंगई

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

■ पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है

थाना मझगई क्षेत्र के गांव त्रिलोकपुर में तेज रफ्तार बाइक चलाने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इससे नाराज बाइक चालक अपने कई साथियों के साथ आरोपी की दुकान पर पहुंचे और दुकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर दुकान पर बैठी महिला और उसके पति की लोहे की रॉड, लाठी और डंडों से जमकर पिटाई कर दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल दंपती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव त्रिलोकपुर निवासी अमरनाथ उर्फ चंदन ने बताया कि वह अनुसूचित जाति का है। घर के सामने रास्ते पर गांव नौगवां निवासी रोहित कुमार बाइक लेकर तेज रफ्तार से निकला था। इस दौरान घर के बाहर खेल रहे बच्चे बाइक की चपेट में आने से बच गए। यह देख उसने रोहित कुमार से सिर्फ इतना कहा कि गाड़ी सही से चलाया करो। इतना कहने पर रोहित कुमार जाति सूचक गालियां देता हुआ चला गया। उसके बाद शाम करीब 6.10 बजे रोहित कुमार, अरुण कुमार, सूरज, शिवा अपने पांच अन्य लोगों के साथ उसकी नौगवां स्थित दुकान पलक ब्यूटी पार्लर पर पहुंचे। जहां उसकी पत्नी हिरण देवी बैठी थी। आरोपियों के हाथों में लाठी-डंडे व लोहे के रॉड थी। सभी आरोपी दुकान में तोड़ फोड़ करने लगे। जानकारी मिलने पर वह भी मौके पर पहुंच गए। उसे देखते ही आरोपियों ने उसे और उसकी पत्नी हिरण देवी पर लोहे की रॉड व डन्डों से जान लेवा हमला कर दिया। हमले में दंपती घायल हो गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एससीएसटी एक्ट भी लगाया है। पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजा है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### दबंगों द्वारा दुकानदार को पैसे मांगने पर पिटाई

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** प्रदेश मे योगी की सरकार में ठेला और खोमचा ,गुमटी ,फुटपाथ पर लगाने वाले गरीब दुकानदार चाट पकौड़ी और चाय के दुकानदार भी अब सुरक्षित नहीं। एक तरफ योगी सरकार प्रदेश में गुंडा माफिया पर शक्त कार्रवाई किए जाने का दम भरती है दूसरी तरफ योगी की पुलिस नजरें नगर में गरीबो पर गुंडागर्दी करने वाले पर नही पड़ती ।गुडा गर्दी करने वाले गरीबो को अपना शिकार बनाते हुए जान माल की धमकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं इस मामले को लेकर पीड़ित पक्ष द्वारा गोला पुलिस को तहरीर देकर न्याय किए जाने की मांग की है ।पीड़ित धर्मेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय सुंदरलाल निवासी मोहल्ला मुन्नूगंज द्वारा गोला पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है वह मोहम्मदी रोड स्थित सदर चौराहा निकट चाय की दुकान लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। दिनांक 21 अक्टूबर रात लगभग 11:30 बजे के करीब अपने छोटे भाई के साथ दुकान पर था तभी विपक्षी अंशुमाली पुत्र अज्ञात तीन साथियों के साथ दुकान पर आया चाय पकौड़ा खाने के उपरांत पैसा मांगने पर अशोक ने गंदी गंदी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे और अलनिया जान माल की धमकी दी गई मारपीट में उसके और उसके छोटे भाई को छोटे आई हैं ।बताया गया है कि मारपीट घटना के दौरान कोतवाली पुलिस का एक सिपाही मौके पर ही मौजूद होने की जानकारी दी है। कोतवाली में तैनात तेज तर्रार कोतवाल चंद्रशेखर सिंह का कहना है कि पीड़ित मेरे पास आता है तो मै उसे 12 से 24 घंटे में पीड़ित के साथ न्याय किया जाता है अब देखना शेष यह रह गया है कि इन पीड़ितों को न्याय मिलता है या नहीं यह भविष्य के गर्भ में है।

### टाटा ग्राम मित्र बैठक का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** काशीनगर नई पास पर वन स्टाप आटोमोटिव टाटा मोटर्स की डीलरशिप पर टाटा ग्राम मित्र की बैठक का आयोजन किया गया आयोजन में मोहम्मदी,मितौली,,बिजुआ क्षेत्र के टाटा ग्राम मित्रो ने हिसा लिया ।आयोजन में वन स्टाप के एमडी जय राज सिंह ने टाटा ग्राम मित्रो को बताया कि आप टाटा ग्राम मित्र बनकर हर महीने अच्छा पैसा कमा सकते हो टाटा मोटर्स हर तहसील ब्लाक स्तर पर टाटा ग्राम मित्र बनाकर उन्हें स्वरोजगार दे रही है टाटा ग्राम मित्रो को उनका इंसेंटिव भी दिया गया साथ ही सभी को कम्बल भी दिए गए ।जनरल मैनेजर मनोज उपाध्याय,ब्रांच मैनेजर पंकज मिश्रा ने सभी टाटा ग्राम मित्रो को बताया धनतेरस व दिवाली पर ग्राहकों के लिए त्योहार पर उपहार स्कीम लेकर आई है टाटा की कामर्शियल वाहन पर टाटा मोटर्स कम ब्याज दर की स्कीम पर फाइनेंस की स्कीम दे रही है ग्राहक टाटा ऐस पेट्रोल सीएनजी, टाटा इंट्रा वी 30 टाटा योद्धा कम ब्याज दर पर फाइनेंस कराकर गाड़ी मालिक बन सकता है गाड़ी खरीदने पर लकी ड्रा स्कीम के तहत ग्राहकों को मोबाइल से बाइक तक मिल सकती है।

### मारपीट का जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज गोला

**जन एक्सप्रेस/गोकर्णनाथ खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के ढोंगवा गांव में मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है ।ग्राम ढोंगवा निवासी बिन्द्रा प्रसाद पुत्र उजागर लाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट कहा है कि वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा था। उसका भाई जीवन लाल गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने लाठी डन्डों से मारा पीटा। बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी अनीता की पिटाई कर दी।



# कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत, तीसरे की हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

धौरहरा कोतवाली क्षेत्र में धौरहरा-सिसैया मार्ग के बबुरी मोड़ पर मंगलवार सुबह कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक गंभीर घायल हुआ है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद कार छोड़कर चालक भाग गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लिया है।चालक के बारे में पता लगा रही है।जानकारी के मुताबिक सदर कोतवाली के गांव मनकापुर निवासी 35 वर्षीय झब्बू पुत्र जयराम और धौरहरा क्षेत्र के गांव नरैनाबाबा निवासी 36 वर्षीय संतोष पुत्र पृथ्वी पाल एक अन्य साथी के साथ मंगलवार सुबह बाइक से सिसैया की ओर जा रहे थे।धौरहरा-सिसैया मार्ग के बबुरी मोड़ पर उनकी बाइक सिसैया की ओर से आ रही कार से टकरा गई।हादसे में झब्बू और संतोष की मौके पर ही मौत हो गई।

# छापा मारकर पकड़े गए अवैध पटाखे, उसके बाद पुलिस ने क्यों छोड़ दिया

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

दीवाली नजदीक आते ही पटाखों का भी बाजार गर्म हो गया है। शहर समेत कई स्थानों पर लोगों ने अवैध तरीके से बड़ी संख्या में पटाखों को भंडारित किया है। मंगलवार को सदर कोतवाली पुलिस ने मोहल्ला हाथीपुर में मस्जिद के पास पुलिस ने छापा मारकर एक दुकान से करीब 80 किलोग्राम अवैध पटाखे बरामद किए। पुलिस पटाखे कब्जे में लेकर आरोपी को कोतवाली लाई,जिसे कुछ देर बाद छोड़ दिया गया।यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कि मोहल्ला हाथीपुर में कुष्ठ अस्पताल के पास एक दुकान पर अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किया गया है। सूचना पर अपराध निरीक्षक हरी प्रकाश पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने दुकान से करीब 80 किलोग्राम पटाखे बरामद किए। पुलिस पटाखों को कब्जे में ले लिया और आरोपी दुकानदार को पकड़कर कोतवाली ले आई। सूत्र बताते हैं कि दुकानदार को छुड़ाने के लिए लोग कोतवाली पहुंच गए। कुछ देर में आरोपी को पुलिस ने रिहा कर दिया। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह का कहना है कि मामूली पटाखे मिले थे। इस पर आरोपी को डांटडपट कर कोतवाली से भगा दिया गया है,जबकि सूत्र करीब 80 किलाग्राम पटाखा बरामद होने का दावा कर रहे हैं। इसको लेकर शहर में काफी जोरों से चर्चा है।

# प्रेमी के साथ युवती हुई फरार रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छितौनिया में अपने मौसा के घर आई एक युवती अपने प्रेमी के साथ रफूचक्कर हो गई। उसके पिता ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी 25 वर्षीय पुत्री 10 अक्टूबर को हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छितौनिया निवासी अपने मौसा के घर गई थी। जिसे मूडा विश्नू निवासी शिवकुमार पुत्र जीवनलाल उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया।

# गोला के झावर तालाब के बहुरेंगे दिन, पर्यटन को लगेंगे पंख

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

■ विधायक और सीडीओ ने अफसरों संग बनाई रणनीति, दिए निर्देश

मंगलवार को सीडीओ अभिषेक कुमार गोला गोकर्णनाथ पहुंचे,जहां उन्होंने विधायक अमन गिरी संग तहसील,विकासखंड गोला के अंतर्गत ब्लॉक गोला की तीन ग्राम पंचायत में फैले 96 एकड़ के झावर तालाब को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने के उद्देश्य से स्थलीय निरीक्षण किया।इस दौरान मुख्य रूप से पीडी एसएन चौरसिया, डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, बीडीओ हनुमान प्रसाद मौजूद रहे।विधायक गोला अमन गिरी ने सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ झावर तालाब का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान झावर तालाब को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किए जाने की रणनीति पर गहन मंथन हुआ।सर्वसम्मति से तय किया कि प्रथम चरण में 30 एकड़ के क्षेत्र पर फोकस करते हुए विकसित किया जाए। सीडीओ ने मौजूद तकनीकी अफसरो को तय क्षेत्र का सुंदरीकरण के लिए प्लानिंग, एक्शन प्लान तैयार करने को कहा। इसमें बेसिक डिजाइन, फूड कोर्ट, प्लांटेशन, ट्रेक और बेंच निर्माण आदि को शामिल किया जाए। उन्होंने जलकुंभी की सफाई, तालाब के किनारों का निर्माण किस प्रकार कराएंगे इसपर भी अफसरो संग रणनीति बनाई। सीडीओ ने अवर अभियंता (लघु सिंचाई) को प्रथम चरण के लिए चिन्हित क्षेत्र को विकसित करने में आने वाली लागत के आगणन करने के निर्देश भी दिए। विधायक अमन गिरी ने अफसरो को आश्वस्त किया कि आप प्रोजेक्ट तैयार कराए। इस कार्य में विधायक निधि, ग्राम निधि, क्षेत्र पंचायत निधि, मनरेगा, सीएसआर से फंड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने तालाब के एप्रोच मार्ग को भी सुगम बनाने के लिए चर्चा की, ताकि इसके तैयार होने के बाद लोग यहां प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकेंगे।

# डिग्री कॉलेज को लेकर प्रधान प्रतिनिधि सहित ग्राम के सम्भ्रांत जनों ने एस. डी.एम की अनुपस्थिति में तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी**

सालों से ग्राम पंचायत सिंगहा कला में डिग्री कॉलेज हेतु प्रस्तावित जमीन पर कॉलेज बनने को लेकर प्रधान प्रतिनिधि का प्रयास जारी है। जिसमे ग्राम व क्षेत्र के सम्भ्रान्त लोग भी पूर्ण रूप से सहायतार्थ के लिए अग्रसर हो रहे हैं। प्रस्तावित जमीन को ग्राम सभा को वापस करने को लेकर आज प्रधान प्रतिनिधि सहित ग्राम के सम्भ्रान्त लोगो ने तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार को ज्ञापन दिया।ब्लाक निघासन की ग्राम पंचायत सिंगहा कला में करीब 1999 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय केन ग्रोवर्स डिग्री कालेज बनने के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा गाटा संख्या 933/8.44 एकड़ भूमि प्रस्तवित की गई थी।इस प्रस्तवित जमीन पर डिग्री कॉलेज बनने को लेकर स्थानीय समुदाय में अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर एक उत्साह और आशा की भावना जग गयी थी।लेकिन कुछ जनप्रतिनिधियों के कारण ही लोगों की आशा केवल आशा ही बनी रही और बनी है,अब तो लोग आशा भी नहीं कर रहे कि कभी यहां कोई डिग्री कॉलेज बन भी पाएगा, लेकिन प्रधान प्रतिनिधि श्याम मोहन दीक्षित व ग्राम के सम्भ्रान्त व्यक्तियों के प्रयासों के चलते हो सकता बंजर खेत पुनः हरा भरा लगने लगे।क्षेत्र का व्यापक विस्तार होने के चलते लोग काफी दूरी तय करके उच्च शिक्षा के लिए इधर-उधर जाते हैं, लेकिन इस डिग्री कालेज के बन जाने से लोगों को दूर की दूरी तय करने के साथ साथ अव्यवस्थाओं से भी राहत मिल जाएगी।

# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई जिले में शाहाबाद कस्बे के थाना मझिला क्षेत्र में आलमनगर पुलिया के पास अज्ञात वाहन की टक्कर बाइक सवार दो सगे चचेरे भाइयों की मौत हो गई। ग्राम बेधुआं निवासी शिव कुमार (30) उर्फ सोरल पुत्र श्रीपाल अपने चचेरे भाई अजय कुमार (20) उर्फ अज्जू के साथ सुनौआ पुल की ओर से अपन बाइक से अपने गांव आ रहे थे। दोनों हेलमेट नहीं लगाए थे। आलमनगर की पुलिया के पास पीछे से अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर हालत में दोनों युवकों को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतक शिव कुमार हेयर कटिंग का कार्य करता था। वह अपने छह भाइयों में पांचवा था। वहीं, मृतक अजय बुग्गी तांगा चलाता था और अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दोनों युवक अविवाहित थे। शिवकुमार ने मंगलवार की सुबह अपनी बाइक बेच दी थी। इसके बाद वह दूसरी बाइक से अपने चचेरे भाई के साथ बिना किसी को बताए घर से चला गया था। दुर्घटना की सूचना आलमनगर के चौकी इंचार्ज रामलखन अवस्थी ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अनर्गत भ्रमण के लिए जा रहे बच्चों को कोतवाली प्रभारी ने झंडी दिखाई

**जन एक्सप्रेस । सिद्धार्थ अवस्थी**



**सीतापुर।** जिले के लहरपुर स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट के तहत आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ भ्रमण हेतु जा रहे बच्चों को कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। इस मौके पर उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान छात्रों को विज्ञान ,गणित व प्रौद्योगिकी, नवाचार और अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित करता है, इसी क्रम में सोमवार को विभिन्न विद्यालयों के 100 बच्चों को आंचलिक विज्ञान केंद्र लखनऊ भ्रमण हेतु भेजा गया।इस मौके पर प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान लच्छन नगर विवेक शुक्ला, एआरपी पुष्पेंद्र मौर्य, सुरेश कुमार, चंद्रेश कुमार, संदीप कुमार, रामस्वरूप, प्रवीण कुमार, अनीशा उमराव, माधुरी वर्मा, शिल्पी सिंह, गीता सिंह, अर्पित गुप्ता, पंकज कुमार वर्मा, इब्राहिम सिद्दीकी, सिंकल कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

# पेड़ों की छटाई के कारण रामकोट क्षेत्र के कई गांवों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**जन एक्सप्रेस । रियासत अली सिद्दीकी**



**रामकोट(सीतापुर)।** अनुरक्षण माह के अंतर्गत पेड़ों की छटाई को लेकर रामकोट पावर सब स्टेशन से अर्थान, रामकोट, जैतीखेड़ा क्षेत्र को सप्लाई होने वाली विद्युत की आपूर्ती 2 दिनों तक दिन में 5 घंटे तक ठप रहेगी। विद्युत फीडर के लाइन से लगे पेड़ों की टहनियों को काटा जाएगा। जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा सके। कई जगहों पर पेड़ बड़े होने के चलते बिजली के तार टहनियों के बीच से गुजरे हुए हैं। टहनियों के बीच तारों के होने से हल्की हवा चलने पर ब्रेक डाउन की समस्या बनी रहती है। कई बार बिजली के तार भी टूट जाते हैं। जिससे घंटों तक बिजली आपूर्ति बंद रहती है। ऐसे में पेड़ों की वजह से बिजली सप्लाई बाधित न हो इसके लिए पेड़ों की टहनियों की कटाई की जाएगी। जानकारी देते हुए रामकोट विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता अश्वनी कुमार वर्मा ने बताया की विद्युत विभाग के द्वारा अनुरक्षण माह के अंतर्गत बुधवार से बृहस्पतिवार तक अर्थाना क्षेत्र, शुक्रवार से शनिवार तक रामकोट, रविवार से सोमवार तक जैतीखेड़ा क्षेत्र में 11 केवी फीडरों पर पेड़ों की छटाइ व मंगलवार को पावर हाउस यार्ड में साफ सफाई का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते विद्युत आपूर्ति दिन में सुबह 11:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक हर क्षेत्र में 2 दिनों तक दिन की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी संजय यादव ने बताया की विद्युत उपभोक्ताओं को भविष्य में कोई दिक्कत का सामना नही करना पड़े इसके लिए पेड़ों की छटाई का कार्य किया जाएगा। इस मदेनजर रामकोट के पावर सब स्टेशन को अर्थान, रामकोट, जैतीखेड़ा क्षेत्र की विद्युत सप्लाई को दिन में बंद रखने का निर्देश जारी किया गया है।

# 51000 दीपों से जगमगाएगा बाबा श्याम नाथ मंदिर का सरोवर: समाजसेवी प्रभात कश्यप

**जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर सिंह**



**सीतापुर।** दीपावली के पावन अवसर पर नगर के श्याम नाथ मंदिर पर दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आगामी 30 अक्टूबर को शाम 6:00 किया जाएगा इसके लिए बाबा श्याम नाथ मंदिर महंत परिवार द्वारा कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी प्रभात कश्यप को लिखित अनुमति प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रभात कश्यप द्वारा अपने निजी संसाधनों से किया जा रहा है इस अवसर पर उन्होंने बताया बाबा श्याम नाथ के आशीर्वाद से अब प्रत्येक वर्ष यहां पर दीपोत्सव का आयोजन होगा जो की सीतापुर का माहौल भक्तिमय करेगा। और दीपावली के त्योहार को बाबा के चरणों में सभी की हाजिरी भी लगेगी इसी प्रयास को मैं निरंतर अपने संसाधनों से करने में प्रयत्नशील रहूंगा। इस अवसर पर सीतापुर सिटी मजिस्ट्रेट एवं अपर जिलाधिकारी के द्वारा भी कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया गया इस अवसर पर समाजसेवी प्रभात कश्यप ने बताया पिछले वर्ष के अनुरूप इस वर्ष अधिक भक्त गण आएंगे पिछले वर्ष लगभग 80000 भक्तों ने दीपोत्सव किया था। इस बार यह कार्यक्रम और ज्यादा भव्य होगा इसकी व्यवस्थाएं की जा रही हैं प्रभात ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से मंदिर परिसर पहुंचकर दीपदान करने का आवाहन भी किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारी का जायजा लिया गया और उन्होंने समाज से भी प्रभात कश्यप के द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य को धार्मिक कार्य बताया और अधिक से अधिक लोगों से दीपदान करने का आवाहन भी किया ।इस अवसर पर दीपोत्सव कार्यक्रम में लगे भक्तगण उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा०, मंडल रेल प्रबंधक हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई–निविदा सूचना सं0 | 1134–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ –द्वितीय कॉल दिनांक 21.10.2024 |
| 2. | कार्य का नाम | आर.पी.एस.एफ. आलमबाग, लखनऊ में बिजली आपूर्ति परिसंपत्तियों और विद्युत सुविधाओं में सुधार। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 62,51,762.27/– (बासठ लाख इक्यावन हजार सात सौ बासठ रूपये एवं सत्ताईस पैसा मात्र) |
| 4. | ई–निविदा की कीमत | शून्य |
| 5. | बयाना राशि | रु. 1,25,100/– (एक लाख पच्चीस हजार एक सौ रूपये मात्र) |
| 6. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 7. | ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 13.11.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा० उत्तर रेलवे, हजरतगंज लखनऊ के कार्यालय में। |
| 8. | प्रस्ताव की वैधता | ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन। |
| 9. | उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। |

सूचना सं0–1134–वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ–द्वितीय कॉल दिनांक 21.10.2024 3268/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# शासन के निर्देश पर मिशन शक्ति फेज-5 का जिले के समस्त थानों के पुलिस बल ने किया क्रियान्वयन

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**




उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत पुलिस अधीक्षक सीतापुर श्री चक्रेश मिश्र के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु विशेष अभियान ÷मिशन शक्ति फेज-5÷ के क्रम में समस्त थानों की महिला सुरक्षा पुलिस टीमो द्वारा सुरक्षा, शांति एवम् कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले भीड़-भीड़ वाले इलाको, सुनसान क्षेत्रों, मंदिरो, कोचिंग संस्थानो, रेलवे स्टेशनों, बस स्टॉप आदि पर निरंतर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है तथा बेवजह घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों,मनचलों आदि को कड़ी चेतावनी देते हुए बच्चो,महिलाओं,बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे है। साथ ही बच्चो, महिलाओं, बालिकाओं को सशक्त बनाने एवम् जागरुक करने के उद्देश्य से जनपद के थाना संदना टीम द्वारा कुचलाई डिग्री कॉलेज, थाना हरगांव टीम द्वारा ग्राम सिकंदरपुर, थाना सकरन टीम द्वारा ग्राम किरातापुर, थाना सदरपुर टीम द्वारा ग्राम बकहुआ बाजार, थाना रामपुरकलां टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय कन्दूनी, थाना नैमिषारण्य टीम द्वारा श्रीराम जानकी विद्या मंदिर इंटर कालेज तत्रोयी, थाना सिधौली टीम द्वारा काजीकोला, थाना बिसवां टीम द्वारा मां सरस्वती बाल विद्या मंदिर स्मसहिया बाजार ग्राम चांदपुर, थाना कोतवाली देहात टीम द्वारा शाहमहोली एवं अन्य समस्त थानों के महिला सुरक्षा दलों,मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा भी अपने थाना क्षेत्रांतर्गत ग्रामो,कस्बो, मोहल्लो, कोचिंग संस्थानों आदि में पुलिस की पाठशाला,चौपाल आदि लगाकर महिलाओं,बच्चों,छात्राओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी जा रही है। बालिकाओं को पिंक बूथ एवम् थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में बताते हुए उन्हें अपनी समस्या निर्भीक होकर पिंक बूथ या महिला हेल्प डेस्क,महिला चौकी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी को बताने के लिये कहा गया एवम् बच्चो से गुडटच-बैडटच के विषय में चर्चा कर इस तरह की किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावको या पुलिस को अवश्य बताने के विषय में बताया।

**जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा**

महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टॉप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9.जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सीएम योगी के जिले में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मनरेगा योजना

**विभागीय जिम्मेदारों की मेहरबानी से फर्जी तरीके से लगाए जा रही हाजिरी, ग्राम प्रधान, सचिव व एसपीओ सरकारी धन की कर रहे हैं लूट खसोट**

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में शुमार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जहाँ एक तरफ सरकार श्रमिकों को गांवो में ही रोजगार कराने के उद्देश्य से मनरेगा के तहत काम दे रही है जिससे कामगार अन्यत्र जगहों पर पलायन न करे। वहीं ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों का विभागीय जम्मिेदार अधिकारियो द्वारा निरंतर स्थलीय निरीक्षण नही किए जाने से महात्वाकांक्षी मनरेगा योजना धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है।ऐसा ही मामला गोरखपुर जनपद के विकासखंड बड़हलगंज में प्रकाश में आया है जहां मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यों में एक चौथाई मजदूरों को कार्यस्थल पर लगा घर बैठे मजदूरों की विभागीय साइट पर हाजिरी लगाकर लाखों रुपए का गोलमाल किया जा रहा है।



हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस की टीम ने ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न गांवों में हो रहे मनरेगा कार्यों की पड़ताल की तो चौकाने वाला सच सामने आया। जहां ग्राम पंचायत मरकरी में 10 से 15 अक्टूबर के बीच प्रधानमंत्री सड़क से सामुदायिक शौचालय तक सड़क के दोनों तरफ मिट्टी भराई का कार्य विभागीय साइट पर अपलोड किया जा रहा है लेकिन कार्य स्थल पर कोई कार्य नहीं दिखा न ही श्रमिक, जबकि प्रतिदिन 3 मस्टरोल के अंतर्गत क्रमशः 4786/4787/4788 के तहत प्रतिदिन 29 मनरेगा मजदूरों की हाजिरी अपलोड की जा रही है। देखा जाए तो कुल छः दिनों में 171 श्रमिकों की हाजिरी लगी है। विभागीय साइट पर अपलोड की गई फोटो के विपरित है दर्शाया गये कार्यस्थल की स्थिति।

सवाल यह उठना लाजिमी है कि आखिरकार बिना काम कराए ही श्रमिकों की हाजिरी कैसे अपलोड की गई ?

घर बैठे सैकड़ों श्रमिकों की फर्जी तरीके से ऑनलाइन हाजिरी लगाकर लाखों रुपए का गोलमाल किए जाने का मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद मस्टररोल जीरो कर देने तक की कार्यवाही सीमित रहती है जो कि उत्तर प्रदेश सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन के दावे के विपरित भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे विभागीय अधिकारियों द्वारा दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की जाती है। यक्ष प्रश्न यह है कि क्या अधिकारियों द्वारा सीएम योगी के भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन का मखौल उड़ाना नियति बन गई है।

मनरेगा योजना में किए जा रहे घोटाले के संबंध में पूछे जाने पर हर बार की तरह अपने नपे तुले शब्द बाणों से डीसी मनरेगा सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि मामला गंभीर है हम जल्द ही जांच करेंगे और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी । अब देखना यह है कि क्या डीसी मनरेगा का बयान कब कार्रवाई में तब्दील होता है।

## सो रही पुलिस, जाग रहे चोर, सकते में ग्रामीण

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र मे चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही। चोर जाग रहे हैं और पुलिस सो रही है।पुलिस घटना के बाद खुलासा का दावा करती है लेकिन उसके हाथ अब तक कुछ नहीं लगा है, मगर क्षेत्र के लोग दहशत में है।ग्रामीण क्षेत्र में लोग सहमे हैं कि न जाने किसका घर आज चोर खंगाल लेंगे। पुलिस की गश्त, पूरी रात चौकसी पर चोरों ने सवाल खड़ा कर दिया है। सूने पड़े घरों को निशाना बनाने वाले चोर कहां से आ रहे हैं? इसे लेकर पुलिस महकमे में माथापच्ची हो रही है, मगर अब तक सब कुछ हवा में ही है।नतीजतन दो माह के अंदर सघन इलाकों में चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए डेढ दर्जन घरो मे लाखों रुपये के आभूषण व नकदी सहित अन्य समानो को चुराया हैं। नेबुआ नौरंगिया थाना के पिपरा बुजुर्ग गांव मे हफीजुल्लाह के घर मे 21 अक्टूबर रात को अज्ञात चोरो ने नगदी जेवरात आदि समान चोरी किया है।इसी तरह 18 अक्टूबर को बाजार के समय पकड़ियार मे मोबाईल चोरी करते लोगो ने चोर को पकड़ कर पुलिस को सौपा था,लेकिन पुलिस बिना कार्रवाई के ही छोड़ दी है।16 अक्टूबर की रात पटेरा बुजुर्ग गांव के आठ घरो मे मोबाइल सहित अन्य समान चोरो ने चुरा लिया और एक घर मे चोरो ने चोरी का प्रयास किया था,घटना के दौरान का एक चोर का तस्वीर सीसीटीवी कैमरा मे कैद हो गया लेकर उसके बाद भी घटना का खुलासा नही हो पाया है।उसी रात को सरपतही गांव के समीप बाइक सवारो द्वारा एक युवक का मोबाइल छिनकर फरार हो गए, उसी रात सूरजनगर बाजार मे एक गुमती तोड़कर समान चुरा ले गए।चार अक्टूबर रात को सेखुई चौराहे पर स्थित चंदभान के मकान से लाखो की चोरी हुई है, 30 सितंबर को मडार बिंदवलिया गांव मे रंजली के घर मे चोरो ने चोरी का प्रयास किया। 31 अगस्त को चरिघरवा गांव के चौराहे पर लालबहादुर के किराने की दुकान से चोरो ने भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया, 30 अगस्त को सिसवा गोईती से चोरो ने भैस चुरा लिया।उसी रात को पिपरा श्रीरामजानकी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अवैध लदा ट्रक-ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

जन एक्सप्रेस/कुशीनगर। जटहा बाजार थाना क्षेत्र में मंगलवार को सुबह खनन व पुलिस टीम की संयुक्त छापेमारी में अलग- अलग जगहों से एक मोरंग लदा ट्रक व दों टेक्टर ट्राली सफेद बालू लदा पकड़ा गया खनन अधिकारी द्वारा पकड़े गए। गाड़ियों को सीज कर थाने को सुपुर्द कर दिया गया। कटाई भरपूरवा के दियरा क्षेत्र में काफी दिनों से अबैध रूप से सफेद बालू खनन के कारोबार खनन माफीयाओं द्वारा चल रहा था जिसकी सुचना किसी ने मंगलवार को खनन अधिकारी को दिया था।सुचना के आधार पर सुबह करीब पांच बजे खनन अधिकारी कुशीनगर अभिषेक सिंह व थानाध्यक्ष जटहा ओमप्रकाश तिवारी की संयुक्त छापेमारी की गई। जिसमे पड़रही चौराहे के पास से दों टेक्टर ट्राली पकड़ा गया एक में सफेद बालू लोड रहा दूसरा लोड करने जारहा था इसी तरह पड़री पिपरपाती चौराहे पर करीब दस बजे बिना परमिट के मोरंग बालू लदा एक ट्रक को पकड़ा गया तीनों गाड़ियों के चालक मौके से भाग निकले खनन अधिकारी ने पकड़ी गईं। तीनों गाड़ियों को बिधिक कार्यवाही के बाद सीज कर जटहा पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

### लार का युवक ड्रीम इलेवन में एक रात में बना लखपति, खुशी में झूम उठे परिजन

जन एक्सप्रेस/लार देवरिया। कस्बा निवासी एक युवक ऑनलाइन गेम खेलकर रातों रात लखपति बन गया। ड्रीम 11 पर गेम खेलने वाले युवक के खाते में एक लाख सात हजार रुपए जीते हैं। उसने स्थानीय बैंक शाखा में जाकर इसकी पुष्टि की तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। नगर क्षेत्र में युवक के लखपति बनने की सूचना मिलते ही उसके घर बधाई देने वालों का तांता लगा। जानकारी के मुताबिक लार नगर पंचायत के के इंदिरा नगर वार्ड निवासी राजेश मोदनवाल के बेटा रोशन मोदनवाल करीब तीन महीने से ड्रीम 11 गेम खेल रहा था। उसे इसका चस्का लग चुका था। इसी चक्कर में वह 50 - 100 रुपए करके अभी तक लगभग सात हजार रुपए गंवा चुका था। लेकिन शनिवार को उसने चार खिलाड़ियों की टीम बनाई और सो गया। सुबह उठने के बाद उसने मोबाइल देखा तो पता चला कि उसे प्रथम विजेता घोषित किया गया है। उसने करीब एक लाख पचास हजार रुपए जीत लिए हैं और टैक्स काटकर उसके खाते में एक लाख सात हजार लाख रुपए जमा होने का मैसेज आया है। ऐसे स्थिति में रोशन के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। युवक ने जब बैंक जाकर अपने खाते का स्टेटमेंट चेक किया तो बात सच निकली। वो लखपति बन चुका था। रोशन ने जब इसकी सूचना परिजनों को दी तो वे भी खुशी से झूम उठे।

### विकासखंड स्तरीय कृषि निवेश मेला का आयोजन

जन एक्सप्रेस/पनियरा (महराजगंज) ब्लॉक परिसर पनियरा में विकास खंड स्तरीय कृषि निवेश मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी अमरनाथ पाण्डेय रहे।जिसमें विकास खंड के विभिन्न ग्राम सभाओं से तमाम कृषक मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी पनियरा अमरनाथ पांडे ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि खेत में पराली को न जलाएं और पराली को खेत के अगल-बगल रख कर ब्लॉक के किसी कर्मचारी को अवगत करा दें जिससे उस पराली को गौशाला में भेजवाया जा सके। ब्लॉक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला ने कहा कि पराली जलाने से खेत के सूक्ष्म जीवाणु कीटाणु जल जाते हैं जिससे खेत की उर्वरा शक्ति खत्म हो जाती है और जमीन बंजर हो जाती है।पराली जलाने से 60 साल के ऊपर के व्यक्तियों को श्वसन क्रिया में दिक्कत होती है लोग परली जलाकर खुद बीमारी को दावत दे रहे हैं और शासन प्रशासन के निगाह में गुनहगार साबित हो रहे हैं। इस मौके पर कृषि वैज्ञानिक त्रिवेनी तिवारी , चेयरमैन उमेश चंद्र जायसवाल , सहायक विकास अधिकारी पंचायत गुड्डू प्रसाद, हरे राम सिंह यादव ,एडीओएजी राजन मौर्य ,अखिलेश कुमार शाही ,विपिन कुमार, विप्लव कुमार ,राकेश सिंह ,अमित मौर्य, श्याम विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### खड़ी पिकअप में कर सवार युवक ने किया चोरी

जन एक्सप्रेस/पनियरा ( महराजगंज)। नगर पंचायत पनियरा मेन मार्केट में सोमवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने आदिशक्ति इंटरप्राइजेज के नाम से किराने की दुकान के सामने खड़ी पिकअप में रखी गई खाद्य मिल की सामग्री को उठा ले गए। घटना दुकान के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। प्राप्त समाचार के अनुसार किराना व्यवसायी त्रिनेत्र ने पनियरा थाने में तहरीर देकर बताया कि किराना सामग्री को लाने में रात हो गई लेबर न मिलने के कारण पिकअप को दुकान के सामने रखकर घर चले गए और सुबह आकर देखा तो रस्सी काटकर चोरों ने पिकअप से लगभग हजारों का समान चुरा ले गए उसने बताया कि कुछ दिन पहले भी चोरों ने इस दुकान के सामने खड़ी पिकअप को उठा ले गए जिसका आज तक पता नहीं चल सका।

## कप्तानगंज कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । मथौली बाजार, कुशीनगर

कप्तानगंज तहसील में कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार कप्तानगंज को सौंपा।

अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने, सामुहिक स्वास्थ्य बीमा योजना, बुजुर्ग अधिवक्ताओं को पेंशन,नये अधिवक्ताओं को स्टाइपेंड, अधिवक्ताओं को बैठने के लिए अधिवक्ता भवन, तहसील मे पार्किंग की व्यवस्था आदि मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार जितेन्द्र कुमार सिंह को सौंपा।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन कप्तानगंज की एक आवश्यक बैठक की गई। जिसमे संयुक्त बार एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान मे अधिवक्ता गण विरोध स्वरूप एक समय,एक साथ, एक योजना, एक कार्यक्रम के सिद्धांत के आधार पर समस्त अधिवक्ता गण मंगलवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे।



ज्ञापन देने मे कप्तानगंज बार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र, महामंत्री उमेश कुमार दुबे, पूर्व अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय,दिनानाथ शर्मा, रामप्रताप सिंह, परमहंस कुमार, दारा यादव, राजनंदन लाल श्रीवास्तव, दिलीप कुमार सिंह, हीरा पांडेय, दारा यादव, दिनेश कुमार राव, मनीष कुमार चौबे आदि मौजूद रहे।

### चौरीचौरा में शिव मंदिर में आग लगाने का मामला, आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चौरीचौरा, गोरखपुर। तहसील मुख्यालय चौरीचौरा परिसर स्थित शिव मंदिर में मंगलवार को एक सिरफिरे ने आग लगा दी, जिससे मंदिर में रखी रामायण जल गई। जानकारी के अनुसार, लगभग 50 वर्षीय लल्लन प्रसाद, जो झगहा थाना क्षेत्र के जमरू गांव का निवासी है, दोपहर 12 बजे मंदिर के अंदर पहुंचा और आग लगा दी। उसकी चाल-ढाल और बातचीत से यह प्रतीत होता है कि वह मानसिक विकार का शिकार है। स्थानीय पुलिस ने सूचना मिलने के तुरंत बाद मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया। थाना प्रभारी संजय कुमार मिश्रा ने बताया कि लल्लन की मानसिक स्थिति के बारे में उसके परिवार को सूचित किया गया है।

## अंतिम संस्कार में जा रही ट्रेक्टर ट्राली पलटी, एक की मृत्यु

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

शव यात्रा में जा रही ट्रैक्टर ट्राली के पलटने से एक व्यक्ति की मौत, पांच घायल, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस। बताया जाता है कि वृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम कोइलाडाड के पास स्थित कटान में मंगलवार को शव यात्रा में जा रही एक ट्राली-टैक्टर पलट गई और इस हादसे में एक वृद्ध की मृत्यु हो गई जब कि पांच लोग घायल हो गए।

सिद्धार्थनगर जिले के उसका थाना क्षेत्र के ग्राम भठिया टोला बुचहा निवासी नरेश की मृत्यु हो गई थी जिसके दाह संस्कार के लिए ग्रामीणों के साथ ट्रैक्टर ट्राली में बैठकर धानी जा रहे थे अभी वह लोग ग्राम कोइलाडाड के पास कटान के पास शव यात्रा लेकर पहुंचे थे उसी समय लकड़ी लदी ट्रैक्टर ट्राली अनियत्रित हो जाने से लगभग 15 फिट नीचे ताल में गिर गई जिसमें सवार पल्टू 65 वर्षीय की मौके पर ही मृत्यु हो गई। समीर, सोमई, लालू, फागू सहित हरिशचंद को काफी चोटे आई जिन्हे ग्रामीणों की मदद से सीएचसी धानी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर के लिए रेफर कर दिया। घटना की जानकारी होते ही फरेंदा एसडीएम नवीन कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंदा अनिरुद्ध कुमार व थानाध्यक्ष बृजमनगंज सत्यप्रकाश सिंह ने मौंके पर पहुंचकर घटना का जानकारी ली।



इस संबंध फरेंदा पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि शव यात्रा के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलट जाने से एक की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए।

शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही करने के बाद पीएम के लिए भेज दिया गया। घायलों को अस्पताल में उपचार कराया गया, वह सभी खतरे से बाहर हैं। मामले की विधिक कार्यवाही चल रही है।

## बाईपास सड़क निर्माण में प्रभावित गांवों के किसानों ने शुरू किया धरना

**चार गुना मुआवजा एवं अन्य समस्याओं को लेकर भाकियू,भूमि बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में पड़री चौराहे व बैतालपुर में जुटे हजारों किसान**

जन एक्सप्रेस । देवरिया

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत एन 727ए देवरिया बाईपास सड़क निर्माण से प्रभावित किसानों द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन जिला इकाई देवरिया एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में पड़री रेलवे ढाले के निकट पड़री चौराहे पर एवं बैतालपुर बरारी मोड़ तिराहे पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। जिसके क्रम में पड़री चौराहे पर भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार, भाकियू जिला महासचिव धनंजय सिंह, भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजीत त्रिपाठी,पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह, वरिष्ठ नेता सुग्रीव मिश्रा के नेतृत्व में भीमपुर, बरारी, भगवतीपुर से लेकर मुंडेरा बुजुर्ग अहिलवार बुजुर्ग, सुकरौली, दुबौली, देवरिया मीर के बीच के करीब दो दर्जन गांवों के हजारों किसानों ने धरना दिया।




### भाकियू किसानों की लड़ाई डटकर लड़ेगी: बड़े शाही

भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण उर्फ बड़े शाही ने कहा कि जिला प्रशासन एक तरफ 2020 के सर्किल रेट से मुआवजा दे रही हैं जबकि 2020 में बाईपास से जुड़े सभी 37 गांव ग्राम पंचायत थे और सभी 37 गांवो के किसानों ने 2021 के पंचायत चुनाव में भाग लिया था। संगठन किसानों की लड़ाई मजबूती से लड़ेगा। धरने में मुख्य रूप से भाकियू जिला कोषाध्यक्ष चन्द्रदेव सिंह, मण्डल प्रवक्ता अरविन्द उपाध्याय, रामकिशोर चौहान, भरत मणि त्रिपाठी, अनूप तिवारी, सुरेन्द्र मणि त्रिपाठी, लाल प्रताप सिंह, रमाकांत त्रिपाठी इत्यादि दर्जनों किसान मौजूद रहे।

### बिना कटौती चार गुना मुआवजे से कम मंजूर नहीं: विनय सिंह सैंथवार

धरने को संबोधित करते हुए भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि किसानों द्वारा लगातार डेढ़ वर्षो से वर्तमान 2024 के नए सर्किल रेट या बाजार मूल्य में से जो अधिकतम हो उसका चार गुना मुआवजा देने,ग्रामीण या शहरी किसानों के भूमि में 101 एयर का चार गुना या शहरी में दो गुना मुआवजा देने के बाद दोनों में हो रहे 67प्रतिशत की कटौती को बन्द किया जाये।

### किसानों संग किया जा रहा है अत्याचार: अजीत त्रिपाठी

भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजीत त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा से लोकसभा क्षेत्र देवरिया सदर के पूर्व सांसद रामपति राम त्रिपाठी के द्वारा पत्र लिखने एवं उनके द्वारा प्रयास करके एक बड़े धनपशु का मैरेज हाल बचाने के लिए भीमपुर बरारी और भगवतीपुर के करीब चालीस मकानों दुकानों,व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को तोड़कर अतिरिक्त अधिसूचना दिनांक 29/12/2023 द्वारा उनके ऊपर से फोर लेन बाईपास पूर्व की अधिसूचना 10/03/2023 के मार्ग को परिवर्तित कर निकाली जा रही हैं जो सरासर अन्याय और अत्याचार हैं। जिला महासचिव धनंजय सिंह ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री द्वारा कहा जा रहा हैं कि मकानों को तोड़कर फोर लेन की सड़क नहीं बनेगी भले ही मार्ग बदलना पड़े। इतना ही नहीं मुख्यमंत्री द्वारा बार बार कहा जा रहा हैं कि सभी किसानों को मुआवजा चार गुना दिया जाएगा मगर सरकार के ही लोग 67त्न की कटौती कर रहे है और सरकार के ही लोग ग्रामीण किसानों को सर्किल रेट के दो गुना मुआवजा दे रहे है। धरना में संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य सुग्रीव मिश्रा, भाकियू के जिला संयोजक सदानंद यादव, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय, जिला उपाध्यक्ष मारकंडेय सिंह, जिला सलाहकार मदन चौहान, युवा जिला उपाध्यक्ष बृजेश यादव, बृजेश सिंह, राजनाथ यादव, संजय सिंह, शिवाजी चौहान, राघवेंद्र चौहान, विनोद यादव इत्यादि किसान उपस्थित रहे। वहीं बैतालपुर बरारी तिराहे मोड़ पर गौरा, परसिया मल्ल गांव से लेकर सिरजम, इटवा, गुड़री बलुआ के बीच एक दर्जन गांवों के किसानों ने भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही, अजय त्रिपाठी एस एस अंसारी, कृष्ण कांत त्रिपाठी के नेतृत्व में किसानों ने धरना दिया।

## मां तरकुलहा देवी व्यापार कल्याण समिति की बैठक संपन्न



जन एक्सप्रेस । चौरीचौरा

पूर्वांचल के प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवी तरकुलहा मंदिर परिसर में मां तरकुलहा देवी व्यापार कल्याण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पवन चौहान ने की, जिन्होंने व्यापारियों के हितों की रक्षा और विकास के लिए एकजुटता पर जोर दिया। बैठक में पवन चौहान ने कहा, ÷एकता में बड़ी ताकत होती है। हमें सभी व्यापारियों को एकजुट रहकर अपने सुख-दुख में शामिल होना चाहिए।÷ उन्होंने यह भी बताया कि संगठनों की सफलता के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

बैठक में उपस्थित राम हरि चौहान, उदय भान चौहान, विनोद, रमेश सैनी, अंकित जायसवाल, विक्की जायसवाल, बजरंगी जायसवाल और अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में व्यापारियों के सामने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें स्थानीय बाजार की विकास योजनाएं और सहयोग की संभावनाएं शामिल थीं। सभी सदस्यों ने सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने और क्षेत्रीय व्यापार को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। इस बैठक ने व्यापारियों के बीच एकता और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित किया, जो भविष्य में विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा।

## एक नवंबर से नियमित होगा रांची गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचालन

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिए 18629/18630 गोरखपुर-रांची-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचलन रांची से 1 नवम्बर,2024 से प्रत्येक शुक्रवार को तथा गोरखपुर से 2 नवम्बर,2024 से प्रत्येक शनिवार को निम्नवत किया जायेगा।

18629 राँची-गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 1 नवम्बर, 2024 से प्रत्येक शुक्रवार को 16.50 बजे राँची से प्रस्थान कर मूरी से 18.30 बजे, बोकारो स्टील सिटी से 19.48 बजे, चन्द्रपुरा से 20.23 बजे, धनबाद से 21.45 बजे, चित्तरंजन से 23.18 बजे, जामताड़ा से 23.33 बजे, दूसरे दिन मधुपुर से 00.03 बजे, जसीडीह से 00.34 बजे, झाझा से 01.50 बजे, किऊल से 02.42 बजे, मोकामा से 03.12 बजे, पटना साहिब से 04.27 बजे, पटना से 05.05 बजे, पाटलिपुत्र से 05.45 बजे, दिघवारा से 06.43 बजे, छपरा से 07.40 बजे, सीवान से 08.35 बजे, भटनी से 09.35 बजे तथा देवरिया सदर से 10.00 बजे छूटकर गोरखपुर 11.30 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में 18630 गोरखपुर-रांची साप्ताहिक एक्सप्रेस 02 नवम्बर,2024 से प्रत्येक शनिवार को गोरखपुर से 15.30 बजे प्रस्थान कर देवरिया सदर से 16.40 बजे, भटनी से 17.00 बजे, सीवान से 17.45 बजे, छपरा से 19.10 बजे, दिघवारा से 19.58 बजे, पाटलिपुत्र से 21.20 बजे, पटना से 22.10 बजे, पटना साहिब से 22.30 बजे, मोकामा से 23.22 बजे, दूसरे दिन किऊल से 00.04 बजे, झाझा से 01.45 बजे, जसीडीह से 02.19 बजे, मधुपुर से 02.46 बजे, जामताड़ा से 03.20 बजे, चितरंजन से 03.33 बजे, धनबाद से 05.05 बजे, चन्द्रपुरा से 06.22 बजे, बोकारो स्टील सिटी से 07.05 बजे तथा मूरी से 08.00 बजे छूटकर रांची 09.25 बजे पहुंचेगी। जन संपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेजयान का 1, एल.एस.एल.आर.डी. का 1, साधारण द्वितीय श्रेणी के 4, शयनयान श्रेणी के 6, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 7, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 1, तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 2 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## गोरखपुर में शेयर मार्केट ऐप के नाम पर हो रहा ठगी का बड़ा खेल

- ठगों ने की तीन महीने में चार करोड़ रुपए की जालसाजी

जन एक्सप्रेस । 000

गोरखपुर में ऑनलाइन ठगों ने अब शेयर बाजार में निवेश के लिए बनाए गए ऐप्स को ठगी का सबसे खतरनाक हथियार बना लिया है। असली ऐप्स की हूबहू नकल कर 12 फर्जी ऐप्स तैयार किए गए हैं, जिनके जरिए ये जालसाज लोगों के बैंक खातों को खाली कर रहे हैं।शेयर बाजार में वर्षों से निवेश करने वाले अनुभवी लोग भी इनके झांसे में आ रहे हैं। दोगुने मुनाफे के लालच में जब तक लोग समझ पाते, उनके खाते साफ हो चुके होते हैं। हाल के तीन महीनों में गोरखपुर में करीब चार करोड़ रुपये की ठगी हो चुकी है।



### जालसाजों द्वारा दी जा रही लालच से बचें: एसएसपी

एसएसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर ने लोगों को अपील करते हुए कहा कि जालसाज लालच देकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। जो भी मामले सामने आ रहे हैं, उन पर पुलिस कड़ी कार्रवाई कर रही है। साथ ही लोगों को साइबर अपराध से बचाने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है, जनता सोशल मीडिया ऐप्स पर सावधानी बरतें।



### सोशल मीडिया पर फर्जी ऐप्स का जाल, शेयर बाजार के नाम पर ठगी

ये जालसाज सोशल मीडिया पर मदद के नाम पर अपना शिकंजा कस रहे हैं। फर्जी ऐप्स के जरिए दावा किया जाता है कि ये उतार-चढ़ाव के आधार पर शेयर मार्केट में सही निवेश कराएंगे, जिससे लोग तगड़ा मुनाफा कमा सकते हैं। लोग अधिक लाभ के चक्कर में इनकी बातों पर विश्वास कर लेते हैं और खुद को ठगी का शिकार बना लेते हैं। खास बात यह है कि इन ऐप्स का लुक और फील असली ऐप्स जैसा होता है, जिससे लोग धोखे में आ जाते हैं। डॉक्टर, इंजीनियर, व्यापारी और शिक्षक जैसे प्रतिष्ठित पेशों से जुड़े लोग भी इनकी ठगी का शिकार हो चुके हैं।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 22 मामले दर्ज, सावधानी की अपील

गोरखपुर साइबर पुलिस ने पिछले तीन महीनों में ठगी के 22 बड़े मामलों में एफआईआर दर्ज की है। इन मामलों में 10 लाख से लेकर दो करोड़ रुपये तक की जालसाजी हुई है। इनमें 16 मामले शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी के हैं। पुलिस का कहना है कि सबसे ज्यादा ठगी 10 लाख से 30 लाख रुपये के बीच हुई है।

### ये हैं फर्जी ऐप्स, रहें सावधान

जालसाजों ने बल्क कोटक एआई प्रो, कोटक सेक्योरिटीज केएसएल ऑफिशियल, जीएसगोल्डडॉटकॉम, तमिल 123, टॉप्स टेक्नोलॉजी, राजलाल वासानी, धन एप, इंडियन स्टॉक, गोल्डमैन, गोल्डमैन सैच्स ट्रेडिंग, कॉसमॉस और ट्रेड जोन नाम के फर्जी ऐप्स बनाए हैं। इन सभी के नाम एफआईआर में दर्ज हैं, और पुलिस ने इनसे सावधान रहने की सख्त हिदायत दी है।

# अम्बेडकर विवि के 90वे दीक्षांत समारोह में 117स्वर्ण पदकोड्ड में 99 छात्राओं को मिले

## महिलाओं को शिक्षा से बराबरी का अधिकार मिला राज्यपाल, पदक के सम्मान में महिलाओं के लिए जागरूकता पैदा करें प्रो अनिल

जन एक्सप्रेस । आगरा



समाज का परिवर्तन ही है शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय का 90वां दीक्षांत समारोह मंगलवार को विवेकानंद परिसर (खंदारी कैंपस) स्थित शिवाजी मंडपम् में संपन्न हो गया। समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी फोरम (एनईटीएफ) के अध्यक्ष, एआइसीटीई चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे, विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी थीं। समारोह में विश्वविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को 117 मेडल प्रदान किए। इनमें 99 पदक बेटियों को, जबकि 18 बेटों को मिले हैं। समारोह की गोल्डन गर्ल एसएन मेडिकल कॉलेज की छात्रा डॉ. अर्पिता चौरसिया रहीं. उन्हें सात गोल्ड और एक सिल्वर पदक मिला। इसके साथ 60212 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। समारोह में मेडल और उपाधियां प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने विशेष संकल्प दिलाया ति सभी सबसे पहले अपने घर जाकर अपनी मां को मेडल पहनाएं और उपाधि प्रदान कर उन्हें सम्मान दें। इसके बाद यह संकल्प लें कि मां हम तुम्हारी अंतिम समय तक सेवा करते रहेंगे। लडकों को संकल्प दिलाया कि तय करें कि दहेज की मांग नहीं करूंगा, पत्नी के घर से आए रुपये, मकान आदि नहीं लूंगा। यह दिखाने के लिए नहीं, हमारी शिक्षा का अंग होना चाहिए। इस संकल्प का सभी ने तालियां बजाकर स्वागत किया। शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ डिग्री और उपाधि दिलाना नहीं, बल्कि समाज में परिवर्तन लाना है। मैं जेलों में जाकर देखती हूं, तो वहां दहेज हत्या या उत्पीड़न के आरोप में अनेक महिलाएं भी निरुद्ध हैं, उन्हें देखकर अच्छा नहीं लगता। हमें इसी परिस्थिति में परिवर्तन लाना है। आत्मनिर्भर बनें, माता-पिता से कहें कि मुझे दहेज में कुछ नहीं चाहिए।

### प्रतिनिधिगणो की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों का प्रथम रैण्डमाइजेशन सम्पन्न

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। प्रयागराज ।जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में मंगलवार को संगम सभागार में 256 विधान सभा फूलपुर उप निर्वाचन-2024 को सकुशल निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु ईवीएम मशीनों का प्रथम रैण्डमाइजेशन किया गया ।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बने सतीश विश्वकर्मा

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। यमुनानगर क्षेत्र के अन्तर्गत में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी यमुनापार आईटी जिला संयोजक सतीश विश्वकर्मा को मंगलवार नगर पंचायत अध्यक्ष शंकरगढ़ पार्वती कोटार्य ने जन समास्याओं के तीव्र गति से समाधान करने हेतु नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नियुक्त किया। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने दिया। तमाम लोगों ने दूरभाष के माध्यम से प्रतिनिधि को बधाइयां दी।

# भीटा मेला प्राधिकरण की बैठक हुई सम्पन्न मेला बसावट और पार्किंग पर विशेष चर्चा

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



यमुनानगर के अन्तर्गत विकास खण्ड जसरा क्षेत्र के भीटा ग्राम पंचायत सचिवालय में ग्राम प्रधान देवरिया महन्थ राजीव गिरी के अध्यक्षता में यमदुतिया मेले की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में उपस्थित रहे उपजिलाधिकारी बारा व तहसीलदार बारा ने विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए दिए गए निर्देश और घाटो की व्यवस्था दुरुस्त हो महिलाओं की कपड़ा बदलने की व्यवस्था दुरुस्त टैंकर की व्यवस्था दुरुस्त और टॉयलेट की व्यवस्था दुरुस्त हो और किसी भी प्रकार से अवैध वसूली न किया जाए। मन्दिर सुरक्षा की व्यवस्था बेहतर हो मंदिर मार्ग बेहतर होनी चाहिए तमाम बिन्दुओं पर बैठक कर सम्बंधित विभाग के सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए समय से पूर्व कार्य होना चाहिए खंड विकास अधिकारी अनीस अहमद एडियो पंचायत विनोद द्विवेदी उप निरीक्षक घुरपुर थाना दिनेश सिंह फायर ब्रिगेड और तमाम वरिष्ठ विद्युत विभाग के अभय पाठक मंदिर के मुख्य पुजारी ज्ञानेन्द्र गोस्वामी मंदिर के व्यवस्थापक विनोद गोस्वामी राम सुन्दर निषाद फूलचन्द निषाद राजकुमार प्रजापति अनिल प्रजापति बृजलाल निषाद रंजीत निषाद समस्त भीटा के ग्रामवासी उपस्थित रहे।वही उपजिलाधिकारी बारा ने सम्बन्धित विभागो दिए आवश्यक दिशा निर्देश उन्होंने कहा कि मेला अच्छे से एवं दिव्य हो इसके लिए सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का होगा सम्मान

जन एक्सप्रेस । आगरा



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से सम्बद्ध गणेश राम नागर सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर, बल्केश्वर में नवनिर्मित सभागार का लोकार्पण राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के कर कमलों से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्यपाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

राज्यपाल ने कहा कि हम बेटियों को शिक्षा प्राप्त करा देते हैं और उन्हें मार्क्स व सर्टिफिकेट भी मिल जाते हैं, जिसे हम लोग अपने घरों में सर्टिफिकेट लगाते हैं, परिवारिजन समाज में चर्चा भी करते रहते हैं कि मेरी बेटी होशियार है, मेरी बेटी यह काम कर रही है, लेकिन कभी-कभी भूल अथवा अज्ञानता वश हमारी बेटियां ऐसी गलतियां कर देती हैं, जिसकी वजह से उनका जीवन अन्धकारमय हो जाता है, अतः हम लोगों को सजग रहकर इस बात पर भी ध्यान रखना है कि हमारी बेटी कोई ऐसा कार्य न करे, जिससे उसका जीवन अन्धकारमय हो, साथ ही हमें उसके साथ मित्रवत् होकर उनसे वार्ता करनी चाहिए ताकि वह अपनी समस्याओं व विचारों को बिना डरे हुए हमसे कह सकें। उन्होंने डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की चर्चा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उनके द्वारा विभिन्न स्तरों व विषयों के 118 पुरस्कार वितरित किये गये, जिसमें से 99 पुरस्कार सिर्फ बेटियों ने और 19 लड़कों ने प्राप्त किये, जो कि महिला सशक्तीकरण का एक अनूठा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हम लोग अपने बेटों को तो अच्छे से अच्छे स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने हेतु भेजते हैं लेकिन बेटियों को सरकारी स्कूलों में भेजते हैं, जहां फीस नहीं लगती है, फिर भी हमारी बेटियां आगे चलकर अपना व परिवार का नाम रोशन करती हैं।

राज्यपाल द्वारा कहा गया कि एक समय था जब लड़कियों की संख्या कम थी और लड़कियों को बचानें के लिए पूरे देश भर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया गया, जिसका परिणाम है की आज लडकियां आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि आजकल कैंसर की संख्या बढ़ रही है और इसमें महिलाओं में सर्वाइकल, गर्भाशय तथा स्तन कैंसर बढ़ रहा है, जिसके इलाज में लाखों रूपये खर्च किये जाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए वर्तमान में एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है, जिससे स्तन कैंसर से निजात मिलती है यह वैक्सीन 9 से 14 साल की उम्र वाली बेटियों को दी जाती है तो उसको कैंसर नहीं होगा और अलग-अलग क्षेत्र के माध्यम से 14 साल की उम्र वाली बेटियों को चाहे कस्तूरबा गांधी विद्यालय स्कूल हो चाहे राज भवन की बेटियां हो इन सबको हम लोग वैक्सीन दिलवा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर चर्चा करते हुए कहा कि आज कल के युवा इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का प्रयोग कर रहे हैं, जिसका उनके भविष्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, माता-पिता यह ध्यान रखें कि हमारे बेटियां, हमारे बेटे मोबाइल में क्या देख रहे हैं इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

# सपा प्रत्याशी शोभावती वर्मा ने जिला प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

■ सपा प्रत्याशी शोभावती वर्मा और बसपा प्रत्याशी अमित कुमार वर्मा ने किया नामांकन

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर





जनपद के कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी शोभावती वर्मा ने मंगलवार को सादगी के साथ दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। नामांकन के दौरान उन्होंने जिलाधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए, जिसमें उन्होंने कहा कि डीएम खुद चुनाव लड़ रहे हैं और जातिवाद का समर्थन कर रहे हैं। सपा प्रत्याशी ने कहा कि उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष से नहीं है, बल्कि कटेहरी की जनता के कहने पर वे चुनाव लड़ रही हैं।

नामांकन के अवसर पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव और सपा सांसद लालजी वर्मा ने भी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन, विशेष रूप से जिला प्रशासन, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एजेंट के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिलाधिकारी मुस्लिम प्रधानों को बुलाकर उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए कह रहे हैं।

लालजी वर्मा ने कहा, 40 साल के राजनीतिक जीवन में मैंने 1991 से कई चुनाव लड़े हैं, लेकिन इस तरह किसी अधिकारी को पक्षपात करते हुए नहीं देखा। उन्होंने दावा किया कि प्रधानों, शिक्षकों, और कोटेदारों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कटेहरी की जनता संविधान में विश्वास करती है और समाजवादी पार्टी का समर्थन करती है। नामांकन प्रक्रिया के तहत बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रत्याशी अमित वर्मा ने भी प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के साथ पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले सोमवार को ओमवीर वर्मा ने नामांकन दाखिल किया था।

कटेहरी उपचुनाव के नामांकन की प्रक्रिया के दौरान कलेक्ट्रेट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी के नामांकन के दौरान सपा के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद लालजी वर्मा, राष्ट्रीय महासचिव और विधायक रामअचल राजभर, राष्ट्रीय सचिव और विधायक त्रिभुवन दत्त, तथा पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव जैसे प्रमुख नेता मौजूद रहे।

सपा द्वारा लगाए गए आरोपों से जिले में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। लालजी वर्मा ने यह स्पष्ट कर दिया कि वे इस मामले की शिकायत चुनाव आयोग से करेंगे। उनका कहना है कि कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में सपा का समर्थन बढ़ता जा रहा है, और जनता भाजपा के प्रभाव से प्रभावित नहीं होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि कटेहरी की जनता उन्हें इस बार लोकसभा चुनाव से भी बड़े अंतर से सपा प्रत्याशी को जिताएगी।

# खेल में प्रतिद्वंद्विता नही प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए : राजेश यादव

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



यमुनानगर क्षेत्र के अन्तर्गत में मंगलवार को विकास खण्ड के ऊरुवा परिषदीय विद्यालयों की न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। बेदौली न्याय पंचायत की खेलकूद प्रतियोगिता संविलियन विद्यालय सिरसा में औता न्याय पंचायत की प्राथमिक विद्यालय चोरबना में लेहड़ी न्याय पंचायत की पूर्व माध्यमिक विद्यालय अकोढा में सम्पन्न हुई।

वहीं रामनगर न्याय पंचायत की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ पी.एम.प्राथमिक विद्यालय पट्टीनाथ राय में खण्ड शिक्षा अधिकारी उरुवा राजेश यादव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करने के पश्चात फीता काटकर रामनगर न्याय पंचायत की खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया।बीईओ उरुवा राजेश यादव ने कहा कि आज पूरी दुनिया का ध्यान खेल की तरफ है।दुनिया का हर देश मेजबान बनना चाहता है। खेल में प्रतिस्पर्धा तो ठीक है,लेकिन प्रतिद्वंद्वीता नही होनी चाहिए और प्रतियोगिता में किसी भी प्रकार की कोई बेईमानी न हो पूरी निष्पक्षता से सही ढ़ंग से प्रतियोगिता को सम्पन्न कराई जाय।

मेजबान विद्यालय की शिक्षिका ज्योति चौरसिया वीना मिश्रा व सोनम कोटार्य द्वारा माँ सरस्वती की वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत की गई और बहुत ही अच्छी रंगोली बनाई गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुष्कर द्विवेदी ने प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि बीईओ उरुवा को बैच लगाकर व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मेजबान ग्राम सभा पट्टीनाथ राय के ग्राम प्रधान के पिताजी मोहिनाथ मिश्रा ने उपस्थित सभी बच्चों का हौसला अफजाई किया।

कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ उरुवा के अध्यक्ष विनोद शुक्ला ने किया।चारों न्याय पंचायतों में खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी खो-खो दौड़ ऊँची कूद लम्बी कूद गोला फेंक चक्का फेंक कुश्ती सुलेख व आलेख आदि प्रतियोगिता खेल प्रभारी मुकेश शुक्ला अर्जुन सिंह चंद्रशेखर भारतीया ध्यान सिंह सूर्य प्रकाश सिंह मधुबाला पटेल उदय सिंह शबनम खां जितेंद्र कुमार व प्रीति कुमारी की देखरेख में सम्पन्न हुई। प्राथमिक स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय केवटहिया विजेता व प्राथमिक विद्यालय पट्टीनाथ राय उपविजेता तथा बालिका वर्ग में पट्टीनाथ राय विजेता व उचडीह उपविजेता हुई।वही जूनियर वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में संविलियन विद्यालय निबैया विजेता तथा संविलियन विद्यालय सोनबरसा उपविजेता हुई।

बालिका वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में बकचुंदा विजेता व सोनबरसा उपविजेता हुई।इसी प्रकार बेदौली न्याय पंचायत की खेलकूद प्रतियोगिता में ओवर ऑल विजेता संविलियन विद्यालय लोहारी तथा उपविजेता संविलियन विद्यालय सिरसा की टीम के बच्चें रहे।

उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान पट्टीनाथ राय संदीप मिश्रा,ब्लॉक व्यायाम शिक्षक मानिक चंद्र सिंह सुभाष यादव सुनील विश्वकर्मा बृजेश यादव स्तुति श्रीवास्तव जावेद अहमद जितेन्द्र नाथ दुबे विपिन कुमार सोनम वर्मा राकेश कुमार कृष्ण कुमार आदि गणमान्य व्यक्ति व शिक्षक उपस्थित रहे।

# वित्तमंत्री जी! गोभी, टमाटर 100 रुपए और 150 के पार है मटर

जन एक्सप्रेस । खुर्जा






यूं तो खाद्य पदार्थों समेत सभी वस्तुओं की महंगाई ने बीते दस वर्षों में गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। लेकिन सब्जियों के नखरे कुछ अधिक ही हैं। इससे कम आय वाले उपभोक्ता सांसत में हैं। दीपावली के त्यौहार पर वस्तुओं की खरीददारी परेशानी का शबब बन गई हैं। वे सोच कर हैरान और परेशान हैं कि आखिर करें तो क्या करें ? क्या खाएं और और क्या पकाएं ? गोभी, टमाटर सौ रुपए तो मटर 150 के पार है। इससे भाजपा सरकार विपक्षी पार्टियों के नेताओं के निशाने पर है। उनका कहना है कि केन्द्र सरकार ने लोगों को महंगाई की चक्की में पिसने को मजबूर कर दिया है।

बसपा के खुर्जा विधानसभा क्षेत्र कमैटी के अध्यक्ष राज कुमार प्रधान दिनों-दिन बढ़ती जा रही महंगाई को लेकर बेहद परेशान है। उनका कहना है कि बीते दस वर्षों में महंगाई ने गरीब लोगों की जिंदगी की लय बिगाड़ दी है। आलम यह है कि गरीब को मजदूरी मिलती नहीं और वस्तुओं की महंगाई बेलगाम है। बसपा नेता का कहना है कि सब्जियों की महंगाई ने तो गरीब आदमी की कमर तोड़ दी है। सौ रुपए प्रति किलो की गोभी, टमाटर और 160 रुपए प्रति किलो की मटर खाना गरीब के बूते की बात नहीं है। भाजपा शासन में गरीब को चटनी भी मयस्सर नहीं हैं। युवा समाजसेवी और कांग्रेस के पूर्व जिला महामंत्री मोहम्मद शकील ने बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को लेकर केन्द्र की मोदी सरकार की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार लोगों को बुनियादी सेवाएं सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने में विफल है। लोग महंगाई और बेरोजगारी से आजिज हैं और सरकार गूंगी और बहरी बनी बैठी है। उन्होंने कहा कि सब्जियों की महंगाई आसमान पर है। सौ रुपए प्रति किलो गोभी और टमाटर तो 160 रुपए प्रति किलो मटर बिक रही है। भाजपा शासन में गरीब की थाली का वजन दिनों दिन हल्का होता जा रहा है। सेवा निवृत्त नायब तहसीलदार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लाल बहादुर सक्सेना ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार बीते दस वर्षों में महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में विफल रही है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खाद्य पदार्थों और सब्जियों की महंगाई ने गरीब लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है।


# कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर सरहट चित्रकूट

पत्रांक संख्या 487/न0पं0मा0/2024-25 दिनांक 22/10/2024

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मिथिलेश कुमार पांडे पुत्र स्व. सुंदरलाल पांडेय द्वारा इस आशय का प्रतिवेदन पत्र कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर सरहट में दिया है कि मा0 न्यायालय के आदेश दिनांक 21.10.2023 द्वारा पारित आदेश के क्रम में वार्ड संख्या 09 शिव नगर मानिकपुर में एक किता भवन/प्लॉट मेरे नाम किया गया है तत्क्रम में इस निकाय द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (2) का प्रयोग करते हुए जरिए इश्तेहार सूचित किया जाता है कि उक्त भवन में राजस्व अभिलेखों के आधार पर नाम दर्ज किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इश्तेहार प्रकाशित होने की तिथि से 30 दिन के अंदर अपनी लिखित मय साक्ष्यों की आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर दें अन्यथा आपत्ति ना आने पर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए नामांतरण की कार्यवाही कर दी जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मानिकपुर सरहट


### प्रशिक्षण देकर महिलाओं को बना रहे स्वरोजगार परक

विद्युतनगर (अंबेडकरनगर)। कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से सामान्य सुविधा केंद्र त्रिलोकपुर में महिला कारीगरों को गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इम्पैनल्ड मास्टर ट्रेनर ने महिला कारीगरों को हाथ से बेडशीट, चादर, तकिया का गिलाफ, कुशन कवर, कुर्ती, कुर्ता पर ब्लॉक से डिजाइन की प्रिंटिंग का हुनर सिखाया। प्रशिक्षण मिलने से महिलाओं में उत्साह है। उन्हें उम्मीद है कि हुनर सीखने के बाद वे घर पर ही अपना काम करेंगी, साथ ही बाजार में उत्पाद को बेच कर धन अर्जित कर अपना आर्थिक विकास करे सकेंगी। अध्यक्ष राकेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि इस प्रशिक्षण के जरिए महिला कारीगर न सिर्फ हुनर सीखेंगी वरन स्वरोजगार के जरिए अपना आर्थिक पक्ष भी मजबूत करेंगी। ऐसा होने से वह स्वावलंबी बन सकेंगी। इन महिलाओं को रोजगार से भी जोड़ा जाएगा।

# विद्युतीकरण में प्रयुक्त हो रहे उपकरण जांच में फेल

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर

रिवैंप योजना के तहत कराए जा रहे विद्युतीकरण में बड़ी गड़बड़ी मिली है। इसमें बिजली के घटिया उपकरणों का प्रयोग किया जा रहा है।

जांच में दोयम दर्जे के उपकरण मिलने के बाद अधीक्षण अभियंता ने पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के साथ ही अधोमानक उपकरणों को चिह्नित कर बदलवाने के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की है। पूरे प्रकरण की रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जा रही है।

जनपद के 1007 मजरों में रिवैंप योजना के तहत विद्युतीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इसके लिए हैदराबाद की एनसीसी संस्था को जिम्मेदारी दी गई है। विभाग के अनुसार करीब 117 करोड़ रुपये की लागत से जर्जर तार, नये बिजली खंभे समेत अन्य बिजली उपकरण को बदलकर जिले के आखिरी कोने तक हर घर को रोशन किया जाना है। बीते दिनों अधीक्षण अभियंता ने नामित संस्था के गोदाम पर जाकर विद्युतीकरण में प्रयोग किए जा रहे उपकरणों की जांच की। गड़बड़ी नजर आने पर उसका नमूना लेकर विभाग की दिल्ली जांच लैब में भिजवाया।

बीते दिनों इसकी जो रिपोर्ट आई वह चौंकाने वाली है।

जांच में कंडक्टर, इंसुलेटर पिन व इंसुलेटर डिस्क आदि उपकरण विभागीय मानक पर खरे नहीं उतरे हैं। बताते चलें कि कुर्की से जाफरगंज नई लाइन का निर्माण यही संस्था करा रही है। इसके अलावा अब तक 200 से अधिक मजरों में इन उपकरणों को संस्था लगवा चुकी है। अब इन सभी को चिह्नित कर निकलवाने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों को लगाया गया है।

> **शासन को भेजी जा रही रिपोर्ट**
>
> रिवैंप योजना के तहत 1007 मजरों में विद्युतीकरण के कार्य का जिम्मा एनसीसी को मिला है। बीते दिनों संस्था के गोदाम से बिजली के उपकरण का सैंपल लेकर जांच के लिए दिल्ली स्थित विभागीय लैब में भेजा गया था। रिपोर्ट में कई उपकरण खराब निकले हैं। रिपोर्ट शासन को भेजी जा रही है।
>
> – गिरीश नारायण मिश्र, अधीक्षण अभियंता




### पांच सदस्यीय टीम गठित

अधीक्षण अभियंता ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए नोडल अधिकारी अधिशासी अधिकारी अकबरपुर संदीप कुमार, उपखंड अधिकारी राम मोहन पांडेय, अवर अभियंता संतीश कुमार, मेसर्स वाप्कॉस के सर्किल इंचार्ज शिवम त्रिपाठी और एनसीसी के धनेश कुमार सिंह की पांच सदस्यीय टीम गठित की है।

# तमाम जमाकर्ता परिवार जुलूस की शक्ल में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते पहुंचे कलेक्ट्रेट

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

52 दिन से आंदोलन कर रहे जमाकर्ता परिवार भड़के, जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन।




पूरा मामला जनपद पीलीभीत का है जहां जमा रकम की वापसी कराने समेत तीन मांगों को लेकर आंदोलनरत जमाकर्ता परिवारों का सब्र एक बार फिर जवाब दे गया। तमाम जमाकर्ता परिवार जुलूस की शक्ल में सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान आंदोलनकारियों ने कलेक्ट्रेट तिराहे समेत कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक को सौंपा। बता दें कि एक माह पूर्व मांगों को लेकर जमाकर्ता परिवारों के 400 लोगों ने गिरफ्तारी भी दी थी। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के बैनर तले तमाम जमाकर्ता परिवार अपनी तीन मांगों को लेकर पिछले 52 दिन से कृषि भवन में लगातार आंदोलन कर रहे हैं। एक दिन पूर्व संगठन के पदाधिकारियों ने कुछ दिन पूर्व अफसरों को ज्ञापन सौंपा था। सौंपे गए ज्ञापन में जमाकर्ता परिवारों ने प्रत्येक जमाकर्ता निवेशकों के जमा राशि का दो से तीन गुना भुगतान कराने, असंगत एजेंटों को सुरक्षा-सम्मान और रोजगार देने एवं प्रत्येक ठग और बेईमानों को मृत्युदंड देकर देश को ठग मुक्त एवं बेईमान रहित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की मांग की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने मांगों का निस्तारण न होने पर 22 अक्टूबर को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष का पुतला फूंकने की चेतावनी दी थी। इधर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को तमाम जमाकर्ता परिवार कृषि भवन में एकत्रित हुए। यहां सभा हुई। सभा में संगठन के जिलाध्यक्ष द्रगपाल ने जमाकर्ता परिवारों को आश्वासन देते हुए कहा कि एक-एक जमाकर्ता की जमा धनराशि वापस दिलाई जाएगी। पैसे की लूट-खसोट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कराकर ही दम लेंगे। यहां से सभी जमाकर्ता परिवार जुलूस की शक्ल में ऑफिसर्स कॉलोनी रोड होते कलेक्ट्रेट तिराहे पहुंचे। कलेक्ट्रेट तिराहे पर पहुंचकर जमाकर्ता परिवारों ने पहले तो टनकपुर हाईवे पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके बाद आंदोलनकारी नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट परिसर में पहुंचे। यहां भी सभी ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष के मुताबिक अनुमति न मिलने के कारण पुतला दहन का कार्यक्रम स्थगित किया गया है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन धान क्रय केंद्रों पर अभी शुरु नही हुई तौल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर मांगे पूरी करने की मांग उठाई है।इस दौरान कई मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि पूरनपुर तहसील के देहात क्षेत्र में लगे किसी भी धान केंद्र पर अभी तक धान खरीद शुरू नहीं हुई है। तत्काल के केंद्रों पर खरीद शुरू कराई जाए। मंडी में लगे केंद्रों धान में नमी का बहाना बनाकर किसानों को वापस किया जा रहा है। धान केंद्रों पर आने वाले सभी किसानों की धान तौल कराने की मांग उठाई है। क्षेत्र में राइस मिलर्स द्वारा किसानों से खरीदे गए धान का भुगतान खाते में किया जा रहा है। फिर भी नगद भुगतान के नाम पर दो प्रतिशत से लेकर तीन प्रतिशत तक की कटौती की जा रही है। इस कटौती को तत्काल बंद कराया जाए। माधोटांडा रोड पर स्थित राइस मिल द्वारा किसानों से दो से तीन तक मुद्दत काटी गई।किसानों ने क्षेत्र के सभी धर्म कांटों पर घटतौली की जा रही है। किसकी जांच कर कार्रवाई कराया जाए। छोटे किसानों को परली नष्ट करने के लिए यंत्र उपलब्ध कराए जाएं और मनरेगा मजदूरों द्वारा किसानों के खेतों में पराली हटाई जाए। अन्य कोई समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई है। ज्ञापन देने वालों में स्वराज सिंह, सत्यवर्मा, काशीराम, गुरदीप सिंह, रमेश,अरविंद सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बिना अनुमति के विदेश यात्रा पर गई शिक्षिका को जिले के जिम्मेदारों ने दिया अभयदान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

छह माह पहले बिना अनुमति के विदेश यात्रा पर गई शिक्षिका को जिले के जिम्मेदारों ने अभयदान दे दिया था, लेकिन अब एडी बेसिक और आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत होने के बाद मामला दोबारा से तूल पकड़ गया है। एडी बेसिक ने इस प्रकरण की गहनता से जांच करने के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित की है। कमेटी से 15 दिन के भीतर रिपोर्ट रिपोर्ट मांगी है। बता दें कि मरौरी ब्लॉक के गांव चंदोई के कंपोजिट विद्यालय में शिक्षिका साजदा खातून ग्रीष्मकालीन अवकाश पड़ने से पहले वह 16 मई को स्कूल आई थी। इसके बाद वह विभाग से बिना अनुमति लिए ही कनाडा निकल गई। आरोप है कि शिक्षिका ने स्कूल खुलने के बाद भी ज्वाइन नहीं किया। मामला संज्ञान में आने पर बीएसए अमित कुमार सिंह ने बीईओ मरौरी शिव शंकर मौर्या से जांच कराई। जांच में कनाडा जाने की बात सामने आई तो बीएसए ने उसका वेतन रोक दिया था। मरौरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बिठौरा कला में कार्यरत शिक्षक शमसुल हसन ने 17 सितंबर को आईजीआरएस,मंडलायुक्त और एडी बेसिक से मामले की शिकायत की थी। उनका आरोप था कि गंभीर प्रकरण में भी उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है। बीईओ की जांच में भी मामला सही पाए जाने पर सिर्फ उनका वेतन ही रोका गया। इस पर शिकायतकर्ता से इस मामले में साक्ष्य मांगे गए तो शिकायतकर्ता ने जांच में सहयोग करते हुए साक्ष्य भी प्रस्तुत कराए। एडी बेसिक डॉ. अजीत कुमार ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शिक्षिका के द्वारा बिना अनुमति के कनाडा जाना गलत पाते हुए मामले की जांच कमेटी गठित कर दी है। जांच कमेटी में बीईओ अमरिया और बीईओ नगर क्षेत्र को सौंपी है।

# खेत में धन से भरी ट्राली असलहा के बल पर आरोपियों ने लूटी, विधवा महिला ने एसपी से की शिकायत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार को न्यूरिया क्षेत्र के गांव पंडरी की रहने वाली सुनीता देवी ने अपने ससुराल वालों पर पति की मृत्यु के बाद प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है और कहा ?कि न्यूरिया पुलिस ने आरोपियों पर बिना कार्रवाई करते हुए उन्हें छोड़ दिया है। वह थाने भी गई पर उसकी रिपोर्ट पुलिस द्वारा नहीं लिखी गई। जिसकी शिकायत सुनीता देवी पत्नी स्वर्गीय नंदकिशोर ने पुलिस अधीक्षक से की जिसमें कहा गया कि वह गरीब विधवा महिला है उसके पति वन विभाग में नौकरी करते थे जिनकी दिनांक 02.09.2021 को मृत्यु हो चुकी है। 17.10.2024 को शाम अपने खेत जिसकी गाटा सं0-293 स्थित ग्राम रम्पुरिया महोफ पर अपने धान काटने गई थी धान काटने वाली मशीन देरी से आयी जिस कारण धान कटवाने में काफी देर हो गयी रात के करीब 10ः00 बज गये थे प्रार्थिनी ने अपने धान अपने साथ लायी ट्राली में भरे थे तभी प्रार्थिनी का देवर भूपेन्द्र पुत्र ईश्वरी प्रसाद अपने साथ दुर्वेश पुत्र बाबू राम व अवधेश पुत्र श्रीपाल एवं 8-10 अज्ञात व्यक्ति निवासीगण ग्राम पंडरी के है। देवर के साथ असलहों से लैश होकर आया और उसने असलहों के बल पर प्रार्थिनी के साथ गन्दी गन्दी गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुये बल पूर्वक प्रार्थिनी की ट्राली से लूट कर प्रार्थिनी के धान अपने साथ लायी ट्राली में पलट लिये। प्रार्थिनी ने 112 नं0 व महिला हेल्प लाईन 181 पर तुरन्त फोन किया तो मौके पर पुलिस आ गयी जिसने कहा कि धान की ट्राली थाने ले चलो तो उपरोक्त ट्रेक्टर को दुर्वेश चलाने लगा और उसने ट्रेक्टर ट्राली थाने न ले जाकर गांव की तरफ मोड दी जब ट्रेक्टर ट्राली को रोकने का प्रयास किया तो उपरोक्त भूपेन्द्र व अवधेश ने ट्रेक्टर चला रहे दुर्वेश से कहा कि इसको दबा कर मार दो जिस पर दुर्वेश ने जान से मारने की नियत से ट्रेक्टर चढा कर मारने का प्रयास किया प्रार्थिनी के भाई मुकेश ने हाथ पकड़ कर खींच लिया जिससे प् जान बच सकी। सामने से थाना न्यूरिया पुलिस की गाडी आ गयी जो बड़ी मुश्किल से ट्रेक्टर ट्राली मय धान थाना न्यूरिया लेकर आ गयी जिसे पुलिस द्वारा थाने में खड़ा कर लिया गया। थाना पुलिस द्वारा उपरोक्त ट्रेक्टर ट्राली मय धान उपरोक्त मुल्जिमान को प्रार्थिनी के संज्ञान में दिये बिना दे दी गई है प्रार्थिनी घटना के समय से ही थाना न्यूरिया के चक्कर लगा रही है उसके उपरान्त भी थाना पुलिस द्वारा थाने में पुलिस अभिरक्षा में खडे प्रार्थिनी के धान व घटना में प्रयुक्त ट्रेक्टर ट्राली मुल्जिमान को ही दे दिये गये है। और प्रार्थिनी की रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की गई।

# पेड़ से गिरकर घायल बकरी पालक की मौत



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सरपतहा थाना क्षेत्र के सड़हरा गांव में सोमवार शाम पेड़ से गिरकर घायल बकरी पालक की वाराणसी अस्पताल ले जाते समय देर रात रास्ते मे मौत हो गई। स्वजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए मंगलवार सुबह शव का अंतिम संस्कार कर दिया। सारी जहांगीरपट्टी निवासी रमेश पाल 36 पिता किसाने पाल के साथ बकरी पालन का पारिवारिक व्यवसाय करते थे। रोजाना की तरह सोमवार को भी दोपहर बाद वे बकरियों को लेकर चारे की तलाश में निकले थे। शाम चार बजे के आसपास पड़ोसी गांव जैनपुर में वे एक पीपल के पेड़ पर चढ़कर टहनियों को काट रहे थे। किंतु इसी बीच वे असंतुलित होकर नीचे गिर पड़े जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। आनन-फानन में स्वजन उन्हें लेकर शाहगंज एक निजी अस्पताल पहुंचे जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिसके बाद जिला अस्पताल पहुंचने पर उन्हें वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया किंतु वहां पहुंचने से पहले ही रास्ते मे उनकी मौत हो गई।

# दंपती को मारपीट कर किया घायल

**पूरनपुर।** घर में घुसकर दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया पीठ से हमला कर युवक का सिर फोड़ दिया पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है। थाना क्षेत्र के गांव लुकटिहाई टांडा निवासी रामकुमार 21 अक्टूबर को अपने घर पर काम कर रहा था। इसी दौरान गांव निवासी एक युवक घर में घुसकर गाली गलौज करने लगा। जब उसने मना किया तो युवक ने अन्य लोगों को अपने पास बुला लिया। सभी ने एक राय होकर उसको लाठी डंडों से मारा पीटा। जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर ईंट से हमला कर दिया। जिससे वह गए लहुलूहान होकर जमीन पर गिरा पडा। बचाने आई उसकी पत्नी गुड्डी देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। शोर मचाने पर सभी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए. घायल थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी विशेष कुमार ने वताया घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हाईवे के किनारे ओने पौने दामों में खरीदा जा रहा धान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** क्रय केंद्रों पर धान खरीद न होने से किसान हाईवे के किनारे कई जगह पर फड लगाए बैठे बिचौलियों के हाथों अपनी फसल बेचने को मजबूर हैं।जिससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। 22 दिन बीत जाने के बाद भी तौल शुरू नहीं हो सकी है। इसके चलते किसानों में खासा रोष देखा जा रहा है।

किसानों को धान की फसल का वाजिव मूल्य मिल सके इसके लिए धान क्रय केंद्र खरीदे गए हैं। एक अक्टूबर से धान खरीद करने के आदेश दिए गए थे। लेकिन सिस्टम बदहाली और मनमानी के चलते क्रय केंद्रों पर अभी तक तौल शुरू नहीं हो सकी,जबकि एक महीना बीत जाने के करीब है। इससे किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है। केंद्रों पर तौल न होने से किसान अपने खून पसीने की कमाई से तैयार की गई फसल को आढतियों और हाईवे के किनारे फड लगाए बैठे बिचौलियों के हाथों ओने पौने दामों में बेचने पर मजबूर हो रहे हैं।किसान धान बिक्री करने के लिए जाते हैं तो नमी बताकर उनको वापस किया जा रहा हैं। किसानों ने बताया कि यह सब बिचौलियों की मिलीभगत से हो रहा है। किसानों की फसल नगद भुगतान करने का प्रलोभन देकर औने पौने दामों में खरीद कर मोटा मुनाफा कमाने में जुटे हैं।धान खरीद प्रक्रिया ठीक न होने के चलते किसानों को वाजिब मूल्य नही मिल पा रहा है।इससे किसानों में रोष देखा जा रहा है। शीघ्र ही किसानों ने खरीद शुरू कराए जाने मांग की गई है।

# महिला की लगाई पिटाई पुलिस से की शिकायत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** महिला को जमीन पर गिरा कर उसकी पिटाई कर दी। आरोप है कि गलत तरीके से पकड कर महिला को खींच लिया। शिकायत पुलिस से की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने बताया कि 21 अक्टूबर को वह अपने घर पर थी। उसके जेठ ने गाड़ी की चाबी मांगी। महिला ने चाबी देने से मना कर दिया। जिस पर उसका जेठ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर महिला को खींच कर सड़क पर पटक कर उसको मारा पीटा। गलत नीयत से महिला का हाथ पकड कर जबरन खींचने लगा। विवाद में महिला घायल हो गई। बचाने आए पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया। घर में खड़ी बाइक को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दी। शोर मचाने पर लोगों का आता देख युवक मौके से धमकी देते हुए फरार हो गया।

# व्यापार प्रतिनिधि मंडल बैठक का हुआ आयोजन



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल पूरनपुर की एक बैठक का आयोजन नगर अध्यक्ष श्री प्रदीप शुक्ला जी के नेतृत्व में आयोजित हुई। जिसका आयोजन नगर महामंत्री रवि जायसवाल के प्रतिष्ठान जायसवाल कार गेराज आसाम रोड पर हुआ। बैठक में तय किया गया है कि प्रत्येक माह संगठन की बैठक होगी। संगठन का विस्तार कर सभी पदाधिकारी अपने साथ दो दो व्यापारी को जोड़ेंगे, बैठक में नगर के व्यापारियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, साफ सफाई की व्यवस्था के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में अन्य कई समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान श्याम सिंह, परवेज खान, सैयद जफर अली, डॉ उमाशंकर, अखिलेश शर्मा, संजय गुप्ता, सौरभ पाल, लकी, मोहम्मद कासिम, बृजेश शुक्ला, आसिफ खान, कुलदीप सनाढय, शान मोहम्मद, आसिफ अंसारी,मुन्ना, वीरेंद्र सिंह, राज गुप्ता,विनोद सैनी, राहुल वाजपेई,मोहिद अली रजवी, सिद्दीकी सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पूरनपुर कोतवाल सहित चार थानाध्यक्षों को भेजा लाइन

**पूरनपुर।** कानून व्यवस्था में सुधार एवं अपराधों पर नियंत्रण न पाने को लेकर पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने जनपद के चार थानों के प्रभारियों को लाइन हाजिर करते हुये दस थाना प्रभारियों के स्थानान्तरण किये गये।पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने थाने क्षेत्रों में अपराधों पर नियन्त्रण न पाने को लेकर पूरनपुर कोतवाली प्रभारी राजीव कुमार शर्मा थाना माधौटांडा प्रभारी अचल कुमार थाना घुंघचिहाई प्रभारी विशेष कुमार एवं थाना प्रभारी करेली रणजीत सिंह को लाइन में भेजते हुये पीलीभीत कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार त्यागी को प्रभारी निरीक्षक पूरनपुर थानाध्यक्ष गजरौला, राजीव कुमार सिंह को पीलीभीत कोतवाली मृदुल कांत शुक्ला को थाना प्रभारी माधोटांडा दीपक कुमार को थाना प्रभारी घुंघचिहाई जगदीश मलिक को थाना प्रभारी गजरौला सिद्धार्थ कुमार को थानाध्यक्ष करेली पर तैनाती की गयी है। अपराधों की रोकथाम में असफल रहे कोतवाली पूरनपुर माधोटांडा घुंघचिहाई एवं करेली के प्रभारियों को लाइन भेजा गया।

# स्टांप वेंडरों ने रजिस्ट्रार को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**शाहगंज।** स्टांप वेंडरों ने रजिस्टार सुनील सिंह को कोषागार में डंप पडे 10 हजार से 25 हजार मूल्य के डंप फिजिकल स्टांप को निर्गत करवाने को लेकर सौपा ज्ञापन। सोमवार को तहसील परिसर में तैनात स्टांप वेंडर चंद्रेश कुमार अपने अन्य वेंडर साथियों के साथ रजिस्टार कार्यालय में पहुंचकर सब रजिस्टार को ज्ञापन सौपा ज्ञापन के माध्यम से रजिस्टार को अवगत कराया कि प्रदेश के नोडल डिपो एवं समस्त कोषागार में लगभग तीन हजार करोड़ मुल्य के फिजिकल स्टांप 10 हजार से 25 हजार डंप है। एसोसिएशन के संज्ञान में आया है कि उक्त डंप फिजिकल स्टांप पेपर को जलाकर नष्ट करने की कार्य योजना विभाग स्तर पर प्रस्तावित है। उक्त डंप स्टांप पेपर को विक्रय करने के लिए स्टांप वेंडर इच्छुक है। प्रदेश का स्टांप वेंडर उत्तर प्रदेश सरकार की लोक कल्याण कारी सरकार का राजस्व बढाने हेतु कृत संकल्पित है।

इस मौके पर प्यारे लाल, राजेश कुमार, संतोष कुमार, रत्नेश्वर प्रसाद, जितेन्द्र कुमार, मंगरु प्रसाद समेत समस्त स्टांप वेंडर उपस्थित रहे।

# नौनिहालों का सर्वांगीण विकास ही ध्येय: डॉ. गोरखनाथ पटेल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



शाहगंज स्थित न्यू देलही पब्लिक स्कूल में प्रधानाध्यापक , विद्यालय प्रबंध समिति एवं ग्राम प्रधानों की उन्मुखीकरण संगोष्ठी संपन्न हुई। संगोष्ठी में विद्यालयके कायाकल्प, बालिका शिक्षा, विद्यालय में उपस्थित एवं निपुण भारत योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुयी, उच्च प्राथमिक विद्यालय गुरैनी की बच्चियों ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया।।मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल रहे। खंड शिक्षा अधिकारी बसंत कुमार शुक्ल ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बतौर मुख्य अतिथि संगोष्ठी सम्बोधित करते हुए डा0गोरखनाथ पटेल ने कहा कि नौनिहालों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय परिवेश को समृद्ध बनाना है। जिसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने शाहगंज में गुणवत्ता हेतु किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की एवं निरंतर जारी रखने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भी बेहतर परिणाम हेतु सहयोग के लिए आगे आने का आह्वान किया। अध्यक्षता, प्रबन्धक अजफर मिर्जा बेग द्वारा की गयी। कार्यालय सहायक विन्ध्यवासिनी उपाध्याय भी उपस्थित रहे। सभी ए आर पी द्वारा निर्धारित विषय पर प्रकाश डाला गया। क्वीजपरीक्षा में अच्छा अंक प्राप्त एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा पारितोषिक प्रदान किया गया। खंड शिक्षा शिक्षा द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। संगोष्ठी में सभी ए आर पी, प्रशांत मिश्र, धर्मेन्द्र सिंह सुजीत सोनकर अखिलेश यादव,ग्राम प्रधान, प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष , प्रधानाध्यापक सुधाकर सिंह, अखिलेश चंद्र मिश्र अशोक सोनकर अरविंद प्रकाश सिंह ओम प्रकाश यादव रूपेश , राधेश्याम मिश्र रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुने आरपी प्रशांत मिश्र ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी के कुशल नेतृत्व में शाहगंज ब्लॉक शीघ्र निपुण बनेगा।

# स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का विकास होता है: रमेश सिंह

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

- निशुल्क मेगा स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर में 452 मरीज हुए लभान्वित

खेतासराय थाना क्षेत्र के मिर्जा अनवर बेग चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित मंगलवार की सुबह एक स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन अब्दुल अज़ीज़ अंसारी पी.जी. कॉलेज के बरलास हाल में किया गया। जिसका उद्घाटन शाहगंज पुरुष चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रफीक फारुकी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शाहगंज रमेश ने दीप प्रज्वलित कर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत के भविष्य का निर्माण कक्षाओं में होता है शिक्षा के साथ व्यवहारिक शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि बिना शिक्षा के सभ्य समाज की कल्पना सम्भव नहीं है शिक्षा के साथ स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए क्योंकि स्वस्थ्य शरीर मे स्वस्थ्य मस्तिस्क का विकास होता है। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों का बैज लगाकर पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। शिविर में पीएचसी सोंधी के डाक्टर सुधाकर चौहान, डा. स्मृति यादव, डा. जेपी डूबे, डा. मौलश्री, डा.



सहला शेख, डा. हीरालाल, डा. सुनील दुबे व डा. अलाउद्दीन आदि डाक्टरों की टीम ने कैम्प में आएं हुए मरीजों का उपचार कर दवाएं वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता मो. अतहर ने किया अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रबंधक कहकशा खान ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव मिर्ज़ा अज़फर बेग, डा. सलीम खान, आमिर सिद्दीकी, डा. शादाब आलम, डा. तासनीमा बानो, प्रभात पाठक, रजिउद्दीन आदि लोग उपस्थित रहे, कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डा.एनपी उपाध्याय ने अगतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

# मुख्यमंत्री का फोटो फेसबुक पर अपलोड कर लोगों से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो व्यक्ति राजन तिवारी पुत्र मोतीलाल व संतोष पांडेय पुत्र बसंत लाल पांडेय व अन्य अज्ञात के खिलाफ रंगदारी मागने का रामपुर थाने में हुआ एफआईआर दर्ज रामपुर थाना क्षेत्र के मालपुर निवासी श्यामधर मिश्र पूर्व प्रधान ने थाने पर लिखित शिकायत किए की टाटा सफारी गाड़ी विधायक पासिंग लोगो सहित हूटर बजाते हुए राजन तिवारी व संतोष पांडेय व पाच छः की संख्या में आए और दो लाख रुपए रंगदारी मांगे व जान से मारने की धमकी व भद्दी भद्दी गाली देते हुए चले गए राजन तिवारी के खिलाफ और कई थानों पर भी मुकदमा इनके नाम से पंजीकृत है लोगों से रंगदारी मांगना सरकारी नौकरी दिलाना विवादित जमीन पे कब्जा कराना आदि जैसी मामलों में कई जिलों में मुकदमा पंजीकृत है और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से शिष्टाचार भेट कर फेसबुक पर फोटो वायरल कर लोगों से रंगदारी मांग रहा है लोग परेशान होकर रामपुर थाने में दिए प्रार्थनापत्र प्रार्थनापत्र को संज्ञान में लेते हुए थानाध्यक्ष रामपुर मनोज कुमार पांडेय ने संगीन धाराओं में एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्यवाही का दिया भरोसा।

# कृषि रक्षाधिकारी की छापामार कार्रवाई से कीटनाशक विक्रेता दुकान छोड़कर भागे

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**



उप निदेशक कृषि प्रमोद सिरोही, जिन्होंने आज ही जिला कृषि रक्षाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार लिया है, कई जगह छापामारी कर भगदड़ मचा दी। कई कीटनाशक विक्रेता तो दुकान बंदकर भाग निकले। उप निदेशक कार्यालय की एक सूचना के मुताबिक कीटनाशी बिक्रेताओं के अनेक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण में कई कमियाँ पायी गयी। मेसर्स न्यू जनता कृषि सेवा केन्द्र ठठिया के लाइसेंस पर मात्र दो कम्पनियों की अथार्टी अंकित थी जबकि अन्य और भी कम्पनी के रसायन पाये गये, गुणवत्ता की जाँच हेतु वासप इण्डिया लिमिटेड कम्पनी का नमूना लिया गया जिसे जॉच हेतु प्रयोगशाला भेजा जायेगा। मेसर्स-न्यू सुपर किसान बीज भण्डार ठठिया के प्रोपराटरों लाइसेंस व अन्य अभिलेख नहीं दिखा पाये जिससे लिए उन्हें कारण वताओं नोटिस जारी कर लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही की जायेगी। मेसर्स ओम सॉई बीज भण्डार ठठिया के प्रोपराटर भी लाइसेंस नही दिखा पाये जिससे लिए उन्हें कारण वताओं नोटिस जारी कर लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही की जायेगी। अन्य कुछ दुकानदार प्रतिष्ठान बन्द करके भाग गये जिन्हे अगले निरीक्षण में कार्यवाही की जायेगी। उल्लेखनीय है कि बीते शनिवार को ही कृषि रक्षा अधिकारी अविशांक सिंह चौहान से उनका प्रभार छीनकर जिलाधिकारी ने उप निदेशक को कृषि रक्षाधिकारी का प्रभार सौंपने के आदेश दिए थे। पहले कार्यदिवस में ही उपनिदेशक ने ताबड़तोड़ छापामारी कर जिले में सनसनी फैला दी।

# महिला आयोग की सदस्य ने केक काटकर मनाया 15 बच्चियों का जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**



बेटी इस धरती का अब बोझ नही। नसीब वालों के घर में बेटियां जन्म लेती है। जन्मी कन्याओं की माताओं को हार्दिक बधाई। सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग पुष्पा पांडेय की उपस्थिति में बेटी बचाओ-'बेटी पढ़ाओं के अन्तर्गत सखी वन स्टाफ सेंटर कन्नौज में कन्या जन्मोत्सव तथा दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सदस्य ने कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत केक काटकर 15 बच्चियों का जन्म दिवस मनाते हुए उनको उपहार स्वरूप किट प्रदान की तथा गोद भराई में दो गर्भवती महिलाओं को फल तथा एक बच्ची को खीर खिलाकर अनप्राशन कराया। इस अवसर उन्होनें बालिकाओं के स्वस्थ्य रहने के प्रति उनकी माताओ को जागरूक रहने, नियमानुसार टीकाकरण कराने के अपील भी की तथा उन्होनें कहा कि बालिकाओं को सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाये।

सदस्य ने जिला जेल अनौगी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक में 21 महिलाएं तथा एक छह माह का बच्चा पाया गया। सभी महिलाओं से कौशल विकास के संबंध में तथा समस्याओं के संबंध में पूछा गया। पुरुषो द्वारा कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जगमग झालर व झोला के निर्माण के संबंध में जानकारी दी गई तथा कैदियों का उत्साह वर्धन भी किया गया

इस अवसर पर जेल अधीक्षक मो0 अकरम खॉ, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल राम बहाल दुबे, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कुमार, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार के साथ सभी प्रशासनिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोटावेटर में फंसकर एक की मौत

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**

जिले के एक गांव में खेत की जुताई के वक्त ट्रैक्टर पर बैठा किशोर पांव फिसलने से रोटावेटर में फंस गया। जब तक कोई कुछ समझ पाता, तब तक उसके शरीर के अधिकांश हिस्से की हड्डियां टूट गईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया।

घटना ठठिया थाना क्षेत्र के पैथाना गांव की है। यहां के रहने वाले बबलू खान का 17 वर्षीय बेटा रुस्तम अली मंगलवार सुबह अपने खेत में धान की फसल काटने गया था। जहां पड़ोसी मोइन खान का खेत है और उसमें ट्रैक्टर से जुताई का काम किया जा रहा था। ऐसे में रुस्तम अली फसल की कटाई कर के थक गया तो वह पड़ोसी के खेत मे जाकर ट्रैक्टर पर बैठ गया। थोड़ी देर रुकने के बाद वह अपने खेत मे जाने के लिए चलते हुए ट्रैक्टर से उतरने लगा, तभी उसका पैर रोटावेटर में फंस गया। पलक झपकते ही उसका पूरा शरीर रोटावेटर में फंसकर घूम गया। इससे उसके शरीर की अधिकांश हड्डियां टूट गईं।

ट्रैक्टर रोक कर रुस्तम अली के शरीर को रोटावेटर से बाहर निकाला गया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही ठठिया थाना पुलिस गांव पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की पड़ताल में जुट गई। ग्रामीणों ने बताया कि खेत की जुताई के वक्त रुस्तम मोइन खान के खेत में पहुंच गया और वह ट्रैक्टर चलाना सीखना चाहता था, लेकिन तब तक ये हादसा हो गया।

### 3 बहनों के बीच अकेला भाई था रुस्तम

पैथाना गांव के रहने वाले बबलू खान के 4 बच्चे हैं। जिसमें 3 बेटियां और 1 बेटा रुस्तम था। बबलू कानपुर में रहकर कपिला पशु आहार की फैक्ट्री में काम करते हैं। जबकि उनका बेटा रुस्तम अपनी मां चांद बीबी और 12 वर्षीय छोटी बहन आफरीन के साथ गांव में रहता था। बबलू की 2 बेटियां मुस्कान और सना दिल्ली में रहकर प्राइवेट जॉब करती हैं। इकलौते बेटे की मौत से घर में कोहराम मच गया।

# तीन दिन से लिवर, किडनी की जांच बंद, दो दिन और रहेगी

- जिला अस्पताल में रोजाना औसतन 400 मरीज पेट संबंधित बीमारियों से पीड़ित रहते हैं

**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

जिला अस्पताल में लिवर और किडनी की जांच तीन दिन से बंद है। गुरुवार को रिजेंट आने की संभावना के चलते दो दिन और जांचें नहीं हो सकेंगी। सोमवार को 32 मरीज बिना जांच कराए मायूस होकर लौटना गए। जिला अस्पताल में रोजाना औसतन 400 मरीज पेट संबंधित बीमारियों से पीड़ित रहते हैं। ऐसे मरीजों को डॉक्टर केएफटी (किडनी फंक्शन टेस्ट ) और एलएफटी (लीवर फंक्शन टेस्ट ) की जांच लिखते हैं। लेकिन पैथोलॉजी में लिवर-किडनी जांच के लिए रिजेंट नहीं है। इससे जांच नहीं हो पा रही हैं। मरीजों को तीन दिन से लगातार वापस किया जा रहा है। सोमवार को भी डॉक्टर को दिखाने के बाद जांच के लिए सैंपल देने 32 मरीज पैथोलॉजी पहुंचे, लेकिन उनका सैंपल नहीं लिया गया। स्वास्थ्य कर्मियों ने उन्हें दो दिन बाद गुरुवार को आने के लिए कहा। इससे मरीजों को मायूस होकर लौटना पड़ा। वहीं, गंभीर मरीजों ने मजबूरी में रुपये खर्च कर निजी पैथोलॉजी में जांच कराई।

# जिला कारागार के बंदियों की जगमग झालर से जगमगाएगा कन्नौज: डीएम

- यह प्रशिक्षण बंदियों को अधेरें से प्रकाश की ओर ले जायेंगा: शुभ्रांत

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**



जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल नें जिला कारागार अनौगी में कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत संचालित कौशल प्रशिक्षण केन्द्र में निरूद्ध बंदियों द्वारा बनाई गई जगमग झालर, बल्व, फोटो फेम पर गणेश लक्ष्मी व विभिन्न प्रकार के फोटो लगाकर एल0ई0डी0 लाइटे व विभिन्न रंगों के कपड़े के तैयार किये गये कैरी बैग का अवलोकन किया और भूरि-भूरि प्रसंशा की। जिलाधिकारी ने जगमग झालर, थैला व बल्व आदि वस्तु बना रहे बंदियों को दो-दो टी-शर्ट व मिष्ठान वितरण किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि हम आपको जेल में सकारात्मक माहौल दे रहें है। जेल में बंदियों द्वारा एलईडी बल्ब के साथ ही विद्युत झालर व कैरी बैग भी बनाये जा रहें है। बंदियों को इनको कौशल का ज्ञान दिया जा रहा है। सोचने का नजरिया बदलने की आवश्यकता है। 18 से 30 वर्ष तक की आयु में बहुत कुछ सीखकर आगे बढ़ सकते है। आपका कौशल ऐसा हो जो भविष्य में आपके जीवन में रोल मॉडल बनेंगा। इस प्रकार का प्रशिक्षण बंदियों को अधेरें से प्रकाश की ओर ले जायेंगा। कहा कि बंदियों में प्रभावकारी परिवर्तन एंव उनके बहुमुखी कल्याण तथा जीवन में उन्नति लाने के उद्देश्य से उनको यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसका परिणाम आज अच्छा मिल रहा है। आज हमारें बंदी अधिक संख्या मं झालर,झोला व बल्व आदि वस्तुएं बना रहें है। जो बाजार में बिक्री के लिए भेजा जा रहा है। उन्होने कहा कि इसका अधिक से अधिक उत्पाद कर आगामी त्यौहारों में अधिक से अधिक बिक्री की जाये। आज आप लोग 100 झालर प्रतिदिन बना रहें है हम आशा करते है आने वाले समय में इससे अधिक झालरों का उत्पाद करेगें। कारागार प्रशासन भी इस कार्य में पूर्ण सहयोग कर रहा है। कहा कि यदि आप लोगों में इसके अलावा और कोई भी स्कील है हम उसको भी प्रशिक्षण आपको निशुल्क देगें। आप लोग इस प्रकार के कार्यो में रूचि रखें और अपना भविष्य बेहतर बनायें। कहा कि आगामी त्यौहारों के दृष्गित बंदियों के द्वारा 960 जगमग झालर, 1365 सादा झोला तथा 571 चेन झोला बनाया गया है।

कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षाध्यापक मनोज कुमार कटियार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जेल अधीक्षक मो0 अकरम खॉ, जिला पंचायत राज अधिकारी, एलडीएम, खण्ड विकास अधिकारी जलालाबाद, कारापाल विजय कुमार शुक्ला, उपकारापाल रामबहाल दुवे, उपकारापाल उर्मिला सिंह, उपकारापाल आशादेवी पाण्डेय, चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कुमार, प्रभारी मुख्य कार्यालय श्री पंकज कुमार उपस्थित रहे।

# आलू की फसल के लिए डी0ए0पी0 के स्थान पर सुपर का प्रयोग लाभदायक

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**

जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार सिंह ने बताया है कि वर्तमान में जनपद में लगभग 43-45 प्रतिशत क्षेत्रफल में आलू की गडाई हो चुकी है। कृषक भाईयों से अनुरोध है कि उर्वरकों का संतुलित मात्रा में ही उपयोग करें, जिससे आलू की फसल को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त हो सके तथा उर्वरकों के असंतुलित मात्रा में प्रयोग से होने वाले मृदा, वायु एवं जल प्रदूषण के साथ लागत को भी कम किया जा सके। आज दिनांक 22.10.2024 को जनपद के खुदरा बिक्रेताओ के पास 2077.76 मी0टन डी0ए0पी0, 8642.24 मी0टन एन0पी0के0, 6787.12 मी0टन एस0एस0पी0 20105.41 मी0टन यूरिया और 3063.43 मी0टन एम0ओ0पी0 की उपलब्धता है। जनपद में लगभग 254 निजी एवं सहकारी उर्वरक बिकी केन्द्रों पर डी0ए0पी0 एवं 481 केन्द्रों पर एन0पी0के0, एस0एस0पी0 एवं एम0ओ0पी0 उपलब्ध है। किसान भाई अपने नजदीकी साधन सहकारी समिति एवं निजी उर्वरक बिक्री केन्द्र से आवश्यकतानुसार उर्वरकों का क्रय कर सकते है। जनपद में 1 अक्टूबर से अब तक 4642.93 मी0टन डी0ए0पी0, 11830.86 मी0टन एन0पी0के0 3891.70 मी0टन एस0एस0पी0 का वितरण हुआ है, तथा दिनांक 21.10.2024 को 209 मी0टन डी0ए0पी0 एवं 545.17 मी0टन एन0पी0के0 का वितरण कृषकों को किया गया। कृषक भाइयों को सलाह दी जाती है कि आलू की फसल में डी0ए0पी0 के स्थान पर एन0पी0के0, एन0पी0एस0 एवं एस0एस0पी0 (सुपर) का प्रयोग करना चाहिए। एन0पी0के0 में नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश तीनों पोषक तत्व पाये जाते है। कृषक भाई 03 बोरी सिंगल सुपर फास्फेट (सुपर) एवं लगभग 20 किग्रा यूरिया मिला का प्रयोग करें जो कि एक बोरी डी0ए0पी0 के बराबर हो जाती है। सुपर के प्रयोग से मिट्टी की दशा में सुधार होता है तथा उपज में भी सुधार होता है। कृषक फसलों में उर्वरक का प्रयोग संतुलित मात्रा में करें और अपनी जोत और फसल की आवश्यकतानुसार ही उर्वरक का कय करें। यदि किसी भी किसान भाई को कोई भी समस्या हो तो जिला कृषि अधिकारी, कन्नौज के कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नं0 8272893015 एवं 933567380 पर या लिखित रूप में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। जनपद के समस्त सहकारी एवं निजी क्षेत्र के उर्वरक विकेताओं को निर्देशित किया जाता है, कि कृषकों को उनकी जोत एवं फसल की संस्तुति के आधार पर ही उर्वरक का वितरण करे। यदि उर्वरक का भण्डारण एवं वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता पायी जायेगी, तो सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक (कार्यनिक, अकार्बनिक या मिश्रित) (नियंत्रण), आदेश 1985 व उर्वरक (संचलन), आदेश-1973 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के तहत कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# डस्ट से बन रही पुलिया, ईंट में भी मानकों की अनदेखी

**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

**सोनिक।** पुरवा ब्रांच की शारदा नहर में शहजादपुर हेड पर निर्माणाधीन पुलिया में मानकों की अनदेखी की जा रही है। पुलिया निर्माण में डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। ईंटें भी मानक विहीन हैं। निर्माण की निगरानी करने वाले अवर अभियंता को पुलिया की लागत तक नहीं मालूम है। उन्नाव खंड शारदा नहर कार्यालय द्वारा पुरवा ब्रांच की शारदा नहर में शहजादपुर हेड पर पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। वैसे शासनादेश के अनुसार, निर्माण में मौरंग का प्रयोग होना चाहिए लेकिन मौके पर मौरंग का नामोनिशान नहीं है। पूरी जुड़ाई डस्ट से की जा रही है। इसके अलावा पुलिया निर्माण में जो ईंट का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी दोयम दर्जे की हैं। जबकि अव्वल ईंट का प्रयोग होना चाहिए। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से ठेकेदार डस्ट से काम करा रहा है। अवर अभियंता को खुद की निगरानी में पुलिया निर्माण कराना चाहिए लेकिन वह मौके पर जाने की जहमत नहीं उठाते हैं। इसी कारण ठेकेदार निर्माण कार्य में अंधेरगर्दी कर रहा है। जेई की कार्यप्रणाली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्हें पुलिया निर्माण की लागत तक नहीं मालूम है।

### बजट की जानकारी नहीं

अवर अभियंता मो. अरशद का कहना है कि शहजादपुर हेड की पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है। बजट की जानकारी नहीं है। जेई ने यह माना कि मौरंग और अव्वल ईंट से निर्माण होना चाहिए। यदि डस्ट का प्रयोग हो रहा है तो यह गलत है। इसकी जानकारी नहीं है। दिखवाया जाएगा।

# भाई मेरे हिस्से की भी जमीन ले लेता, पर पिता की जान न लेता

**जन एक्सप्रेस | उन्नाव**

92 साल के वृद्ध पिता की हत्या से बेहाल बेटे अपने सबसे छोटे भाई की करतूत पर मानों अभी भी विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। बड़े बेटे सुनील ने बताया कि छोटा भाई एक टुकड़ा जमीन के लिए पिता की जान ले लेगा इसका कतई अंदाजा नहीं था। 92 साल के पिता की उम्र बची ही कितनी थी, जो जान ले ली। इतना ही था तो भाई मेरे हिस्से की भी जमीन ले लेता। अजगैन कोतवाली के भांड़ी गांव निवासी शिवनारायण दीक्षित (92) की सबसे छोटे बेटे संदीप ने आठ बिस्वा जमीन के लिए रविवार सुबह सिर पर वार करने के बाद गला घोटकर हत्या कर दी थी। पिता की जान लेने के बाद उसने अपने बड़े भाई सुनील को इस हत्या में फंसाने का प्रयास किया था, लेकिन जांच में संदीप की पैंट में खून लगा मिलने और भागने की तैयारी पहले से कर लेने की पुष्टि होने पर उसे गिरफ्तार किया गया था। बड़े भाई सुनील ने उस पर पिता की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार को पुलिस ने हत्यारोपी बेटे को जेल भेजा है। शव का दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद मिश्रा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया था। बुजुर्ग पिता की हत्या की घटना से पूरा परिवार गमगीन है। सुनील ने बताया कि हत्यारोपी भाई अब अपने किये की माफी मांग रहा है। लेकिन उस पर विश्वास नहीं है, वह परिवार के किसी भी सदस्य को नुकसान पहुंचा सकता है। सुनील के बेटे (मृतक के पौत्र) दीपक ने बताया कि शनिवार को हत्यारोपी चाचा संदीप नवाबगंज कस्बे में फटेहाल मिले थे। उन्हें नए कपड़े दिलवाए थे लेकिन पता नहीं था कि वह बाबा की जान ले लेंगे और फिर मेरे ही पिता को फंसाने का प्रयास करेंगे। कोतवाल अवनीश सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है। शव का अंतिम संस्कार शुक्लागंज में किया गया।

# ककवन के गुलरहा में मुआवजे की मांग कर रहे परिजनों ने शव रोड पर रखकर लगाया जाम

- लगभग 3 घंटे से अधिक लग रहा जाम, बाइक की टक्कर से हुई थी महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो**

कानपुर में बिल्हौर क्षेत्र के गुलराह गांव में सोमवार को बाइक की टक्कर से महिला की हुई मौत के मामले में मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लेकर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग करते हुए शव रोड पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

ककवन थाना क्षेत्र के गुलरहा गांव निवासी राजेश कुमार की 30 वर्षीय पत्नी संध्या सोमवार को अपनी 6 वर्षीय बेटी सौम्या और 5 वर्षीय बेटी पारुल के साथ गांव में ही रहने वाले अपने चाचा के घर घूमने के लिए गई थी। वहां से अपने घर वापस लौटते समय रास्ते में सामने से आ रही एक बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में मां बेटी तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। घटना देख मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आनन-फानन में सभी घायलों को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भिजवाया था। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद संध्या को मृत घोषित कर दिया था और और घायल दोनों बेटियों को उपचार के बाद घर भेज दिया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार को शव को गांव लेकर पहुंचे परिजनों ने पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग करते हुए गांव के बाहर ककवन कुरेह मार्ग पर शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों की मौजूदगी में रोड पर दोनो तरफ जाम लग गया। मौके पर पहुंची ककवन थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों को समझाया कानूगो कीर्तकांत श्रीवास्तव व लेखपाल ने ग्रामीणों को समझाया वहीं पर एसडीएम रश्मि लंबा से फोन पर भी बात कराई गई है ग्रामीणों ने 24 घंटे बिकने वाली शराब पर रोक लगाने के लिए आग्रह किया। तहसीलदार तिमराज सिंह ने बताया कि जब तक मैं पहुंचा तब तक जाम खुल गया था अधिकारी ने आगे बताया कि 75 साल से उम्र कम है महिला की और राजस्व अभिलेखों में उनका नाम दर्ज है तो सरकारी सहायता मिलेगी इसकी जांच रिपोर्ट लेखपाल व कानूनगो द्वारा शाम तक मिल जाएगी।

### बिल्हौर के बीबीपुर न्यायपंचायत की खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को पुरस्कार मिले

**जन एक्सप्रेस/बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर विकासखंड के बीबीपुर न्याय पंचायत के 18 विद्यालयों के बच्चों ने खेलकूद में भाग लिया कार्यक्रमउच्च प्राथमिक विद्यालय बीबीपुर में संकुल शिक्षक अवनीश कटियार , योगेन्द्र बहादुर, आशा कटियार , मुक्ति त्रिवेदी , पुष्पेन्द्र कटियार, सलीम, कुशल नेतृत्व में हुआ। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाध्यापिका व मुख्य अतिथियों के द्वारा सरस्वती वन्दना सम्पन्न हुई तत्पश्चात् खेल संयोजक द्वारा हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिता प्रारम्भ की गई। न्यायपंचायत के सभी विद्यालयों से बच्चों ने प्रत्येक खेल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मेजबान विद्यालय की उत्तम व्यवस्था की सभी ने प्रशंसा की। सभी विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए निर्णायक मंडल ने ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता हेतु और तैयारी करने के लिए प्रेरित करते हुए आशीर्वाद दिया। खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने बताया ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे बड़ी ही मेहनत से खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेते हैं और सफल होते हैं हम जिला स्तर तक सफल रहे और राज्य स्तर में भी हमारी टीमें पहुंची हैं कार्यक्रम में बीबीपुर न्याय पंचायत के सभी स्कूलों के शिक्षकों और बच्चे बधाई के पात्र हैं।

# वन विभाग की पौधशाला में निकला अजगर

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**



वन विभाग की पौधशाला में विशालकाय अजगर निकल आया, जिसे वहां मौजूद कर्मियों ने पकड़ लिया। ये अजगर पौधशाला के ऑफिस के बाहर पड़े टीनशेड में दिखाई दिया, जोकि कबूतर के घोंसले में बच्चों का शिकार करने की फिराक में था। विशालकाय अजगर को देखने के लिए भीड़ लग गई।

गंगा रोड से रिजगिर गांव की ओर जाने वाले रोड पर मड़हारपुर के पास वन विभाग की नर्सरी है। यहां परिसर में ही रेंज ऑफिस बना हुआ है। ऑफिस के बाहर टीनशेड लगा है, जिसके पोल में विशालकाय अजगर लिपटा हुआ नजर आया। इस अजगर को देखकर वहां भीड़ लग गई। बन कर्मियों ने पोल के सहारे सीढ़ी लगाकर किसी तरह अजगर को जमीन पर गिराया और फिर उसे पकड़ लिया। बताया गया कि टीनशेड के नीचे पोल के सहारे कबूतरों ने घोंसला बनाया हुआ है। जिसमें उनके अंडे और बच्चे रखे हैं। इन्हीं अंडों और बच्चों को निवाला बनाने के लिए अजगर लोहे के पोल के सहारे घोंसले की तरफ जा रहा था, लेकिन शिकार करने से पहले वन कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। अजगर को डजेर शाम दूर ले जाकर जंगल मे छोड़ दिया गया।

# जिले के सर्वाधिक चर्चित काण्ड की पीड़िता को भूल ही गया महिला आयोग

- सदस्य पुष्पा पांडेय आयी, दो दिन रुकीं, बैठक की, निर्देश भी दिए, पर शिकायत करने कोई पीड़िता आयी ही नही

**जन एक्सप्रेस | कन्नौज**



महिलाओं को सजग करते हुये महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर रोक लगायी जाये। महिलाओं को शिक्षित एवं जागरूक करना अति आवश्यक है। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना हमारी जिम्मेदारी है। महिलाओं को सजग करना भी हमारा कर्तव्य भी है। जिले के दो दिवसीय भ्रमण पर आई उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय ने आज यह बात कही। वे कल शाम जिले में पहुंची और पूर्व सांसद सुब्रत पाठक समेत कई भाजपा नेताओं से मिलीं। आज प्रातः उन्होंने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और सहायक कलेक्टर स्मृति मिश्रा से कलेक्ट्रेट जाकर शिष्टाचार भेंट भी की। बहु प्रचारित विकास भवन के हर्षवर्धन सभागार में आहूत एक बैठक के बाद उन्हें वही पीड़ित महिलाओं की जन सुनवाई कर उनकी समस्याओं का निदान भी कराना था अब इसे योगी सरकार का रामराज्य कहें या सरकार के प्रति अविश्वास कि इस जनता दर्शन में अफसर तो पहुंचे किन्तु एक भी पीड़ित महिला नही आई। यहां तक कि नगर का बहुचर्चित नवाब प्रकरण भी इस बैठक में नही उठा। सदस्य ने यह जानने का प्रयास भी नही किया कि पूरे देश मद तूफान खड़ा कर देने वाले इस प्रकरण की पीड़िता किशोरी के क्या हुआ?

### बहरहाल रटे रटाये अंदाज़ में श्रीमती पांडेय ने

समीक्षा बैठक में कहा कि जनपद में बाल ग्रह, बालिका ग्रह बनाने हेतु शासन से वार्ता की जाये। उन्होनें निर्देशित करते हुये कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सभी पात्र महिलाओं के राशन कार्ड, शौचालय, आवास, मुहैया कराये जाये। उन्होनें कहा कि महिलाओं पर हो रहे अपराधों को रोकने के लिये हर संभव सजग रहना होगा। इस संबंध में ग्रामीण व शहरी स्तर पर ग्रामों में समन्वय बैठक की आवश्यकता है, जिसमें महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में जागरूक किया जाये। उन्होनें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत पात्र बालिकाओं के आवेदन पत्र भरवानें के संबंध में भी जानकारी कर निर्देश दिये कि कोई भी पात्र बालिका उक्त लाभकारी योजना से वंचित न रहे। उन्होनें क्षेत्राधिकारी सदर कन्नौज से महिला उत्पीड़न की शिकायतों के संबंध में पूर्ण जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि पीड़ित महिलाओ की एफआईआर लिखने में किसी भी दशा में विलम्ब न किया जाये और न ही दोषी के प्रति लापरवाही बरती जाये बल्कि दोषी के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ,क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी/प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुपम राय, महिला थानाध्यक्ष, आदि उपस्थित रहे।

